मंगलवार, 9 सितम्बर 2025

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 27 – 34 |
| आर्द्रता | 85% |
| सूर्योदय: 5:21 | सूर्यास्त: 17:45 |

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, आश्विन कृष्णपक्ष द्वितीया, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : सच्चे शिक्षक वे हैं जो हमें अपने लिए सोचने में मदद करते हैं।



ऑपरेशन राहत: बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत और पुनर्वास प्रयासों में जुटी सेना पृष्ठ 7







# आज देश को मिलेगा नया उपराष्ट्रपति

## बीजेडी और बीआरएस का बड़ा ऐलान, वोटिंग से दूर रहने का लिया फैसला




सीपी राधाकृष्णन                बी सुदर्शन रेड्डी

**नई दिल्ली :** उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव की तैयारी पूरी हो गई है। आज वोटिंग और मतगणना होगी। भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन और इंडिया ब्लॉक के उम्मीदवार न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) बी सुदर्शन रेड्डी के बीच सीधा मुकाबला है। इस चुनाव में कुल 782 सांसद (लोकसभा और राज्यसभा सदस्य) वोट डालने के पात्र हैं। वे दोनों उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे।

संविधान के अनुच्छेद 66 (1) के अनुसार, भारत के उपराष्ट्रपति का चुनाव एक निर्वाचक मंडल द्वारा किया जाता है। देश के दूसरे सबसे बड़े पद के लिए मतदान आज संसद भवन में सुबह 10 बजे शुरू होगा और शाम पांच बजे तक चलेगा। भारतीय निर्वाचन आयोग (ईसीआई) को अनुच्छेद 324 के तहत उपराष्ट्रपति के पद के लिए चुनाव कराने का अधिकार दिया गया है।

### राधाकृष्णन की जीत लगभग सुनिश्चित

वोटिंग के लिए सांसदों को पक्ष-विपक्ष के दोनों उम्मीदवारों के नाम वाले मतपत्र दिए जाएंगे, जिन पर उन्हें अपनी पसंद के उम्मीदवार के नाम के सामने 'एक' लिखकर अपनी पसंद बतानी होगी। प्रक्रिया के अनुरूप वोटिंग नहीं करने वाले सांसदों का वोट रद हो जाएगा। निर्वाचक मंडल के मौजूदा आंकड़ों के हिसाब से लोकसभा में राजग के 293 तथा राज्यसभा में 129 सदस्य हैं यानी कुल 422 सांसद।

इन आंकड़ों के दम पर राजग उम्मीदवार राधाकृष्णन की जीत सुनिश्चित है। राजग को जगन मोहन रेड्डी की पार्टी वाईएसआर कांग्रेस के 11 सांसदों का वोट जोड़ने पर यह आंकड़ा 433 पहुंच जाता है। तेलंगाना-आंध्र प्रदेश पृष्ठभूमि के सुदर्शन रेड्डी के उम्मीदवार बनने के बाद भी जगन ने राजग को समर्थन का एलान किया था। उधर, आइएनडीआइए के पास लोकसभा में 232 तथा राज्यसभा में 92 सदस्य यानी कुल 324 सांसदों का आंकड़ा है।

## 'आधार मतदाता सूची के लिए वैध पहचान पत्र, पर नागरिकता के लिए नहीं', सुप्रीम कोर्ट ने किया साफ

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को निर्देश दिया कि बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में मतदाताओं के पहचान प्रमाण के रूप में 'आधार' कार्ड को ''अवश्य'' शामिल किया जाए तथा निर्वाचन आयोग को नौ सितंबर तक इस निर्देश को लागू करने को कहा। एसआईआर प्रक्रिया में 11 निर्धारित दस्तावेजों की सूची में आधार कार्ड को भी जोड़ते हुए न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने स्पष्ट किया कि 'आधार' नागरिकता का प्रमाण नहीं होगा। बहुचर्चित मुद्दे पर अपने आदेश में न्यायालय ने कहा कि निर्वाचन आयोग मतदाता सूची में नाम शामिल करने के लिए मतदाता द्वारा पेश किये गए आधार नंबर की वास्तविकता का पता लगा सकता है। शीर्ष अदालत ने मतदाताओं से आधार कार्ड स्वीकार नहीं करने के लिए निर्वाचन अधिकारियों को जारी किये गए कारण बताओ नोटिस पर भी आयोग से स्पष्टीकरण मांगा। न्यायालय ने कहा, ''हम निर्वाचन आयोग और उसके प्राधिकारियों को निर्देश देते हैं कि वे बिहार की संशोधित मतदाता सूची में नाम शामिल करने या हटाने के लिए पहचान के प्रमाण के रूप में आधार कार्ड को स्वीकार करें। इस उद्देश्य के लिए प्राधिकारियों द्वारा आधार कार्ड को 12वें दस्तावेज के रूप में माना जाएगा।'' पीठ ने कहा, ''हालांकि, यह स्पष्ट किया जाता है कि प्राधिकारी अन्य सूचीबद्ध दस्तावेजों की तरह आधार कार्ड की प्रामाणिकता और वास्तविकता को सत्यापित करने के लिए अतिरिक्त प्रमाण/दस्तावेज मांगेंगे।''

### चुनाव आयोग को आधार कार्ड की वैधता जानने का अधिकार

चुनाव आयोग को बड़ी राहत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि चुनाव आयोग को आधार कार्ड की वैधता जांचने का पूरा अधिकार होगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 'केवल वास्तविक नागरिकों को ही वोट देने की अनुमति होगी, जाली दस्तावेजों के आधार पर असली होने का दावा करने वालों को मतदाता सूची से बाहर रखा जाए।' सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 'कोई भी नहीं चाहता कि चुनाव आयोग अवैध प्रवासियों को मतदाता सूची में शामिल करे।'

## जम्मू कश्मीर के कुलगाम में मुठभेड़ में दो आतंकवादी ढेर, दो जवान शहीदे

**श्रीनगर :** जम्मू कश्मीर के कुलगाम जिले में सोमवार को मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए और दो सैनिक शहीद हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने गुडार वन क्षेत्र में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद तलाश अभियान शुरू किया। उन्होंने बताया कि तलाश अभियान के दौरान आतंकवादियों द्वारा सुरक्षा बलों पर गोलियां चलाए जाने के बाद मुठभेड़ शुरू हो गयी।

## पीएम मोदी 15 सितंबर को कोलकाता में तीन दिवसीय संयुक्त कमांडर सम्मेलन का करेंगे शुभारंभ

- सम्मेलन में राजनाथ सिंह, एनएसए डोभाल, सीडीएस चौहान सहित उच्च अधिकारी होंगे उपस्थित

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 15 सितंबर को कोलकाता में सशस्त्र बलों के तीन-दिवसीय संयुक्त कमांडर सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। एक रक्षा अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि 15 से 17 सितंबर तक आयोजित होने वाले इस सम्मेलन में सुधार, परिवर्तन और अभियानगत तैयारियों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। सम्मेलन का उद्घाटन प्रधानमंत्री मोदी करेंगे। बयान में कहा गया कि सम्मेलन का फोकस संस्थागत सुधारों, गहन एकीकरण और तकनीकी आधुनिकीकरण के प्रति सशस्त्र बलों की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। साथ ही, बहु-क्षेत्रीय अभियानगत तैयारी के उच्च स्तर को बनाए रखना है। सम्मेलन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान और रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह सहित अन्य शामिल होंगे। बता दें कि यह सम्मेलन पिछली बार 2023 में भोपाल में आयोजित किया गया था। बयान में कहा गया कि विचार-विमर्श का उद्देश्य सशस्त्र बलों को और मजबूत करना होगा, जो लगातार जटिल होते भू-रणनीतिक परिदृश्य में चुस्त और निर्णायक हैं। सम्मेलन में समावेशी जुड़ाव की परंपरा को जारी रखते हुए सशस्त्र बलों के विभिन्न रैंकों के अधिकारियों और कर्मियों के साथ संवादात्मक सत्र होंगे। इससे यह सुनिश्चित होगा कि क्षेत्र-स्तरीय दृष्टिकोण उच्चतम स्तर पर चर्चाओं को समृद्ध करें।

## नेपाल सोशल मीडिया प्रतिबंध: युवाओं और पुलिस के बीच झड़प में 20 की मौत, 42 लोग घायल

### नेपाल के गृह मंत्री रमेश लेखक ने इस्तीफा दिया



**काठमांडू :** नेपाल में सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाए जाने के विरोध में राजधानी काठमांडू और कुछ अन्य इलाकों में सोमवार को युवाओं ने हिंसक प्रदर्शन किया, जिसके दौरान कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई, जबकि 300 से अधिक लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। नेपाल के गृह मंत्री रमेश लेखक ने देश में मौजूदा हालात को लेकर अपने पद से इस्तीफा दे दिया। हालात बिगड़ने के बाद नेपाली सेना को राजधानी काठमांडू में तैनात किया गया। सेना के जवानों ने नए बानेश्वोर में संसद परिसर के आसपास के रास्तों पर नियंत्रण कर लिया है। इससे पहले, काठमांडू में 'जेन ज़ी' के बैनर तले स्कूली छात्रों समेत हजारों युवा संसद भवन के सामने इकट्ठा हुए और प्रतिबंध को तुरंत हटाने की मांग करते हुए सरकार विरोधी नारे लगाए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवाओं का प्रदर्शन उस समय हिंसक हो गया जब कुछ प्रदर्शनकारी संसद परिसर में घुस गए, जिसके बाद पुलिस को भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज, आंसू गैस के गोले और रबर की गोलियों का इस्तेमाल करना पड़ा।

## रेत तस्करी मामले में ईडी ने बंगाल में 22 ठिकानों पर मारे ताबड़तोड़ छापे

- झाड़ग्राम में रेत माफिया शेख जहीरुल के घर व कार्यालय की ली गई तलाशी
- ईडी को संदेह, बीमा कंपनियों और व्यापारों में लगाई गई अवैध कमाई

**कोलकाता, समाज्ञा :** ईडी ने रेत माफिया गिरोह में शामिल लोगों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सोमवार को कोलकाता सहित बंगाल के 22 स्थानों पर एक साथ छापे मारे। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि इस सिलसिले में बेहला, रीजेंट पार्क, बिधाननगर और कल्याणी सहित कई इलाकों में छापेमारी की गई है। छापेमारी करने वाले ईडी अधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में केंद्रीय सुरक्षा बलों के जवान भी मौजूद थे। कोलकाता में केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों ने एक खनन कंपनी के दो कार्यालयों में तलाशी ली। ये कार्यालय बेहाला व साल्टलेक सेक्टर 5 में स्थित हैं। अधिकारियों ने छापेमारी के दौरान कई बैंक खाते और अन्य दस्तावेज जब्त किए हैं। कंपनी के कर्मचारियों से भी पूछताछ की गई है। कंपनी के मालिकों के घरों की भी तलाशी ली गई है।

झाड़ग्राम जिले में रेत माफिया गिरोह में बड़ा नाम शेख जहीरुल को निशाना बनाते हुए यह कार्रवाई की गई है। अधिकारियों ने बताया कि ईडी की टीम ने गोपीबल्लवपुर में सुवर्णरेखा नदी के पास उसके एक आलीशान आवास पर तलाशी ली है। जहीरुल के आवास, कार्यालय और वाहनों की तलाशी ली गई है। उसके परिसरों से भारी मात्रा में नकदी भी जब्त की गई है। उस पर अवैध रेत खनन और इस कारोबार में संलिप्तता का आरोप है। कई रेत खदानों का मालिक जहीरुल रेत कारोबार में आने से पहले ग्राम पुलिस अधिकारी के रूप में काम कर चुका है। पहले साइकिल मैकेनिक हुआ करता था। ईडी की टीम झाड़ग्राम जिले के बेलियाबेरिया और जामबनी प्रखंडों में रेत खदान के अन्य मालिकों की संपत्तियों और कार्यालयों पर भी छापेमारी की है। इस कार्रवाई का मकसद रेत के गैरकानूनी कारोबार से जुड़े वित्तीय नेटवर्क को उजागर करना था। ईडी अधिकारियों को संदेह है कि इस गिरोह से बड़ी रकम कई बीमा कंपनियों और व्यापारों में लगाई गई है। ईडी की टीम ने प्रमुख लोगों से जुड़े व्यापार के रिकार्ड, वित्तीय दस्तावेज और संपत्तियों की जांच की है।

## वैश्विक व्यापार के लिए स्थिर और पारदर्शी वातावरण जरूरी : जयशंकर



**नयी दिल्ली :** अमेरिकी शुल्क (टैरिफ) को लेकर बढ़ती वैश्विक चिंताओं के बीच विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को जोर दिया कि विश्व व्यापार के लिए एक स्थिर, पारदर्शी और अनुमानित वातावरण आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आर्थिक नीतियां निष्पक्ष, पारदर्शी और सभी के हित में होनी चाहिए। जयशंकर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का प्रतिनिधित्व करते हुए वर्चुअल ब्रिक्स शिखर सम्मेलन को संबोधित किया। इस सम्मेलन में चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और ब्राजील के राष्ट्रपति लुईज इनासियो लूला दा सिल्वा समेत कई अन्य नेताओं ने भाग लिया। बैठक का मुख्य एजेंडा व्यापार और शुल्क पर अमेरिका की नीतियों से उत्पन्न व्यवधानों पर चर्चा रहा। भारत और ब्राजील, दोनों ही देशों के निर्यात पर अमेरिका ने 50 प्रतिशत शुल्क लगा दिया है। ऐसे में जयशंकर की भागीदारी को वॉशिंगटन के रुख को देखते हुए नयी दिल्ली की संतुलनकारी पहल के रूप में देखा जा रहा है। अपने संबोधन में विदेश मंत्री ने कहा, सामूहिक रूप से दुनिया व्यापार और निवेश के लिए स्थिर एवं अनुमानित वातावरण चाहती है। हमारा लक्ष्य ऐसे झटकों से सुरक्षा प्रदान करना है, जिसका अर्थ है अधिक लचीली और विश्वसनीय आपूर्ति श्रृंखलाएं तैयार करना। उन्होंने कहा कि वैश्विक दक्षिण (ग्लोबल साउथ) ने खाद्य, ऊर्जा और उर्वरक सुरक्षा में गंभीर गिरावट का सामना किया है। इसलिए दुनिया को टिकाऊ व्यापार को बढ़ावा देने के लिए रचनात्मक और सहयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाना होगा। जयशंकर ने स्पष्ट किया कि बाधाएं बढ़ाने, व्यापारिक लेन-देन को जटिल बनाने या गैर-व्यापारिक मामलों से जोड़ने से समस्या का समाधान नहीं होगा। उन्होंने ब्रिक्स देशों के बीच व्यापार प्रवाह की समीक्षा करने और उदाहरण प्रस्तुत करने पर भी जोर दिया। भारत के बढ़ते व्यापार घाटे, विशेषकर चीन के साथ, का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इस दिशा में शीघ्र समाधान की आवश्यकता है।

## भारत की साक्षरता दर 13 वर्षों में 74 प्रतिशत से बढ़कर 80.9 प्रतिशत हुई: प्रधान

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को कहा कि भारत की साक्षरता दर वर्ष 2011 में 74 प्रतिशत से बढ़कर 2023-24 में 80.9 प्रतिशत हो गई, लेकिन वास्तविक प्रगति तभी होगी जब साक्षरता हर नागरिक की जिंदगी का हिस्सा बन जाएगी। प्रधान ने अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस 2025 के अवसर पर ऑनलाइन माध्यम से दिए गए अपने संबोधन में कहा, ''साक्षरता सिर्फ पढ़ने और लिखने तक सीमित नहीं है। यह गरिमा, सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता का माध्यम है।'' उन्होंने कहा, ''भारत की साक्षरता दर 2011 में 74 प्रतिशत से बढ़कर 2023-24 में 80.9 प्रतिशत हो गई है, लेकिन असली प्रगति तभी हासिल होगी जब साक्षरता हर नागरिक के लिए एक जीवंत वास्तविकता बन जाएगी।'' उन्होंने उल्लास-नव भारत साक्षरता कार्यक्रम का जिक्र किया, जिसके अंतर्गत तीन करोड़ से अधिक शिक्षार्थी और 42 लाख स्वयंसेवक नामांकित हैं।

## भारत, इजराइल ने द्विपक्षीय निवेश संधि पर हस्ताक्षर किए

**नयी दिल्ली :** भारत और इजराइल ने एक द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) पर हस्ताक्षर किए हैं, जिससे दोनों देशों के बीच निवेश को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। वित्त मंत्रालय ने सोमवार को 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''भारत और इजराइल सरकार ने आज नयी दिल्ली में द्विपक्षीय निवेश समझौते बीआईटी पर हस्ताक्षर किए।'' इस समझौते पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और उनके इजराइली समकक्ष बेजेल स्मोट्रिच ने हस्ताक्षर किए। स्मोट्रिच 8-10 सितंबर के बीच तीन दिन की भारत यात्रा पर आए हैं। वह वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल से भी मुलाकात करेंगे। उनकी भारत यात्रा का उद्देश्य द्विपक्षीय बैठकों के माध्यम से भारत के साथ इजराइल के आर्थिक और वित्तीय संबंधों को मजबूत करना और द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) और मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) सहित कुछ प्रमुख समझौतों के लिए साझा आधार तैयार करना है।

### सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया ऐतिहासिक फैसला

# दुर्घटना में बच्चे के दिव्यांग होने पर मिलेगा 4 गुना मुआवजा

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश के एक दुर्घटना क्लेम मामले में सुनवाई करते हुए एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। अदालत ने कहा है कि दुर्घटना में बच्चे की मृत्यु या उसके स्थायी रूप से दिव्यांग होने पर क्षतिपूर्ति की गणना उसे कुशल श्रमिक मानते हुए की जाएगी। राज्य में दुर्घटना के समय कुशल श्रमिक का जो न्यूनतम वेतन होगा, उसे ही बच्चे की आय माना जाएगा। दावेदार व्यक्ति को न्यायाधिकरण के समक्ष न्यूनतम वेतन के संबंध में दस्तावेज पेश करने होंगे।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा, अगर वह ऐसा नहीं कर पाता है तो इन दस्तावेजों को पेश करने की जिम्मेदारी बीमा कंपनी की होगी। फैसले की प्रति सभी मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरणों को भेजी जाए, ताकि



निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित हो सके।

### सुप्रीम कोर्ट के आदेश में क्या?

बता दें कि अब तक दुर्घटना में बच्चे की मृत्यु या उसके स्थायी दिव्यांग होने की स्थिति में क्षतिपूर्ति की गणना नोशन इनकम (काल्पनिक आय, वर्तमान में 30 हजार रुपये प्रतिवर्ष) के हिसाब से की जाती है।

अब राज्य में कुशल श्रमिक के न्यूनतम वेतन के हिसाब से क्षतिपूर्ति मिलेगी। वर्तमान में मध्य प्रदेश में कुशल श्रमिक का न्यूनतम वेतन 14844 मासिक यानी 495 रुपये प्रतिदिन निर्धारित है।

### ऐसे सुप्रीम कोर्ट पहुंचा मामला?

14 अक्टूबर 2012 को इंदौर निवासी आठ वर्षीय हितेश पटेल पिता के साथ सड़क पर खड़ा था, तभी एक वाहन ने उसे टक्कर मार दी। हितेश को गंभीर चोट आई। यह कहते हुए कि उसे स्थायी दिव्यांगता आई है, मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण के समक्ष 10 लाख रुपये का क्षतिपूर्ति दावा प्रस्तुत किया गया।

न्यायालय ने यह मानते हुए कि हितेश को 30 प्रतिशत दिव्यांगता आई है, उसे तीन लाख 90 हजार रुपये क्षतिपूर्ति देने का आदेश बीमा कंपनी को दिया। इस फैसले को हाई कोर्ट में चुनौती दी गई। हाई कोर्ट ने यह मानते हुए कि चूंकि हितेश की आयु सिर्फ आठ वर्ष है, क्षतिपूर्ति की राशि को बढ़ाकर आठ लाख 65 हजार रुपये कर दिया।

सुप्रीम कोर्ट का फैसला ऐतिहासिक है। इसका असर पूरे देश में चल रहे दावा प्रकरणों पर पड़ेगा।

राजेश खंडेलवाल, दुर्घटना दावा प्रकरण के वकील।

इस फैसले से असंतुष्ट होकर सुप्रीम कोर्ट में अपील हुई। एक सितंबर को अपने फैसले में इसे स्वीकारते हुए सुप्रीम कोर्ट ने क्षतिपूर्ति राशि 35 लाख 90 हजार रुपये कर दी।



## सुनवाई से अलग होना

हाल के दिनों में देश की विभिन्न अदालतों में न्यायिक सुनवाई से अलग होने की घटनाओं में लगातार वृद्धि असहज करने वाली ही है। हालांकि, निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिये सुनवाई से अलग होना एक स्थापित सुरक्षा उपाय है, लेकिन जिस तरह इसका इस्तेमाल और संप्रेषण किया जाता है, उसने कई चिंताजनक प्रश्न तो खड़े किए ही जा सकते हैं। देश के राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण यानी एनसीएलएटी के एक प्रकरण, जहां एक सदस्य ने खुलासा किया कि वह एक मामले से खुद को अलग कर रहा है क्योंकि एक उच्च न्यायिक व्यक्ति ने उसे एक पक्ष का पक्ष लेने के लिये संपर्क किया था, ने इस प्रक्रिया में विश्वास को ठेस पहुंचायी है। हाल ही में, शीर्ष अदालत के न्यायाधीश एमएम सुंदरेश ने बिना कोई कारण बताए दलित-अधिकार वकील सुरेंद्र गाडलिंग की जमानत याचिका पर सुनवाई से खुद को अलग कर लिया था। इससे पहले भी, कर्नाटक उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश वी कामेश्वर राव ने संस्था से संबंधों का हवाला देते हुए एनएलएसआईयू ट्रांसजेंडर आरक्षण अपील से खुद को अलग कर लिया था। यहां तक कि मुख्य न्यायाधीशों- संजीव खन्ना ने चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति मामले में और बी.आर.गवई ने एक आंतरिक न्यायिक जांच मामले में खुद को अलग कर लिया था। निस्संदेह, इस तरह की असंगतता पारदर्शिता के बारे में मिले-जुले संकेत देती है। जो जनमानस में इस बाबत नये विमर्श को जन्म देता है। इसमें दो राय नहीं कि इस संबंध में कानून में स्पष्टता की दरकार है। सुनवाई से अलग होने के लिये कोई संहिताबद्ध ढांचा नहीं है।

यहां उल्लेखनीय है कि मई 2025 में, सर्वोच्च न्यायालय ने एक समान नियम बनाने की याचिका को यह कह कर खारिज कर दिया था कि सुनवाई से अलग होना व्यक्तिगत विवेक का मामला है। ऐसे मामलों में न्यायिक स्वतंत्रता ऐसी स्वायत्तता की मांग करती है, वहीं अस्पष्टता जनता के विश्वास को कमजोर करती है। निस्संदेह, जनसाधारण की न्यायिक व्यवस्था में आस्था मजबूत करने के लिये न्याय न केवल किया जाना चाहिए, बल्कि होते हुए भी दिखना चाहिए। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में, सुनवाई से अलग होने के मामले केवल न्यायिक मूल्यों के पुनर्कथन और न्यायिक आचरण के बैंगलौर सिद्धांतों जैसी नरम-कानून संहिताओं द्वारा निर्देशित होते हैं। वास्तव में वे कारणों का खुलासा करने का कोई बाध्यकारी दायित्व तय नहीं करते। इसका परिमाण ही असमान व्यवहार है। इस बाबत कुछ न्यायाधीश तो स्पष्टीकरण देते हैं, जबकि कई अन्य ऐसे मामलों में खामोशी धारण कर लेते हैं। निस्संदेह, ऐसी परंपराओं से जन साधारण में अटकलों और न्यायिक प्रक्रिया में देरी को बढ़ावा ही मिलता है। इस दिशा में एक मध्य मार्ग भी संभव है। न्यायालय न्यूनतम प्रकटीकरण मानक अपना सकते हैं। आदेश पत्र पर एक पंक्ति की 'कारण श्रेणी' और एक केंद्रीय सुनवाई रजिस्टर की व्यवस्था की जा सकती है। इस प्रकार से कुछ हल्के-फुल्के सुधार न्यायिक स्वतंत्रता की रक्षा ही करेंगे। सही मायनों में खामोशी, खासकर संवेदनशील मामलों में, अब तटस्थ नहीं रही।

## भारत ने रोहिंग्या मुसलमानों के समूहों को जल और थल मार्ग से किया निर्वासित : संरा मानवाधिकार प्रमुख

**संयुक्त राष्ट्र/जिनेवा :** भारत ने रोहिंग्या मुसलमानों के कुछ समूहों को भूमि और समुद्री मार्ग से निर्वासित किया है। यह दावा संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार उच्चायुक्त वोल्कर तुर्क ने सोमवार को जिनेवा में मानवाधिकार परिषद के 60वें सत्र में वैश्विक स्तर की अद्यतन जानकारी प्रस्तुत करते हुए किया। तुर्क ने कहा कि कुछ देशों में प्रवासियों और शरणार्थियों के अधिकारों का उल्लंघन करने वाली नीतियों और प्रथाओं को सामान्य बना दिया गया है, जो एक गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा, ''मानवाधिकार- सभी मानवाधिकार- समृद्ध समाजों की मजबूत नींव हैं, लेकिन आज इन अधिकारों को कमजोर करने वाले खतरनाक रुझान वैश्विक स्तर पर बढ़ रहे हैं।'' तुर्क ने पाकिस्तान और ईरान द्वारा लाखों अफगानों को बलपूर्वक वापस भेजे जाने पर भी चिंता जताई और कहा कि भारत ने भी रोहिंग्या मुसलमानों के समूहों को देश से निकाल दिया है। उन्होंने जर्मनी, यूनान, हंगरी और अन्य यूरोपीय देशों की उन हालिया नीतियों पर भी चिंता जताई, जिनका उद्देश्य शरण की मांग के अधिकार को सीमित करना है। तुर्क ने यह भी बताया कि अमेरिका ने अल सल्वाडोर, दक्षिण सूडान, एस्वातिनी और रवांडा सहित कई देशों के साथ ऐसे समझौते किए हैं, जिनके तहत तीसरे देशों के नागरिकों को उनके अपने देश के बजाय अन्य स्थानों पर भेजा जा रहा है, जिससे अंतरराष्ट्रीय कानून के उल्लंघन की आशंका है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 9 सितम्बर, मंगलवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, आश्विन कृष्णपक्ष द्वितीया, 18:27 तक, नक्षत्र : उत्तरभाद्रपदा, 17:57 तक, योग : गांदा, 23:54 तक, सूर्योदयः 5:21, सूर्यास्तः 17:45, चन्द्रोदय : 18:49, चन्द्रास्तः 06:39, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : सिंह, चन्द्र राशि : मीन, राहू काल : 14:38 से 16:10

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि के युवाओं को नयी जॉब का प्रस्ताव मिल सकता है। अपनी प्रतिभा को विकसित करने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र में नये अनुभवों की प्राप्ति होगी।

**वृष :** वृषभ राशि व्यवसाय में पारदर्शिता रखें। परिजनों के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी। आप जो काम सोच रहे थे वो समय से पूरा हो जायेगा। आर्थिक मामलों को लेकर थोड़े परेशान हो सकते हैं।

**मिथुन :** मिथुन राशि आय के नये साधन विकसित करने का प्रयास कर सकते हैं। उधार लिया हुआ धन वापस लौटाने का दबाव बन सकता है। अपने अन्तर्मन की आवाज को अनसुना न करें।

**कर्क :** कर्क राशि को आर्थिक मामलों को लेकर थोड़ी परेशानी हो सकती है। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों की बातों से मन व्यथित हो सकता है। दिन उतार-चढ़ाव से भरपूर रहेगा।

**सिंह :** सिंह राशि अपनी कार्यप्रणाली में सुधार कर सकते हैं। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। जीवनसाथी से शानदार सहयोग मिलेगा। किसी मित्र के माध्यम से धन लाभ हो सकता है।

**कन्या :** कन्या राशि आज का दिन काफी शानदार रहेगा। आप काफी अच्छे मूड में रहेंगे। बैंकिंग क्षेत्र से जुड़े लोगों का तनाव कम होगा। भविष्य की योजनाओं में आप निवेश कर सकते हैं।

**तुला :** तुला राशि को नजदीकी लोगों का व्यवहार आपको खराब लग सकता है। प्रेमीजन से झगड़ा हो सकता है। परिजनों से अपने मन की बातें साझा करें।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि को आज आपको सोच-समझकर बातें करनी चाहिये। अनावश्यक चर्चा करने के कारण हास्य का पात्र बन सकते हैं। कारोबार में धीमेपन को लेकर थोड़ा चिन्तित हो सकते हैं।

**धनु :** धनु राशि के कार्यक्षेत्र में आय में वृद्धि होगी। कई दिनों से अटके हुये मामलों को लेकर निष्कर्ष में पहुँच सकते हैं। सरकारी योजनाओं से आपको लाभ प्राप्त हो सकता है।

**मकर :** मकर राशि वालों पर अधिकारी वर्ग के लोग आपके ऊपर क्रोधित हो सकते हैं। सोच-समझकर ही धन खर्च करें। धन उधार लेना आपको महँगा पड़ सकता है।

**कुम्भ :** कुंभ राशि के आज उलझे हुये मामले सुलझ सकते हैं। दूर के रिश्तेदारों से शुभ सूचना मिल सकती है। घर पर काफी आराम का वक्त बितायेंगे।

**मीन :** मीन राशि वालों के सही कार्यों का भी विरोध हो सकता है। लापरवाह रवैये के कारण आपको परेशानी हो सकती है। अपने व्यवहार में नरमी रखें।

# ओली सरकार के खिलाफ गुस्से में युवा

## समझें नेपाल के विद्रोह के निहितार्थ



डॉ घनश्याम बादल

भारत का सबसे निकट पड़ोसी और दुनिया के गिने -चुने हिंदू राष्ट्रों में से एक नेपाल एक बार फिर संकट में है। वहां की के पी शर्मा ओली सरकार के खिलाफ युवा जेन जेड के कार्यकर्ता सड़कों पर उतर पड़े हैं। काठमांडू में ही नहीं अपितु देश के दूसरे शहरों में भी हालात लगातार बिगड़ रहे हैं और अब तक मिले अपडेट के अनुसार 20 से ज्यादा लोगों ने वहां अपनी जान भी गंवा दी है।

अभी कुछ दिनों पहले ही ओली सरकार ने नेपाल में सोशल मीडिया मंचों को चलाने वाली कंपनियों को अपना रजिस्ट्रेशन एक हफ्ते के अंदर करने के लिए कहा था। साथ ही साथ यह भी निर्देश दिया था कि वह नेपाल के कानून का पूरी तरह पालन करें लेकिन टिकटोक जैसी एक दो कंपनियों को छोड़कर किसी ने भी उनके इस निर्देश का पालन नहीं किया जिसके चलते हुए उन्होंने फेसबुक, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम ,यूट्यूब और एक्स जैसे सोशल मीडिया मंचों पर तुरंत रोक लगा दी।

पहले से ही बेरोजगारी भ्रष्टाचार एवं महंगाई की वज़ह से गुस्से में तना बैठा युवा इससे और भी उखड़ गया और आज सुबह से ही वह नेपाल की सड़कों पर उतर गया।

जनरेशन जी के इन कार्यकर्ताओं का गुस्सा केवल अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर रोक लगाने मात्र तक सीमित नहीं है बल्कि वह देश में लगातार बढ़ रही बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, भूमि सुधार कानून एवं सत्ता में बैठे हुए व्यक्तियों द्वारा अपने व्यक्तिगत तथा पारिवारिक लाभों के लिए सत्ता का अनुचित इस्तेमाल करना भी उनके एजेंडे में शामिल है। उनका मुख्य आरोप है कि नेपाल की वर्तमान सरकार युवाओं को रोजगार देने की दिशा में गंभीर नहीं है।

वैसे उनकी बात ग़लत भी नहीं है यदि नेपाल के रोजगार के आंकड़े उठाकर देखें तो 1995- 96 में वहां पर रोजगार प्राप्त करने लायक जनसंख्या का 67% रोजगार पाया हुआ था जबकि 30 वर्षों में यह प्रतिशत घटकर केवल 30% पर आ गया है ऐसे में रोजी-रोटी के संकट का सामना कर रही युवा पीढ़ी का आक्रोशित होना स्वाभाविक है। साथ ही साथ इस संगठन और दूसरे युवाओं का यह भी आरोप है कि नेपाल में क्षेत्र विशेष में ही विकास के कार्य किए जाते हैं जबकि करनाली, डॉल्पा और हुमल जैसे क्षेत्र आज भी उपेक्षित हैं।

वैसे तो नेपाल लंबे समय से अस्थिर सरकारों के दौर से गुजर रहा है एक तरीके से कह सकते हैं कि नेपाल में राजशाही परिवार की हत्या के बाद से ही वहां राजनीतिक स्थिरता नहीं आ पाई है और थोड़े-थोड़े से अंतराल में ही वहां की सरकारें एवं प्रधानमंत्री बदलते रहे हैं। गिरिजा प्रसाद कोइराला, बीपी कोइराला, पुष्प कमल दहल प्रचंड और के पी शर्मा ओली जैसे कितने ही नाम वहां सत्ता में आते जाते रहे। पूर्ण बहुमत की सरकार शायद ही कभी बनी हो।

वर्तमान सरकार भी मुख्य रूप से गठबंधन की सरकार है यदि वहां की सरकार पर एक नज़र डालें तो उसमें नेपाली कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (यू एम एल) का मुख्य रोल है जबकि छोटी-छोटी दूसरी पार्टियों भी सरकार में शामिल हैं। चुनाव में बेमेल गठबंधन करके 15 जुलाई 2024 को ही के पी शर्मा सत्ता में लौटे थे जबकि वहां की गठबंधन पार्टियों में बहुत अधिक मतभेद था जो अभी तक भी है। जिसके चलते हुए उन्हें प्रकाश मानसिंह और विष्णु प्रसाद पोडेल को उपप्रधानमंत्री बनाना पड़ा।

दूसरी ओर विपक्ष के नेता पुष्प कमल दहल प्रचंड भी लगातार वहां की सरकार को चुनौती देते रहते हैं इन सब के चलते नेपाल में सुशासन जैसी व्यवस्था लागू नहीं हो पाई जिसके चलते हुए वहां का युवा सरकार के खिलाफ खड़े होने पर मजबूर हुआ है।

सरकारों की काहिली और राजनीतिक स्वार्थ पूर्ति के चलते हुए दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में समय-समय पर इस तरह के विद्रोह पहले भी होते आए हैं। चीन का थियेन आन मन चौक कांड अभी तक भी लोग नहीं भूले होंगे। इसी तरह अरब देशों में 2010 से 2012 के बीच अरब स्प्रिंग के नाम से ऐसा ही आंदोलन शुरू हुआ था और इस आंदोलन के चलते हुए वहां की ट्यूनीशिया की सरकार को हटना पड़ा था और मिस्र में भी हुस्नी मुबारक को सत्ता गंवानी पड़ी थी। जबकि संघर्ष के चलते हुए लीबिया और सीरिया आज तक भी गृहयुद्ध झेल रहे हैं। 2013 में तुर्की में गीजी पार्क आंदोलन खड़ा हुआ लेकिन उसे कठोरता पूर्वक दबा दिया गया जबकि 2019 - 2020 में हांगकांग विरोध आंदोलन को भी चीन ने बर्बरता पूर्वक कुचल दिया। 2018-19 में सूडान में भी युवा आक्रोशित हुए और वहां की अल बशीर सरकार का पतन हुआ जबकि बेलारूस में 2020 में चुनावी धुंधली के खिलाफ विपक्ष सड़कों पर उतरा लेकिन वहां उसका दमन कर दिया गया। इसी तरह भारत में भी किसान आंदोलन के आगे सरकार को झुककर कृषि कानून वापस लेने पड़े थे।

यदि दक्षिण एशिया में ही निगाह डालें तो इमरान खान के सत्ता से हटने के तुरंत बाद उनके समर्थन में वहां की सेना के कार्यालय पर जमकर तोड़फोड़ की एवं हल्ला बोला पर वहां की सरकार को उखाड़ने में कामयाब नहीं हो पाए लेकिन बांग्लादेश की खालिदा जिया को पिछले वर्ष की ऐसे ही छात्र आंदोलन के चलते हुए अपनी सत्ता और देश दोनों गंवाने पड़े और अब वहां पर नसरुल इस्लाम की कार्यवाहक सरकार काम कर रही है जिसके चलते एक प्रकार से लोकतंत्र का गला घोंट दिया गया है।

सबसे बड़ा प्रश्न यह उठता है कि सरकारों के ख़िलाफ़ लोग खड़े क्यों होते हैं ? सामान्य परिस्थितियों में आम आदमी आंदोलन या विद्रोह से बचता है लेकिन जब पानी सर के ऊपर आ जाता है तो फिर वह सड़कों पर उतर जाता है और देश के हालात बद से बदतर होते चले जाते हैं।

इसलिए समय का तकाज़ा है कि सरकारें सत्ता में आने के बाद भी जन भावनाओं का पूरा ख्याल रखें। विकास को राजनीति से दूर रखें और रोजगार के अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध कराएं जिससे आम आदमी समृद्ध हो। साथ ही साथ भ्रष्टाचार एवं रिश्वतखोरी तथा दल, वर्ग, जाति, मज़हब या धर्म की राजनीति से यथा संभव बचा जाए अन्यथा स्थिति में दुनिया भर में ऐसे आंदोलन होते रहेंगे।

हालांकि अभी नहीं कह सकते कि नेपाल के हालात आने वाले दिनों में कैसे होंगे लेकिन सबसे बड़ा संकट यह है कि सरकार भी अभी उहापोह में है कि वह बात करें भी तो किससे करे क्योंकि इस आंदोलन का कोई एक मुखिया तो है नहीं और यदि सरकार लाठी गोली से इस आंदोलन को कुचलने की नीति पर चलती है तो इस बात की प्रबल संभावना है कि वहां के हालात और भी ज्यादा बिगड़ेंगे।

यहां बात केवल नेपाल के अंदरूनी हालातों की नहीं है अपितु इनका असर भारत पर भी पड़ता है इसलिए भारत की सरकार को भी सतर्क होकर हालात पर न केवल निगाह रखनी चाहिए अपितु वह हर संभव प्रयास करना चाहिए जिससे नेपाल में लोकतंत्र बचा रहे और चीन की गोदी में बैठा हुआ नेपाल एक बार फिर से भारत कोअपना समझे।

# प्रकृति की नाराजगी को नहीं समझा तो मानव अस्तित्व खतरे में



ललित गर्ग





प्रकृति अपनी उदारता में जितनी समृद्ध है, अपनी प्रतिशोधी प्रवृत्ति में उतनी ही कठोर है। जब तक मनुष्य उसके साथ तालमेल में रहता है, तब तक वह जीवन को वरदान देती है, जल, जंगल और जमीन के रूप में। लेकिन जैसे ही मनुष्य अपनी स्वार्थपूर्ण महत्वाकांक्षाओं और तथाकथित आधुनिक विकास की अंधी दौड़ में प्रकृति की उपेक्षा करने लगता है, यही प्रकृति विनाश का रूप धारण कर लेती है। आज पूरे भारत में जो बाढ़, जल प्रलय और मौसम के अनियंत्रित बदलाव के दृश्य दिखाई दे रहे हैं, वे केवल प्राकृतिक आपदा नहीं हैं, बल्कि हमारी गलतियों का सीधा परिणाम हैं। प्रकृति के इस रौद्र रूप के पीछे महज संयोग या 'कुदरत की नाराज़गी' को जिम्मेदार ठहराना पर्याप्त नहीं है। यह आपदाएं सीधे-सीधे जलवायु परिवर्तन, वनों की अंधाधुंध कटाई और अनियंत्रित विकास मॉडल का परिणाम हैं। पहाड़ों का पारिस्थितिकी तंत्र अत्यंत संवेदनशील होता है, लेकिन नीतिनिर्माताओं ने पहाड़ों के विकास को मैदानी मॉडल पर ढालने की कोशिश की। बड़े-बड़े होटल, अव्यवस्थित सड़कें, बांध, खनन और निर्माण ने पहाड़ों की नाजुक संरचना को हिला दिया। जब जंगल काटे जाते हैं तो वर्षा का पानी भूमि में समाने के बजाय सीधे तेज धाराओं के रूप में बहने लगता है। यही बाढ़ और भूस्खलन का बड़ा कारण बनता है, इसी से भारी तबाही का मंजर देखने को मिल रहा है, देश के बड़े हिस्से में जन-जीवन अस्त-व्यस्त है, लाखों हेक्टेयर फसलें जनमग्न है, जान-माल का नुकसान भी बड़ा हुआ है, भारी आर्थिक नुकसान ने घना अंधेरा बिखेर दिया है। चारों ओर चिन्ताओं एवं परेशानियों के बादल मंडरा रहे हैं।

आज की बाढ़ और जल प्रलय केवल पानी का उफान नहीं, बल्कि हमारी गलतियों का आईना है। यह प्रकृति का प्रतिशोध है, उसकी चेतावनी है कि यदि अब भी नहीं चेते तो भविष्य और भी विकराल होगा। महात्मा गांधी ने कहा था-प्रकृति हर किसी की आवश्यकता पूरी कर सकती है, लेकिन किसी के लालच को नहीं। यही सच्चाई है। यदि हमने संतुलन नहीं सीखा, तो यह विनाशकारी दृश्य आने वाले वर्षों में और भयावह होंगे। लेकिन यदि हमने चेतावनी को अवसर माना, तो प्रकृति फिर से मां की तरह हमें संभाल लेगी। जीवनदायी पानी जब अपने विकराल रूप में सामने आता है तो उसका प्रकोप कितना घातक और विनाशकारी हो सकता है, यह इस वर्ष की मूसलाधार मान-सूनी बारिश एवं बादल फटने की घटनाओं ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया है। सामान्यतः जल जीवन का आधार है, लेकिन जब वही जल अपनी मर्यादा तोड़कर प्रलयंकारी रूप में आता है तो घर, खेत, सड़क, पुल, मंदिर-मस्जिद और मानवीय जीवन तक बहाकर ले जाता है। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर के पहाड़ी राज्य इस समय प्रकृति के ऐसे ही कहर का दंश झेल रहे हैं। बादल फटने की अप्रत्याशित घटनाएं, पहाड़ों से टूटते हिमखंड, अचानक बहते मलबे और बेकाबू नदियों का सैलाब-ये सब मिलकर भयावह परिदृश्य खड़ा कर रहे हैं।

वनों की कटाई ने न केवल भूमि की जलधारण क्षमता घटाई है, बल्कि स्थानीय जलवायु चक्र को भी प्रभावित किया है। ग्लोबल वार्मिंग के कारण तापमान बढ़ा है, जिससे पहाड़ी इलाकों में ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं और अप्रत्याशित समय पर अत्यधिक वर्षा हो रही है। यही कारण है कि बादल फटने जैसी घटनाएं पहले की तुलना में कई गुना बढ़ गई हैं। पहाड़ों की बस्तियां, जो कभी प्राकृतिक संतुलन में जीती थीं, अब मानवजनित गतिविधियों की मार झेल रही हैं। दरअसल, समस्या का मूल यह है कि हमने विकास की परिभाषा को केवल कंक्रीट और मशीनों से जोड़ दिया है। पर्यावरणीय संतुलन और पारिस्थितिकीय संवेदनशीलता को दरकिनार कर योजनाएं बनाई गईं। इसी का परिणाम है कि जब आपदा आती है तो न तो हमारी चेतावनी प्रणाली पर्याप्त साबित होती है और न ही प्रशासन की तैयारियां। सर्वोच्च न्यायालय में हिमाचल सरकार ने यह स्वीकार भी किया है कि अब तक अपनाए गए उपाय अपर्याप्त हैं। यह स्वीकारोक्ति बताती है कि समस्या कितनी गंभीर है।

भारत की नदियाँ कभी जीवन का स्रोत मानी जाती थीं। गंगा, यमुना, ब्रह्मपुत्र, नर्मदा, गोदावरी जैसी नदियों के किनारे सभ्यताएँ पली-बढ़ीं। लेकिन आज वही नदियाँ मौत का पैगाम बनकर आती हैं। कारण है उनके प्राकृतिक प्रवाह में मानवीय हस्तक्षेप-बेतरतीब बांध, अतिक्रमण, नालों में बदल चुकी धारा और किनारों पर बसी बस्तियाँ। भारत में हर साल औसतन 1,600 लोग बाढ़ से मारे जाते हैं और लगभग 75 लाख लोग प्रभावित होते हैं। फसलें तबाह होती हैं, पशुधन मरता है और अरबों रुपए की आर्थिक क्षति होती है। केवल 2023 में उत्तराखंड, हिमाचल और दिल्ली में आई बाढ़ से 60,000 करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान हुआ। पिछले कुछ दशकों में मौसम का पैटर्न पूरी तरह बिगड़ चुका है। मानसून जो पहले जून से सितंबर तक नियमित हुआ करता था, अब अनिश्चित और असमान हो गया है। कभी 24 घंटे में महीनों की बारिश हो जाती है, तो कभी लंबे सूखे का दौर देखने को मिलता है। 2013 की केदारनाथ त्रासदी ने पहाड़ों में अंधाधुंध निर्माण की पोल खोल दी। 2023 में दिल्ली में यमुना का 45 साल का रिकॉर्ड टूटना इस बात का संकेत है कि शहर जलवायु परिवर्तन और अव्यवस्थित शहरीकरण के सामने पूरी तरह असुरक्षित हो चुके हैं।

देश के लगभग हर हिस्से में जल प्रलय की कहानियाँ देखी जा सकती हैं। उत्तराखंड और हिमाचल में पहाड़ टूट रहे हैं, भूस्खलन से गांव उजड़ रहे हैं। बिहार और असम में बाढ़ हर साल लाखों लोगों को बेघर कर देती है। दिल्ली और मुंबई जैसे आधुनिक महानगर भी जलजमाव से पंगु हो जाते हैं। राजस्थान जैसे रेगिस्तानी राज्य में भी अनियंत्रित बारिश और बाढ़ का नया खतरा मंडरा रहा है। सड़कों पर नावें चल रही हैं, पुल बह गए हैं, खेत-खलिहान जलमग्न हैं। यह नजारा केवल विनाश का नहीं, बल्कि हमारी नासमझी का प्रमाण है। प्रकृति बार-बार संकेत देती है कि संतुलन ही जीवन का आधार है, लेकिन हमने उसकी सीमाओं को लांघ दिया है। पहाड़ों को खोखला कर सुरंगें और सड़कें बनाई गईं। जंगलों को काटकर कंक्रीट के जंगल खड़े कर दिए गए। नदियों को उनके मार्ग से हटाकर कृत्रिम रास्तों में बांध दिया गया। आज जब बादल फटते हैं या नदियाँ बेकाबू होती हैं, तो यह केवल आपदा नहीं बल्कि प्रकृति का प्रतिशोध है।

अब सवाल यह है कि इस संकट से निपटें कैसे। केवल राहत और मुआवजा देना समाधान नहीं है। आवश्यकता है दीर्घकालिक और ठोस कदम उठाने की। हमें जंगल बचाने होंगे, नदियों के प्राकृतिक प्रवाह को बहाल करना होगा, शहरी योजनाओं में जलनिकासी और हरियाली को महत्व देना होगा, पर्वतीय विकास में संयम लाना होगा और सबसे बढ़कर जनजागरूकता फैलानी होगी ताकि लोग समझ सकें कि पर्यावरण की रक्षा ही उनके जीवन की रक्षा है। जरूरत है कि आपदाओं को केवल 'प्राकृतिक' न मानकर उन्हें 'मानव निर्मित' एवं सरकार की गलत नीतियों की आपदाएं' भी समझा जाए। इसका अर्थ है कि इनका समाधान केवल राहत और बचाव तक सीमित न रहकर दीर्घकालिक रणनीति से जुड़ा होना चाहिए। विशेषज्ञों की राय, वैज्ञानिक अध्ययन और स्थानीय समुदायों के अनुभवों को मिलाकर ऐसी नीतियां बननी चाहिएं, जो पहाड़ों की प्राकृतिक संरचना और पारिस्थितिकी को ध्यान में रखें। प्राकृतिक आपदाओं की आवृत्ति हमें चेतावनी दे रही है कि यदि हमने समय रहते संतुलित विकास का मार्ग नहीं चुना तो भविष्य और अधिक भयावह होगा। पूर्व चेतावनी प्रणाली को सशक्त बनाना, पहाड़ी राज्यों के बीच आपसी समन्वय बढ़ाना, आपदा प्रबंधन तंत्र को त्वरित और प्रभावी बनाना, और सबसे बढ़कर-वनों एवं प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करना, यह सब आज की सबसे बड़ी जरूरत है।

दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने के बावजूद भारत प्राकृतिक आपदाओं से होने वाली भारी जन-धन हानि को बर्दाश्त नहीं कर सकता। इस वर्ष की बाढ़ और बादल फटने की घटनाएं केवल त्रासदी नहीं, बल्कि एक स्पष्ट संदेश हैं-कि प्रकृति के साथ असंतुलन की कीमत हमें अपने अस्तित्व से चुकानी पड़ सकती है। इसलिए विकास की नीतियों को पर्यावरण की दृष्टि से पुनर्परिभाषित करना ही इस संकट से उबरने का वास्तविक मार्ग है।

## वर्ग पहेली नं. 3202

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | | 5 | ■ | 6 |
| ■ | | ■ | 7 | | | ■ | 8 | | |
| 9 | | | | ■ | 10 | | | ■ | |
| | ■ | ■ | 11 | | | ■ | ■ | 12 | |
| 13 | 14 | 15 | | ■ | 16 | 17 | | | ■ |
| ■ | 18 | | ■ | 19 | ■ | | ■ | 20 | 21 |
| 22 | | ■ | 23 | | | | | ■ | |
| | ■ | 24 | | | ■ | | ■ | 25 | |
| 26 | | | | ■ | 27 | | | | ■ |

*ऊपर से नीचे:-* 2) अनुसार, 3) शक्तिमान, 4) विष्णु, 5) एक पशु, 6) छान-बीन, 9) एक राज्य, 12) चने का आटा, 14) पिता, 15) औषधीय जंगली वनस्पति, 17) गणिका, 19) कुटुंब, 21) घाघरा, 22) जलज; कमल; शंख, 23) सौ करोड़, 24) व्यतीत, 25) कपड़े पर की लकीर.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*बायें से दायें:-* 1) भेदभावहीनता, 4) भुना हुआ मांस, 7) शपथ, 8) एक भाषा, 9) अचानक, 10) अप्रत्याशित लाभ; ड्रा, 11) हत्यारा, 12) बिना तने का पौधा, 13) लाचार, 16) ज़नानख़ाना, 18) अभिनेत्री, 20) जल कल की टोटी, 22) संख्या, 23) बिना रुके, 24) एक गुजराथी नृत्यप्रकार, 25) डोरा, 26) कभी कभार, 27) भिक्षाटन.

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ड | ग | म | ग | ■ | ■ | हि | फ़ा | ज | त |
| फ | ली | ■ | ग | फ़ | ल | त | ■ | ग | ■ |
| ली | ■ | आ | न | ■ | क्ष्य | ■ | रा | ह | त |
| ■ | च | म | च | म | ■ | खो | ज | ■ | बी |
| रा | म | ■ | र | द | प | ट | ■ | ■ | अ |
| स | त्का | र | ■ | द | ■ | ■ | ■ | म | त |
| ■ | र | ण | ■ | गा | ली | ग | लौ | ज | ■ |
| मि | ■ | नी | हा | र | ■ | रु | ■ | मा | रे |
| स | म्म | ति | ■ | ■ | ल | ड़ | का | ■ | ला |

## सुडोकू-पहेली-3159

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | 7 | 9 | | 1 | 6 |
| | | | 1 | | | 2 | | |
| | | | | | | | | |
| | | | 8 | | | | 5 | 1 |
| 5 | | | | | | | | |
| 7 | | 3 | | 9 | | | 6 | |
| | 1 | | 7 | | | 4 | | 5 |
| | | | | | 4 | | | |
| | | | | | 3 | | | 9 |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 3158 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 8 | 3 | 2 | 4 | 9 | 1 | 6 |
| 2 | 3 | 6 | 9 | 8 | 1 | 4 | 5 | 7 |
| 1 | 4 | 9 | 6 | 5 | 7 | 8 | 2 | 3 |
| 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 | 7 | 6 | 8 |
| 8 | 2 | 5 | 7 | 3 | 6 | 1 | 9 | 4 |
| 6 | 9 | 7 | 1 | 4 | 8 | 2 | 3 | 5 |
| 7 | 6 | 4 | 2 | 1 | 3 | 5 | 8 | 9 |
| 3 | 5 | 1 | 8 | 7 | 9 | 6 | 4 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 |

# राज्य में नए सिस्टम में पहली बार हुई उच्च माध्यमिक परीक्षा

- पहले दिन ही नदारद रहे 5,527 परीक्षार्थी
- 31 अक्टूबर तक घोषित किए जाएंगे परिणाम
- परिणाम आने के 72 घंटे बाद ओएमआर शीट की स्कैन कॉपी की जाएगी अपलोड



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में उच्च माध्यमिक परीक्षा नए सिस्टम के तहत पहली बार आज आयोजित की गई। सुबह 10 बजे से 11:15 बजे तक चली इस परीक्षा में छात्रों ने लिखित उत्तर पुस्तिका के बजाय ओएमआर शीट पर उत्तर दिए। परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होने की जानकारी देते हुए उच्च माध्यमिक शिक्षा परिषद के अध्यक्ष चिरंजीव भट्टाचार्य ने कहा कि हमने कई केंद्रों का निरीक्षण किया। कहीं कोई परेशानी नहीं हुई। छात्रों ने बताया कि उन्होंने बिना किसी असुविधा के परीक्षा दी। परीक्षा के पहले दिन बंगला विषय की परीक्षा हुई, जिसे लेकर परीक्षार्थी संतुष्ट नजर आए। पहले दिन कुल 5,527 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इनमें उत्तर बंगाल क्षेत्रीय कार्यालय के अंतर्गत 1,321, बर्दवान में 1,465, मेदिनीपुर में 668 और कोलकाता में 2,373 छात्र शामिल हैं। इसके अलावा, 14 छात्र बीमारी के कारण परीक्षा नहीं दे पाए। हालांकि, 497 दिव्यांग परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। कहीं से भी इलेक्ट्रॉनिक गैजेट बरामद होने की खबर नहीं मिली। इस बार, 'दुआर पोर्टल' का ऑनलाइन अटेंडेंस सिस्टम भी लागू किया गया। हालांकि, पहले दिन एक साथ भारी संख्या में ऑनलाइन एंट्री होने के कारण मामूली दिक्कतें आईं। चिरंजीव भट्टाचार्य ने भरोसा जताया कि आज से यह समस्या नहीं होगी। केंद्र निरीक्षण के दौरान कुछ अभिभावकों ने परिषद अध्यक्ष के सामने नाराजगी जताई। उनका आरोप था कि कई छात्रों को तीन महीने तक किताबें नहीं मिलीं। इस पर, भट्टाचार्य ने सफाई दी कि तीन महीने नहीं, केवल एक महीने की देरी हुई थी। जिस विषय की किताबें देर से मिलीं, उनके पाठ वीडियो ट्यूटोरियल के रूप में यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध कराए गए थे। परिषद ने घोषणा की है कि प्रथम सेमेस्टर का परिणाम 31 अक्टूबर तक जारी कर दिया जाएगा। परिणाम आने के 72 घंटे बाद ओएमआर शीट की स्कैन कॉपी अपलोड की जाएगी। परिषद अध्यक्ष ने कहा कि करीब 40 लाख ओएमआर शीट एक साथ अपलोड करने पर सर्वर पर दबाव बढ़ सकता है। इसलिए पहले रिजल्ट जारी होगा और बाद में ओएमआर शीट दी जाएगी। परिषद अध्यक्ष का आश्वासन है कि परिस्थिति को देखकर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

# एगिए बांग्ला, उद्योगों का विरोध ही तृणमूल की नीति : शुभेंदु अधिकारी



**कोलकाता, समाज्ञा :** नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने तृणमूल कांग्रेस सरकार पर तीखा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि यह सरकार उद्योग-विरोधी नीतियों पर चल रही है और राज्य में बचे-खुचे कारखानों को भी बंद कराने पर आमादा है। सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर वीडियो सहित पोस्ट कर अधिकारी ने लिखा कि यह उद्योग-विरोधी राज्य सरकार तब तक चैन से नहीं बैठेगी, जब तक राज्य के सभी कारखानों का श्राद्ध-संस्कार न कर ले। उन्होंने कोलाघाट के रामको सीमेंट कारखाना बंद होने को सरकार की नीतियों का नतीजा बताया। शुभेंदु अधिकारी का कहना है कि ऐसे हालात निवेशकों को बंगाल से दूर कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि भाजपा की सरकार बनने पर न केवल श्रमिकों के अधिकार सुरक्षित रहेंगे, बल्कि उद्योगों के पुनरुद्धार के लिए भी ठोस कदम उठाए जाएंगे।

**Notice Inviting e-Tender**
Ref E-NIT NO.- 2025_ZPHD_898906_1 to 19.
An e-Tender **(Notice-Memo no- 2545, Date: 08.09.2025)** containing nineteen number schemes for construction & repair work under Kalna-II Development Block, Purba Bardhman has been floated amounting to **Rs. 30.75210 lakhs, fund APAS.**
Bid Submission end on :- **16/09/2025 at 06.55 PM.**
Log on Gov. Website: **www.wbtenders.gov.in**
Please look for details in the undersigned office notice board.
Sd/-
Block Development Officer
Kalna-II Development Block
Singerkone, Purba Bardhaman

OFFICE OF THE BLOCK DEV. OFFICER
Joypur Dev. Block, Joypur, Purulia
NOTICE INVITING TENDER NO: NIeT- 05/BDO/JDB/2025-26
E-tenders are invited by the undersigned from eligible bonafied contractors having requisite credentials and other valid documents **upto 11.00 AM of 23.09.2025** for 04 nos. of work under IMDP 2024-25. For details intending participants may contact to the office of the undersigned or visit website www.wbtenders.gov.in in any working day before the Last date for submission of bid documents.
Sd/-
Block Development officer
Joypur Development Block

## ममता बनर्जी 'एक्स' से



### प्रोफेसर कृष्णकली बसु के निधन पर ममता ने जताया शोक

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपने लंबे समय की सहयोगी और वेबकुपा (पश्चिम बंगाल कॉलेज एंड यूनिवर्सिटी प्रोफेसर्स एसोसिएशन) की महासचिव प्रोफेसर कृष्णकली बसु के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर अपने संदेश में लिखा कि उनके साथ लंबे समय तक कार्य करने का अवसर मिला था। उनके जाने से गहरा आघात पहुंचा है। उन्होंने कहा कि बसु की कमी हमेशा महसूस होगी और उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करती हूं। बता दें कि कृष्णकली बसु (62) बैरकपुर स्थित राष्ट्रगुरु रवींद्रनाथ कॉलेज में अंग्रेजी की प्रोफेसर थीं। वे लंबे समय तक तृणमूल कांग्रेस से जुड़ी प्रोफेसरों की संगठन वेबकुपा की राज्य अध्यक्ष रहीं। वर्तमान में, वे संगठन की राज्य महासचिव के पद पर कार्यरत थीं। जानकारी के अनुसार, वह पिछले छह-सात वर्षों से किडनी की बीमारी से जूझ रही थीं। बीते सप्ताह उनकी स्थिति बिगड़ने के बाद उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया, लेकिन रविवार को उनका निधन हो गया।

### ममता ने अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर दी शुभकामनाएं

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर सभी को शुभकामनाएं और बधाई दी है। सोमवार की सुबह उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने संदेश में लिखा कि वही प्रतिभा असली प्रतिभा है, जो सच्चा समाज बनाती है।

# सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल में कर्मचारियों को डीए देने संबंधी आदेश के खिलाफ अपील पर फैसला रखा सुरक्षित

**नयी दिल्ली/कोलकाता**

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा कलकत्ता उच्च न्यायालय के 2022 के महंगाई भत्ता (डीए) आदेश के खिलाफ दायर अपील सहित अन्य याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। बता दें कि उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में राज्य सरकार से कहा था कि वह अपने कर्मचारियों को जुलाई 2009 से महंगाई भत्ते का बकाया जारी करे। सोमवार को न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने फैसला सुरक्षित रखने से पहले राज्य सरकार की ओर से अभिषेक सिंघवी और हुजेफा अहमदी सहित वरिष्ठ अधिवक्ताओं तथा कर्मचारियों के परिसंघ एवं अन्य की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता पी एस पटवालिया तथा अन्य की दलीलें सुनीं। उच्च न्यायालय ने 20 मई, 2022 को राज्य प्रशासनिक न्यायाधिकरण (एसएटी) के एक आदेश को बरकरार रखा था और तृणमूल कांग्रेस सरकार को जुलाई 2009 से महंगाई भत्ते का बकाया जारी करने का निर्देश दिया, जब राज्य में वेतन और भत्ते का संशोधन (आरओपीए) तीन महीने के भीतर लागू हुआ था। इसने कहा था कि राज्य सरकार द्वारा अपने कर्मचारियों को अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक औसत की पद्धति का उपयोग करके गणना की जाने वाली दर पर महंगाई भत्ते का भुगतान न कर पाने के संबंध में वित्तीय असमर्थता का रुख स्वीकार्य नहीं है।

शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ राज्य सरकार द्वारा दायर अपील सहित चार याचिकाओं पर सुनवाई की। निर्णय के लिए उठाए गए प्रमुख मुद्दों में से एक यह भी है कि क्या 'महंगाई भत्ता प्राप्त करने का अधिकार एक मौलिक अधिकार है' या नहीं। न्यायमूर्ति करोल ने आदेश सुरक्षित रखते हुए पक्षकारों के वकीलों से दो सप्ताह के भीतर 'व्यापक लिखित अभ्यावेदन' दाखिल करने को कहा।

शीर्ष अदालत ने 16 मई को एक अंतरिम आदेश में राज्य सरकार को अगले तीन महीनों के भीतर अपने कर्मचारियों को बकाया महंगाई भत्ते का 25 प्रतिशत भुगतान करने को कहा था।

# मालदा में बीएलओ नियुक्ति में अनियमितता का आरोप, सीईओ ने तलब की रिपोर्ट

**मालदा/कोलकाता :** जिले में 61 बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) की नियुक्ति में गंभीर अनियमितताओं का आरोप सामने आया है। भाजपा ने सीधे तौर पर आरोप लगाया है कि जिला प्रशासन ने राजनीतिक दबाव में आकर चुनाव आयोग के नियमों को ताक पर रखकर बीएलओ नियुक्त किए हैं। इस आरोप के बाद प्रशासनिक हलकों में हड़कंप मच गया है।

मामले को गंभीरता से लेते हुए राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) मनोज अग्रवाल ने मालदा के जिलाशासक नितिन सिंघानिया से विस्तृत रिपोर्ट तलब की है।

नियम के अनुसार, बीएलओ पद पर नियुक्ति केवल सरकारी या अर्द्ध-सरकारी संस्थानों के कर्मचारियों में से ही चुनाव आयोग की स्वीकृति के साथ की जा सकती है। इसमें किसी भी तरह का राजनीतिक हस्तक्षेप या पक्षपात वर्जित है।

भाजपा का आरोप है कि मालदा में इस नियम का पालन नहीं किया गया और सत्तारूढ़ दल से नज़दीकी रखने वाले कई लोगों को प्रभाव डालकर बीएलओ बना दिया गया। इससे मतदाता सूची संशोधन प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल उठ रहे हैं।

हालांकि, जिला प्रशासन के एक वर्ग का कहना है कि सभी नियुक्तियां आयोग के निर्देशानुसार ही की गई हैं। फिर भी सीईओ द्वारा मांगी गई रिपोर्ट में विस्तार से बताना होगा कि किन व्यक्तियों को नियुक्त किया गया, उनका रोजगार स्वरूप क्या है और आयोग के दिशा-निर्देशों का किस हद तक पालन किया गया।

**बैण्डेल और कटवा के बीच एक जोड़ी ट्रेन का निरस्तीकरण**
रात के समय ट्रैक रखरखाव कार्य के लिए, हावड़ा मंडल के तहत बैण्डेल-कटवा शाखा में नबद्वीप धाम और पूर्बस्थली स्टेशनों के बीच अप बैण्डेल-आजिमगंज-कटवा लाइन पर दिनांक 10.09.2025 **(बुधवार)** से 11.09.2025 **(बृहस्पतिवार)** तक 2 दिनों के लिए प्रत्येक रात 3 **घंटे** के लिए **ट्रैफिक ब्लॉक** की आवश्यकता होगी। फलस्वरूप, 37741 **बैण्डेल-कटवा लोकल और** 37742 **कटवा-बैण्डेल लोकल ट्रेनें** दिनांक 10.09.2025 **(बुधवार)** और 11.09.2025 **(बृहस्पतिवार)** को **निरस्त** रहेंगी। **विशेष टिप्पणी:** ब्लॉक अवधि के दौरान स्पेशल या विलंब से चलने वाली ट्रेन और कोई भी नई शुरू की गई ट्रेन/पार्सल ट्रेन/टीओडी, यदि कोई हो, को ब्लॉक के दौरान मार्ग में सुविधानुसार नियंत्रित/मार्ग परिवर्तित किया जाएगा। यात्रियों से अनुरोध है कि वे स्टेशनों की जनसंबोधन प्रणाली का पालन करें। असुविधा के लिए खेद है।
**मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा**
पूर्व रेलवे
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**
मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, रेलवे स्टेशन के पास डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा-711101 **[वरिष्ठ डीईएन/सी/हावड़ा** के क्षेत्राधिकार के लिए] द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **एनआईटी सं.:** 133_2025-26, **कार्य का विवरण** : वरिष्ठ डीईएन/सी/हावड़ा के अधीन हावड़ा मंडल के कार्यक्षेत्र में इनसिटू ग्लूड जॉइंट्स का फैब्रिकेशन। **अनुमानित मूल्य:** रु. 2,24,03,134.26, **बयाना राशि:** रु.2,62,000/-, **समापन अवधि:** 09 (नौ) माह। **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** शून्य। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 22.09.2025 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट: **www.ireps. gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। ईएमडी और टीडीसी का भुगतान: ई-निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।
HWH-281/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# शिक्षक भर्ती घोटाला : गिरफ्तार तृणमूल विधायक को रकम देने वाले अभ्यर्थियों तक पहुंची ईडी

**कोलकाता, समाज्ञा**



स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) के तहत शिक्षक भर्ती घोटाला की जांच कर रही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ंचा से तृणमूल कांग्रेस के विधायक जीवन कृष्ण साहा को मोटी रकम चुकाने वाले अभ्यर्थियों की पहचान की है, क्योंकि उन्हें वादा किए गए पद नहीं मिले। सूत्रों के अनुसार, विधायक की गिरफ्तारी से पहले कई महीनों तक ये अभ्यर्थी उनसे पैसे लौटाने का दबाव बना रहे थे। ईडी के हाथ लगे मोबाइल फोन से एक ऑडियो क्लिप भी सामने आई है, जिसमें एक अभ्यर्थी साहा से अपने 12 लाख रुपये वापस करने की मांग करता सुनाई दे रहा है। उस अभ्यर्थी ने यह रकम स्कूल नौकरी दिलाने के नाम पर विधायक को दी थी, लेकिन नियुक्ति नहीं हो सकी। एजेंसी अब ऐसे अन्य अभ्यर्थियों को भी ट्रैक कर रही है, जिन्होंने लाखों रुपये दिए लेकिन नियुक्ति से वंचित रह गए। इन लोगों से पूछताछ कर और जानकारी जुटाने की तैयारी की जा रही है। जानकारी के मुताबिक, पहले से ही 75 ऐसे नाम सामने आ चुके हैं, जिन्होंने एक्सपायर्ड पैनल पर होने के बावजूद साहा को भारी रकम देकर नियुक्तियां हासिल कीं। इनकी भी चरणबद्ध पूछताछ जारी है।

# हाई कोर्ट ने 'द बंगाल फाइल्स' फिल्म को लेकर गोपाल पाठा के पोते की याचिका की खारिज

**कोलकाता, समाज्ञा**

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने सोमवार को गोपाल मुखर्जी के पोते, जिन्हें गोपाल पाठा के नाम से भी जाना जाता है, द्वारा फिल्म 'द बंगाल फाइल्स' की रिलीज के खिलाफ दायर याचिका खारिज कर दी। न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा ने कहा कि शांतनु मुखर्जी द्वारा दायर रिट याचिका का आधार केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) द्वारा उनके सूचना के अधिकार (आरटीआई) आवेदन का जवाब देने में निष्क्रियता है, जिसमें फिल्म में ऐतिहासिक पात्रों के चित्रण पर बोर्ड के विचार के बारे में विवरण मांगा गया था। न्यायालय ने कहा कि उक्त वाद-कारण पर दायर रिट याचिका विचारणीय नहीं होगी। न्यायालय ने आदेश दिया कि इसे एतद्द्वारा खारिज किया जाता है। बता दें कि शांतनु मुखर्जी ने द बंगाल फाइल्स की रिलीज के ख़िलाफ याचिका दायर की थी। याचिका में तर्क दिया गया था कि फ़िल्म उनके दादा को ग़लत तरीके से पेश करती है और उन्हें 'पठा' (बकरा) और 'कसाई' जैसे अपमानजनक शब्दों से चित्रित करती है। उन्होंने तर्क दिया कि इस तरह के चित्रण गोपाल पाठा की विरासत का अपमान करते हैं, जिन्होंने 1946 में डायरेक्ट एक्शन डे के बाद हुए सांप्रदायिक दंगों के दौरान मध्य कोलकाता के हिंदू इलाकों की रक्षा में प्रमुख भूमिका निभाई थी।

मुखर्जी ने अदालत को बताया कि उन्होंने पहले फिल्म निर्माता को एक कानूनी नोटिस जारी किया था, कई प्राथमिकी दर्ज की थीं, और एक आरटीआई आवेदन के माध्यम से केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) से भी जानकारी मांगी थी। हालांकि, उन्होंने दावा किया कि उन्हें कोई जवाब नहीं मिला। उनकी याचिका में उन दृश्यों को हटाने या संशोधित करने की मांग की गई थी जो उनके अनुसार उनके दादा को बदनाम करते हैं, साथ ही राज्य में फिल्म की रिलीज़ पर रोक लगाने की भी मांग की गई थी। याचिका में सीबीएफसी की भूमिका की स्वतंत्र जांच की भी मांग की गई है, तथा कहा गया है कि निर्देशक अग्निहोत्री स्वयं बोर्ड के सदस्य हैं और उन्हें फिल्म से संबंधित निर्णय लेने से अलग रहना चाहिए।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**
**निविदा सूचना संख्या: ई-टेंडर/2025/29, दिनांक: 04.09.2025।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (अभियांत्रिकी), दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर-721301 निम्नलिखित कार्यों के लिए मदों के सामने उल्लिखित तारीख को **अपराह्न 3:00 बजे से** पहले ई-निविदा आमंत्रित करते हैं और निविदा **अपराह्न 3:30 बजे** खोली जाएगी। **क्रम संख्या:** 1। **निविदा संख्या: ई-केजीपी-एचक्यू-36-2025। कार्य का विवरण:** एडीईएन/तमलुक के अधिकार क्षेत्र के अधीन दुर्गाचक में लाइन संख्या 1 के पांसकुड़ा छोर पर ओवर-रन लाइन का निर्माण। **निविदा मूल्य:** ₹ 27,93,888.62। **बयाना राशि:** ₹ 55,900। **क्रम संख्या:** 2। **निविदा संख्या: ई-केजीपी-एचक्यू-38-2025। कार्य का विवरण:** एडीईएन/तमलुक के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत तमलुक-दीघा खंड में सम्पूर्ण रेल नवीकरण (सेकेंडरी) अर्थात् 10.619 ट्रैक्शन किमी. का टीआरआर (एस) का संपादन। **निविदा मूल्य:** ₹ 1,12,70,976.03। **बयाना राशि:** ₹ 2,06,400। **क्रम संख्या:** 3। **निविदा संख्या: ई-केजीपी-एचक्यू-39-2025। कार्य का विवरण:** एडीईएन/सेटलमेंट/खड़गपुर के अधिकार क्षेत्र के अधीन एसएसई (डब्ल्यू)/एसडब्ल्यू/खड़गपुर के अधीन मंडल रेल अस्पताल की संरचना का सुधार एवं जीर्णोद्धार। **निविदा मूल्य:** ₹ 89,77,954.90। **बयाना राशि:** ₹ 1,79,600। **क्रम संख्या:** 4। **निविदा संख्या: ई-केजीपी-एचक्यू-40-2025। कार्य का विवरण:** एसएसई(पी.वे)/कांथी के अधिकार क्षेत्र के अधीन हेंड़िया-दीघा खंड में शौचालय, पेय जल सुविधा, छत का उपचार एवं मानक बेड़ा (25 अदद) प्रदान करके समपार फाटक गुमटियों का सुधार। **निविदा मूल्य:** ₹ 2,49,05,017.41। **बयाना राशि:** ₹ 2,74,500। **क्रम संख्या:** 5। **निविदा संख्या: ई-केजीपी-वेस्ट-36-2025। कार्य का विवरण:** डीईएन/पश्चिम/खड़गपुर के अधिकार क्षेत्र के अधीन ब्रिज अप्रोच का सुधार सहित बैलास्ट रिटेनिंग वाल का निर्माण, सेस, सेस/कैच वाटर ड्रेन का चौड़ीकरण आदि। **निविदा मूल्य:** ₹ 2,67,99,925.31। **बयाना राशि:** ₹ 2,84,000। **क्रम संख्या:** 6। **निविदा संख्या: ई-केजीपी-वेस्ट-37-2025। कार्य का विवरण:** एडीईएन/झाड़ग्राम के अधीन एच-बीम स्लीपरों द्वारा गार्डर ब्रिज पर एलाइनमेंट रिटेनर्स की फिक्सिंग। **निविदा मूल्य:** ₹ 1,75,61,822.50। **बयाना राशि:** ₹ 2,37,800। **क्रम संख्या:** 7। **निविदा संख्या: ई-केजीपी-ईस्ट-56-2025। कार्य का विवरण:** डीईएन/पूर्व/खड़गपुर के अधिकार क्षेत्र के अधीन चेंगाइल यार्ड पर पसराहा-110 केएमपीएच को हटाने के लिए अप मेन लाइन पर क्षतिग्रस्त लेआउट के सुधार कार्य का सम्पादन। **निविदा मूल्य:** ₹ 6,10,69,746.97। **बयाना राशि:** ₹ 4,55,400। **क्रम संख्या:** 8। **निविदा संख्या: ई-केजीपी-ईस्ट-57-2025। कार्य का विवरण:** डीईएन/पूर्व/खड़गपुर के अधीन ट्रांसलामाटिक रोबोटिक वेल्डर की तकनीक का इस्तेमाल करके सीएमएस क्रॉसिंग की री-कंडीशनिंग कार्य का सम्पादन। **निविदा मूल्य:** ₹ 2,15,30,624.50। **बयाना राशि:** ₹ 2,57,700। **खुलने की तारीख:** 24.09.2025 (क्रम संख्या 1 एवं 2 प्रत्येक के लिए) तथा 25.09.2025 (क्रम संख्या 3 से 8 प्रत्येक के लिए)। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** ₹ 0 (क्रम संख्या 1 से 8 प्रत्येक के लिए)। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 06 महीने (क्रम संख्या 1 के लिए), 12 महीने (क्रम संख्या 2 से 4 एवं 6 से 8 प्रत्येक के लिए) एवं 18 महीने (क्रम संख्या 5 के लिए)। **बोली शुरू होने की तारीख:** 10.09.2025 से 24.09.2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक (क्रम संख्या 1 एवं 2 प्रत्येक के लिए) तथा 11.09.2025 से 25.09.2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक (क्रम संख्या 3 से 8 प्रत्येक के लिए)। निविदाओं के सम्पूर्ण विवरण/ब्योरा/स्पेसिफिकेशन के लिए इच्छुक निविदादाता वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं और अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इन कार्यों के लिए किसी भी परिस्थिति में मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। **वि.द्र.:** सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए भावी बोलीदाता वेबसाइट **www.ireps.gov.in** नियमित रूप से देख सकते हैं। (PR-600)

# तेहट्ट में बच्चे की 'हत्या' का बदला लेने के लिए मॉब लिंचिंग मामले में 200 लोगों के खिलाफ एफआईआर



**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले में हुई लिंचिंग की घटना में पुलिस ने सोमवार को पहली गिरफ्तारी की है। यह मामला तेहट्ट के निश्चिंतपुर इलाके का है, जहां नौ साल के एक बच्चे की हत्या के शक में भीड़ ने एक दंपत्ति को बेरहमी से पीट-पीटकर मार डाला था। पुलिस ने इस घटना में 200 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, गिरफ्तार युवक करीमपुर थाना क्षेत्र से पकड़ा गया, जब वह फरार होने की कोशिश कर रहा था। नदिया जिला पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एक आरोपित को गिरफ्तार किया गया है। बाकी आरोपितों की तलाश जारी है। मामले की गहन जांच की जा रही है। यह घटना शुक्रवार की रात की है, जब तीसरी कक्षा का छात्र स्वर्णभा विश्वास खेलते-खेलते लापता हो गया था। काफी खोजबीन के बाद शनिवार की सुबह उसका शव एक तालाब में तिरपाल में लिपटा मिला। बच्चे की मौत की खबर मिलते ही ग्रामीणों ने गुस्से में उत्पल विश्वास और उनकी पत्नी सोमा विश्वास पर हत्या का आरोप लगाकर दोनों को बुरी तरह पीट दिया। इस दौरान, उनकी बहू निशा को भी पीटा गया, जो गंभीर हालत में इलाजरत है। भीड़ ने उनके घर में भी आग लगा दी। घटना के बाद इलाके में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। जिस जगह से बच्चे का शव बरामद हुआ और जहां दंपत्ति की हत्या हुई, उसे पुलिस ने घेरकर रखा है। वहां टूटे हुए बांस के डंडे और खून के निशान अब भी मौजूद हैं। पुलिस ने पूरे क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे भी लगाए हैं और फॉरेंसिक टीम के आने तक आम लोगों को घटनास्थल से दूर रखा गया है। इस बीच, रविवार की सुबह पुलिस ने बच्चे की हत्या के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया था। अदालत ने उन्हें पुलिस हिरासत में भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है ताकि असली दोषियों को सजा मिल सके।

### ममता की टिप्पणी से 'अपमानित'?

# धरना देने की अनुमति के लिए अदालत पहुँचे भाजपा से जुड़े पूर्व सैन्य अधिकारी

**कोलकाता :** पूर्व सैन्य अधिकारियों के धरना देने में कोई आपत्ति नहीं है। सोमवार को कलकत्ता हाईकोर्ट ने यह टिप्पणी की। हाल ही में कई सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारियों ने मेयो रोड स्थित गांधी मूर्ति के पादपृष्ठ पर धरने की अनुमति के लिए अदालत का दरवाज़ा खटखटाया था। यह मामला न्यायमूर्ति तीर्थंकर घोष की पीठ में सुनवाई के लिए आया।

सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति ने प्रारंभिक टिप्पणी में कहा कि आंदोलनकारियों के धरने में कोई असुविधा नहीं है। राज्य सरकार की ओर से भी बताया गया कि सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारियों के शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन को लेकर उनकी ओर से कोई आपत्ति नहीं है। हालांकि, इस पर अंतिम निर्णय मंगलवार को सुनाया जाएगा।

अदालत ने यह भी कहा कि यदि प्रदर्शनकारियों की संख्या 300-400 तक रहती है तो कोई समस्या नहीं होगी। साथ ही, राज्य सरकार को निर्देश दिया गया कि आंदोलन स्थल पर गार्डरेल की व्यवस्था की जाए और प्रदर्शनकारियों को उसी घेराबंदी के भीतर रहना होगा।

गौरतलब है कि आंदोलनकारियों ने सेना की अनुमति पहले ही प्राप्त कर ली है, अब राज्य और अदालत की अंतिम स्वीकृति शेष है। मंगलवार को इस मामले पर पुनः सुनवाई होगी और तभी अंतिम फैसला आने की संभावना है।

**पूर्व रेलवे**
**निविदा सूचना सं. ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-17-25, दिनांक 03.09.2025,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.वि.), पूर्व रेलवे, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नवर्णित कार्य के लिए निविदा सं. ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-17-25 के प्रतिपक्ष ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम एवं स्थान:** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल के अधीन ईएमयू कार शेड सेक्शन बिल्डिंग और कार शेड स्टोर के निर्माण के संबंध में 25 केवी ओएचई कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत:** रु.26,38,073.62, **बयाना राशि/ बोली सुरक्षा जमा की जानी है:** रु. 52,800/-, **निविदा प्रपत्र की लागत :** शून्य। **कार्य समाप्ति की अवधि :** एलओए जारी करने की तिथि से 12 (बारह) माह। **निविदा समापन तिथि और समय:** दिनांक 26.09.2025 को 15.00 बजे। **निविदा का खुलना:** निविदा के बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोली जाएगी। निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण/वर्णन/विनिर्देश के लिए वेबसाइट **www.ireps. gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।
HWH-282/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# नौवीं-दसवीं, ग्यारहवीं-बारहवीं और ग्रुप-सी मामले में चार्ज तय करने की तारीख घोषित

### अब नहीं कोई बाधा न्याय प्रक्रिया में



**कोलकाता :** शिक्षक भर्ती घोटाले से जुड़े नौवीं-दसवीं, ग्यारहवीं-बारहवीं और ग्रुप-सी मामलों में चार्ज तय करने की तारीख घोषित कर दी गई है। सीबीआई की विशेष अदालत ने सोमवार को बताया कि आगामी 11, 12 और 15 सितंबर को आरोप तय किए जाएंगे।

इस प्रकार, तीन दिनों में चार्ज गठन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद औपचारिक रूप से न्यायिक प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। अदालत के निर्णय के बाद यह साफ हो गया है कि इन मामलों में अब न्यायिक प्रक्रिया में कोई अड़चन नहीं है।

गौरतलब है कि इन मामलों में राज्य के पूर्व शिक्षामंत्री पार्थ चटर्जी, पूर्व मंत्री परेश अधिकारी और उनकी बेटी सहित कई बड़े नाम आरोपित हैं। पैसे लेकर और देकर नौकरी में धांधली करने के आरोप में इनके खिलाफ पहले ही चार्जशीट दाखिल हो चुकी है।

अब अदालत की ओर से चार्ज तय होते ही गवाहों के बयान दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू होगी। संभावना जताई जा रही है कि पूजा से पहले ही सुनवाई का सिलसिला प्रारंभ हो जाएगा।

# बीएसएफ ने नदिया में पांच करोड़ का सोना किया जब्त, एक गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने नदिया जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा के निकट पांच करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के सोने के बिस्कुट जब्त किए हैं और एक कथित तस्कर को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि खुफिया सूचनाओं के आधार पर बीएसएफ के दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के जवानों ने शनिवार को सुंदर सीमा चौकी के पास एक व्यक्ति को रोका और उसकी कमर के पास छिपे सोने के 35 बिस्कुट बरामद किए।

बीएसएफ के एक प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी धनतला थाना क्षेत्र के हरितलापारा गांव का निवासी है और विस्तृत जांच के लिए उसे और जब्त किए गए सोने के बिस्कुटों को संबंधित अधिकारियों को सौंप दिया गया है। अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ के दौरान उसने अंतरराष्ट्रीय सीमा पार सोने की तस्करी में शामिल एक नेटवर्क के बारे में जानकारी दी, जिसकी पुष्टि की जा रही है। उन्होंने बताया कि हाल के दिनों में भारत-बांग्लादेश सीमा पर सोने की यह तीसरी बड़ी जब्ती है।

www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
- MATRIMONIAL
- PROPERTY
- RECRUITMENT
- EDUCATION
- NAME CHANGE
- PUBLIC NOTICE
- OBITUARY
- REMEMBRANCE
- DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# टीएमसीपी पर मोदी, शाह के साथ टैगोर की तस्वीर जलाने का आरोप

- भाजपा ने किया विरोध-प्रदर्शन
- मालदह में तृणमूल कांग्रेस के एक छात्र नेता पर लगा आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस छात्र परिषद (टीएमसीपी) के एक छात्र नेता पर मालदह जिले के चांचल कालेज परिसर में कविगुरु रवींद्रनाथ टैगोर, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की तस्वीरों को जलाने का प्रयास करने का आरोप लगा है। भाजपा ने इस घटना का कड़ा विरोध किया है और कहा कि इस कृत्य से देश भर के लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। इस घटना के खिलाफ सोमवार को जगह-जगह विरोध रैली निकाली गई।



केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार व भाजपा की बंगाल इकाई ने अपने अपने एक्स हैंडल पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें कथित तौर पर टीएमसीपी की चांचल कॉलेज इकाई के अध्यक्ष भाजपा शासित राज्यों में बंगालियों पर कथित अत्याचारों के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान मोदी, शाह और टैगोर की तस्वीरों को आग लगाने का प्रयास करते हुए दिख रहे हैं। मजूमदार ने कहा कि इस तरह की बर्बरता और दुस्साहस पूरे बंगाली समाज का सिर नीचा करता है और हर भारतीय की संवेदनाओं को ठेस पहुंचाता है। कोलकाता में निकाली गई विरोध रैली में नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भाषा आंदोलन के नाम पर पाखंड और झूठा नाटक करती हैं। टैगोर की तस्वीर को जलाने की कोशिश बंगालियों की संस्कृति के साथ विश्वासघात और बंगाली अस्मिता की भावना को ठेस पहुंचाने के समान है। उन्होंने पुलिस और प्रशासन से इस तरह के कृत्य के दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की।

# गौड़बंग विश्वविद्यालय में प्रवेश शुल्क वृद्धि पर बवाल, छात्रों का उग्र प्रदर्शन

**मालदह :** गौड़बंग विश्वविद्यालय में प्रवेश शुल्क बढ़ाने के विरोध में सोमवार को छात्रों का आंदोलन उग्र रूप ले लिया। दिनभर विश्वविद्यालय परिसर में जोरदार प्रदर्शन, नारेबाजी और धक्का-मुक्की चली। बाद में, आक्रोशित छात्रों के एक गुट ने 12 नंबर राष्ट्रीय राजमार्ग को भी अवरुद्ध कर दिया, जिससे यातायात ठप हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर प्रदर्शनकारियों से बातचीत कर अवरोध हटाने की कोशिश की। छात्रों का आरोप है कि इस साल प्रवेश शुल्क में अत्यधिक वृद्धि की गई है।

वर्ष 2023-24 में कला विभाग की प्रवेश फीस 2,300 रुपये थी, जिसे इस बार बढ़ाकर 4,820 कर दिया गया है। वहीं, विज्ञान विभाग की फीस 3,720 से बढ़ाकर 6,820 कर दी गई है। छात्रों का कहना है कि विश्वविद्यालय में अधिकतर विद्यार्थी निम्न और मध्यमवर्गीय परिवारों से आते हैं। इतनी अधिक फीस बढ़ोतरी से इन परिवारों पर गंभीर आर्थिक बोझ पड़ेगा। बता दें कि फीस वृद्धि पर विरोध जताते हुए जून से ही दूसरे सेमेस्टर का प्रवेश स्थगित कर दिया गया था। यह फैसला तत्कालीन कुलपति पबित्र चटर्जी के निर्देश पर लिया गया था। लेकिन, 27 अगस्त को राज्यपाल व आचार्य सी.वी. आनंद बोस ने अचानक उपकुलपति को पद से हटा दिया। इसके चलते फीस कम करने और दाखिला प्रक्रिया शुरू करने का मामला अधर में लटक गया। रजिस्ट्रार की देखरेख में बैठक हुई, लेकिन कोई समाधान नहीं निकल सका। इस दिन, जब छात्र विश्वविद्यालय गेट के सामने धरना दे रहे थे, तभी उन पर कुछ बाहरी लोगों के हमले का भी आरोप लगा। धक्का-मुक्की में कई छात्र घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया।

प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि आंदोलन तोड़ने के लिए उन्हें विभिन्न तरह से धमकाया भी जा रहा है।

## कोलकाता में यूरोकिड्स का बड़ा विस्तार

**कोलकाता :** भारत के प्रमुख प्री-स्कूल विशेषज्ञ यूरोकिड्स ने अपने पाठ्यक्रम का 8वां संस्करण 'ह्यूरेका' लॉन्च करने की घोषणा की है। यह पाठ्यक्रम हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के प्रोजेक्ट ज़ीरो से प्रेरित है और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की समग्र विकास की दृष्टि के अनुरूप तैयार किया गया है। इसका उद्देश्य छोटे बच्चों की क्रिटिकल और क्रिएटिव सोचने की क्षमता को बढ़ाना है। पाठ्यक्रम के शुभारंभ की घोषणा करते हुए, लाइटहाउस लर्निंग के प्री-के डिवीजन (यूरोकिड्स) के सीईओ, केवीएस शेषसाई ने कहा, यूरोकिड्स में हम आजीवन सीखने की नींव जिज्ञासा और आलोचनात्मक सोच को बचपन से ही पोषित करके रखते हैं। डॉ. अनीता मदान ने ह्यूरेका को प्रारंभिक बाल शिक्षा क्षेत्र का सबसे अभिनव पाठ्यक्रम बनाया है। डॉ. अनीता मदान, हेड ऑफ करिकुलम डेवलपमेंट, यूरोकिड्स ने कहा, ह्यूरेका प्रारंभिक शिक्षा का एक परिवर्तनकारी दृष्टिकोण है।

## आसनसोल मंडल ने सभी स्टेशनों और परिसरों में व्यापक स्वच्छता अभियान किया शुरू



**आसनसोल :** आसनसोल मंडल ने पूरे मंडल में सघन स्वच्छता अभियान चलाया। इस पहल का उद्देश्य यात्री क्षेत्रों और संस्थागत परिसरों में स्वच्छता मानकों को बेहतर बनाना था। पांडवेश्वर स्टेशन पर प्लेटफार्म, प्रतीक्षालय, बुकिंग काउंटर, शौचालय, आवागमन क्षेत्र, पहुंच मार्ग, नालियां, पानी के बूथ, बैठने की जगह, स्टेशन के सामने और दीवारों सहित सभी प्रमुख क्षेत्रों की व्यवस्थित सफाई की गई। यात्रियों की सुविधा बढ़ाने के लिए स्टेशन परिसर से प्लास्टिक कचरा और अन्य अपशिष्ट हटाए गए, नालियों की सफाई की गई, पानी के बूथों को सैनिटाइज किया गया और बैठने की जगहों को साफ-सुथरा बनाया गया। एमडीजेडटीआई/भूली में कक्षाओं, छात्रावासों, प्रशिक्षण कक्षों, रसोईघर, शौचालयों, गलियारों और लॉन सहित पूरे परिसर की व्यवस्थित सफाई की गई। प्रशिक्षुओं और आगंतुकों के लिए अपशिष्ट संग्रहण, पृथक्करण और निपटान पर्यावरण-हितैषी तरीके से किया गया। सफाई अभियान से न केवल स्पष्ट सुधार हुआ, बल्कि कर्मचारियों और यात्रियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता भी बढ़ी।

## खेजुरी में भाजपा कार्यकर्ताओं की मौत मामला:

# जांच अधिकारी की भूमिका पर हाईकोर्ट की नाराजगी, राज्य से जवाब तलब

**कोलकाता :** खेजुरी में दो भाजपा कार्यकर्ताओं की मौत मामले में जांच अधिकारी (आईओ) की भूमिका पर सवाल उठाया है कलकत्ता हाईकोर्ट ने। अदालत ने अगले सोमवार तक सभी संबंधित दस्तावेज़ पेश करने का निर्देश दिया है।

सोमवार को पुलिस ने अदालत में रिपोर्ट जमा की, जिसमें उल्लेख किया गया कि जांच अधिकारी ने पोस्टमॉर्टम से पहले और बाद में कई बार चिकित्सक को फोन किया था। इस खुलासे पर न्यायाधीश देवांशु बसाक और शब्बर रशीदी की खंडपीठ ने कड़ी आपत्ति जताई और सवाल किया कि आखिर क्यों आईओ को इतने बार फोन करने की



ज़रूरत पड़ी?

गौरतलब है कि पिछले जुलाई में सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान बिजली का करंट लगने से भाजपा कार्यकर्ता चंद्र पाइक और सुजीत दास की मौत हुई थी। विपक्षी नेता शुभेंदु अधिकारी ने आरोप लगाया था कि दोनों की योजनाबद्ध हत्या की गई। मृतकों का पोस्टमॉर्टम तामलुक मेडिकल कॉलेज में हुआ था। उसी दौरान जांच अधिकारी और पोस्टमॉर्टम चिकित्सक के बीच बातचीत पर सवाल खड़े हुए।

पुलिस की रिपोर्ट के विपरीत सीआईडी ने अदालत में दावा किया कि मोबाइल कॉल लिस्ट में किसी तरह की संदिग्ध बातचीत नहीं मिली। राज्य के एडवोकेट जनरल ने भी यही बात दोहराई, लेकिन न्यायाधीशों ने पूछा कि बिना पुख्ता सबूत के यह दावा किस आधार पर किया जा रहा है?

अदालत ने स्पष्ट किया कि सोमवार तक पूरी जानकारी और सबूत अदालत में जमा करना होगा। उसी दिन इस मामले की अगली सुनवाई होगी।

## आर्मेनियम घाट युवक समिति के विश्वकर्मा पूजा का खूंटी पूजा संपन्न

**हावड़ा, समाज्ञा :** आर्मेनियम घाट युवक समिति के 35वें वर्ष आयोजित होने वाले विश्वकर्मा पूजा का खूंटी पूजा विधिवत संपन्न हुआ। आर्मेनियम घाट स्ट्रैंड रोड के संगम स्थल पर यह पूजा अर्चना की गई। संस्था के सभी कार्यकर्ताओं ने शुभ बेला पर सभी भक्तगणों, दर्शकों में लड्डू वितरित किया गया। दारा सिंह ने आए हुए सभी अतिथियों दर्शकों का अभिवादन किया और धन्यवाद दिया। संस्था के अध्यक्ष रतन बनीक ने प्रसाद में लड्डू भक्त और दर्शकों को वितरण किया, महासचिव उमाशंकर प्रसाद, शैलेश मिश्रा, संतोष सिंह, विनोद ओझा, उदय भाई, गुड्डू सिंह, राजकुमार जायसवाल,कपिल शर्मा, अधिवक्ता श्याम साव, उमाकांत राय, आनंद गुप्ता, संयोजक राजा दास, मनीष मंडल, राम साव, सुभाष यादव, शंकर साहनी, प्रेम कांत झा व अन्य उपस्थित रहे।





कोलकाता में हरियाणा युवा संगठन के अध्यक्ष सुरेश शर्मा हरियाणा के राज्यपाल असीम कुमार घोष को सम्मानित करते हुए एवं साथ में रतन शर्मा, रणबीर सिंह, दुलीचन्द शर्मा, सुनील शास्त्री उपस्थित रहे।

## फाइनेंशियल टाइम्स मास्टर्स रैंकिंग में 41वें स्थान पर पहुंचा आईआईएम कलकत्ता

**कोलकाता, समाज्ञा :** आईआईएम कलकत्ता ने अपने दो-वर्षीय एमबीए कार्यक्रम के लिए 'फाइनेंशियल टाइम्स मास्टर्स इन मैनेजमेंट' (एमआईएम) रैंकिंग 2025 में दुनिया भर में 41वां स्थान हासिल किया है। यह पिछले साल के 56वें स्थान से ऊपर है। सोमवार को जारी एक बयान में कहा गया कि भारतीय प्रबंध संस्थानों में आईआईएम कलकत्ता समग्र रूप से तीसरे स्थान पर रहा। अधिसूचना के अनुसार, यह संस्थान एलुमनाई नेटवर्क और इंटरनेशनल बोर्ड के मापदंडों में दूसरे स्थान पर और करियर सेवा, लक्ष्यों की प्राप्ति, औसत वेतन, अंतरराष्ट्रीय पाठ्यक्रम अनुभव और समग्र संतुष्टि जैसे मानदंडों में तीसरे स्थान पर रहा।




कोलकाता राउंड टेबल 4 की श्रावण पहल : सुंदरबन के दूरदराज गांवों से आए 160 वरिष्ठ नागरिकों को कराया जा रहा है पावन अयोध्या दर्शन।

## अखिल भारतीय प्रगतिशील सुल्तानपुर समाज का वार्षिकोत्सव संपन्न

**कोलकाता, समाज्ञा**

अखिल भारतीय प्रगतिशील सुल्तानपुर समाज का वार्षिकोत्सव रविवार को भारत सभा में सम्पन्न हुआ। समारोह में क्षत्रिय समाज के संरक्षक जय प्रकाश सिंह, तारकेश्वर दूबे एवं अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। इस दौरान, रणविजय सिंह, शिवशंकर सिंह, रामचन्द्र शुक्ला, राय साहब सिंह को विशिष्ट समाज सेवा सम्मान से सम्मानित किया। जय प्रकाश सिंह, समाज संरक्षक सूर्यनाथ सिंह, अध्यक्ष प्रदीप ओझा द्वारा समाज के संस्थापक सदस्य एवं पूर्व अध्यक्ष स्व. काशी प्रसाद सिंह को समाज रत्न से विभूषित किया गया जिसे उनके बड़े सुपुत्र रवीन्द्र प्रताप सिंह ने ग्रहण किया। इस अवसर पर पुत्र सुरेन्द्र



प्रताप सिंह, पौत्र आकर्ष पौत्री अक्षिता, अंशिका सिंह मंच पर उपस्थित थे।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में उपाध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप सिंह, गिरीश दूबे, बृजेन्द्र प्रताप सिंह, अमर बहादुर सिंह, अनिल सिंह, संजय सिंह, ओम प्रताप सिंह, विजय कांत पांडे, इंद्रजीत सिंह, राघवेंद्र सिंह, कार्यक्रम संयोजक योगेन्द्र सिंह, श्याम नारायण सिंह, दयाराम धुरिया, अनय सिंह, प्रदीप सिंह आदि का विशेष योगदान रहा। समारोह का संचालन राकेश सिंह ने किया।

## पूर्व रेलवे हावड़ा डिवीजन ने पुराने बनारस रोड ओवर ब्रिज पर वाहन प्रतिबंध लगाया

**कोलकाता, समाज्ञा**

हावड़ा डिवीजन ने पुराने बनारस रोड ओवर ब्रिज (आरओबी), हावड़ा पर वाहनों की आवाजाही को अस्थायी रूप से प्रतिबंधित करने का निर्णय लिया है। मौजूदा ब्रिज अपनी उम्र के कारण संरचनात्मक रूप से कमजोर हो गया है। डेक स्लैब को सहारा देने वाले स्टील गर्डर्स जंग लगने और क्षतिग्रस्त होने के कारण उसकी भार वहन क्षमता काफी कम हो गई है। भारी वाहनों का नियमित आवागमन सार्वजनिक सुरक्षा के लिए खतरा पैदा कर सकता है। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तत्काल प्रभाव से पुराने बनारस आरओबी पर सभी चारपहिया वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया है। केवल दोपहिया वाहन और टोटो ही इस ब्रिज पर चल सकेंगे। चारपहिया वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से आवागमन करने की सलाह दी गई है। इसके साथ ही, नए बनारस रोड ओवर ब्रिज का निर्माण तेजी से प्रगति पर है। नए ब्रिज की लंबाई तीन आधुनिक बो स्ट्रिंग गर्डर्स के साथ 66 मीटर और 24 मीटर (एंड स्पैन) है, और इसकी कुल चौड़ाई 11.01 मीटर है, जिसमें 7.5 मीटर का दो-लेन मार्ग और पैदल मार्ग शामिल है। नए ब्रिज का आधुनिक डिजाइन पुराने सेमी-थ्रू गर्डर को बदलते हुए सुरक्षा, टिकाऊपन और यातायात प्रवाह में सुधार सुनिश्चित करेगा। इस नए ब्रिज के निर्माण के बाद पुराने ब्रिज पर लगाए गए प्रतिबंध हटा दिए जाएंगे और सड़क यातायात बिना किसी रोक-टोक के सुचारू रूप से संचालित होगा।

## एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने पूरे भारत में सुरक्षा प्रबंधकों हेतु एसएमएस प्रशिक्षण कार्यक्रम किया शुरू

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत के एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई), ईस्टर्न रीजनल हेडक्वार्टर ने कोलकाता में सुरक्षा प्रबंधकों के लिए पैन इंडिया सेफ्टी मैनेजमेंट सिस्टम (एसएमएस) प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 8 से 12 सितंबर 2025 तक चलेगा। कार्यक्रम का उद्घाटन निवेदिता दुबे, रीजनल एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर (ईस्टर्न रीजन) और डॉ. पी. आर. बौरिया, एयरपोर्ट डायरेक्टर, एनएससीबीआई एयरपोर्ट, कोलकाता ने संयुक्त रूप से किया।



देशभर के विभिन्न हवाई अड्डों से कुल 25 प्रतिभागी इस प्रशिक्षण में शामिल हैं, जिसका उद्देश्य एएआई हवाई अड्डों पर अंतरराष्ट्रीय विमानन सुरक्षा मानकों के अनुरूप सेफ्टी मैनेजमेंट सिस्टम को सुदृढ़ करना है। उद्घाटन भाषण में श्रीमती दुबे ने सुरक्षा प्रबंधकों की सतत क्षमता निर्माण और हवाई अड्डा संचालन में संभावित जोखिमों की सक्रिय पहचान एवं नियंत्रण के महत्व पर जोर दिया। डॉ. बौरिया ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया और आश्वासन दिया कि इस प्रशिक्षण से एएआई हवाई अड्डों में परिचालन सुरक्षा को मजबूती मिलेगी। प्रशिक्षण में सुरक्षा नीति, जोखिम प्रबंधन, सुरक्षा आश्वासन, सुरक्षा प्रचार और वैश्विक नियामक आवश्यकताओं पर मॉड्यूल शामिल हैं। इन सत्रों का संचालन अनुभवी फैकल्टी और सुरक्षा विशेषज्ञ कर रहे हैं।

# दुर्गा पूजा पर भीड़ प्रबंधन के लिए सियालदह मंडल की विशेष तैयारियां

**कोलकाता, समाज्ञा :** दुर्गा पूजा के दौरान यात्रियों की भारी भीड़ को नियंत्रित करने और सुचारू परिवहन सुनिश्चित करने के लिए सियालदह मंडल ने विशेष इंतजाम किए हैं। इस संबंध में डीआरएम कार्यालय, सियालदह में एक उच्च स्तरीय आपात बैठक आयोजित की गई, जिसमें सभी विभागीय अधिकारियों और अन्य संबंधित अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में पंडाल हॉपर्स की सुविधा और उनकी सुरक्षित यात्रा को ध्यान में रखते हुए कई अहम निर्णय लिए गए।

28 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सभी गैलोपिंग ट्रेनें हर स्टेशन पर रुकेंगी और ट्रेनों की समयबद्धता पर उच्च स्तर पर निगरानी रखी जाएगी। सियालदह स्टेशन पर 10 अतिरिक्त मोबाइल यूटीएस, 17 एटीवीएम और 21 टिकट काउंटर 24 घंटे चालू रहेंगे। टिकट काउंटरों पर भीड़ को संभालने के लिए अतिरिक्त बुकिंग क्लर्क भी लगाए जाएंगे। स्टेशन का पार्किंग क्षेत्र बंद कर आपात स्थिति में भीड़ प्रबंधन स्थल के रूप में उपयोग होगा। पिक ऑवर्स में ट्रॉली मूवमेंट पर रोक और प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर 'प्रफुल्ल द्वार' को खोला जाएगा, जहां 4 टिकट काउंटर और 4 एटीवीएम लगाए जाएंगे।

मेल/एक्सप्रेस यात्रियों के लिए अलग ड्रॉपिंग प्वाइंट बनाया जाएगा। भीड़ नियंत्रण के लिए विशेष रात्रिकालीन



ट्रेनें (सियालदह-कल्याणी और बालीगंज-सोनारपुर) चलाई जाएंगी और रणनीतिक स्थानों पर अतिरिक्त ईएमयू रैक रखे जाएंगे। व्यस्त लेवल क्रॉसिंग गेट्स पर आरपीएफ और स्वयंसेवक तैनात होंगे। साथ ही भीड़भाड़ वाले स्टेशनों पर मे आई हेल्प यू बूथ खोले जाएंगे, जिनमें पुलिस, अस्पताल और अग्निशमन सेवाओं के आपात नंबर उपलब्ध होंगे।

पूरे मंडल में पेयजल की निर्बाध आपूर्ति, पर्याप्त अग्निशमन यंत्र और प्रमुख स्टेशनों पर चिकित्सा सहायता बूथ उपलब्ध रहेंगे। डीआरएम ने निर्माण सामग्री को तुरंत हटाने और सभी विभागों को आपसी तालमेल के साथ आपात योजनाएं बनाने के निर्देश दिए हैं। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे सहयोग कर दुर्गा पूजा के दौरान यात्रा को सुरक्षित और सुगम बनाएं।

## फ्लिपकार्ट ने वाराणसी, पटना, मानेसर, रांची, गाजियाबाद, आगरा, अगरतला सहित पूरे भारत में सप्लाई चेन को दी मजबूती

**कोलकाता, समाज्ञा :** फ्लिपकार्ट ने आगामी त्योहारी सीजन और 'द बिग बिलियन डेज' से पहले अपने सप्लाई चेन नेटवर्क के बड़े विस्तार की घोषणा की है। कंपनी ने वाराणसी, पटना, मानेसर, रांची, गाजियाबाद, आगरा और अगरतला समेत कई प्रमुख शहरों में नए फुलफिलमेंट सेंटर और लास्ट माइल हब स्थापित किए हैं। इसके जरिए 35 लाख वर्ग फीट में विस्तारित नेटवर्क तैयार हुआ है, जो 21,000 से अधिक पिनकोड को कवर करेगा। फ्लिपकार्ट ने 19 शहरों में 400 से अधिक माइक्रो फुलफिलमेंट सेंटर भी जोड़े हैं, जिससे ग्राहकों को तेज डिलीवरी और किफायती दाम का लाभ मिलेगा। कंपनी का कहना है कि इस विस्तार से 2.2 लाख से ज्यादा सीजनल रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं, जिनमें महिलाओं, दिव्यांगजनों और पहली बार नौकरी तलाशने वाले युवाओं पर विशेष ध्यान दिया गया है। फ्लिपकार्ट का उद्देश्य स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाते हुए एक तकनीक-आधारित और समावेशी सप्लाई चेन तैयार करना है।

## वीएलसीसी ने लॉन्च किया द ग्रेट इंडियन ब्यूटी फेस्टिवल, 50 प्रतिशत तक छूट

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत के अग्रणी ब्यूटी एवं वैलनेस ब्रांड वीएलसीसी ने देश के सबसे बड़े ब्यूटी सेलिब्रेशन – द ग्रेट इंडियन ब्यूटी फेस्टिवल 2025 के शुभारंभ की घोषणा की है। यह एक महीने तक चलने वाला विशेष उत्सव पूरे भारत में 219 से अधिक वीएलसीसी क्लिनिक्स में आयोजित होगा। इस दौरान उपभोक्ताओं को एडवांस्ड स्किन और बॉडी सॉल्यूशन्स पर 50% तक की छूट मिलेगी। फेस्टिवल में फेस्टिव ग्लो फेशियल्स, एंटी-एजिंग ट्रीटमेंट्स, पिगमेंटेशन करेक्शन, पेनलेस लेजर हेयर रिडक्शन और फुल मेकओवर पैकेज जैसे आधुनिक समाधान शामिल हैं। साथ ही, 250 से ज्यादा विशेषज्ञ डॉक्टर ग्राहकों को कॉम्प्लिमेंटरी कंसल्टेशन और स्किन हेल्थ चेक भी प्रदान करेंगे। वीएलसीसी इस उत्सव में एनसीटीएफ 135एचए एंटी-एजिंग स्किन बूस्टर, बायोरीपील और अंटएज एमडी जैसे विश्वस्तरीय नवाचार भी लेकर आया है। कंपनी का कहना है कि यह पहल भारतीय उपभोक्ताओं को विज्ञान-आधारित, सुरक्षित और प्रभावी स्किनकेयर अनुभव दिलाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह फेस्टिवल 1 से 30 सितंबर 2025 तक चलेगा।

# 75 प्रतिभाओं को किया गया सम्मानित

**कोलकाता :** प्रतिभा सम्मान समारोह में भारत सरकार के विभिन्न प्रतिष्ठित कार्यालयों में अनुवाद अधिकारी, राजभाषा अधिकारी एवं हिंदी अनुवादक के पदों पर चयनित 75 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। सफलता संस्थान की ओर से छह सितंबर को आयोजित कार्यक्रम में कोलकाता गर्ल्स कॉलेज की प्रिंसिपल प्रो. डॉ सत्या उपाध्याय, प्रेसिडेंसी यूनिवर्सिटी, कोलकाता के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. वेद रमण पांडेय, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, कोलकाता के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अमित राय, सावित्री गर्ल्स कॉलेज, कोलकाता की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सुनिता साव, पावर ग्रिड के उप महाप्रबंधक (राजभाषा) नारायण साव, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान के सहायक निदेशक (भाषा) लखन कुमार सिंह, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो, कोलकाता के सलाहकार अरुण कुमार श्रीवास्तव, भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक का कार्यालय, कोलकाता के सहायक निदेशक (राजभाषा) मनीष कुमार महतो, कोलकाता गर्ल्स कॉलेज से एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. धनंजय कुमार साव, विद्यासागर विश्वविद्यालय से एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. संजय



जायसवाल, लेडी ब्रेबोर्न कॉलेज से सहायक प्रोफेसर कम्मु खटीक, बैरकपुर राष्ट्रगुरु सुरेन्द्र नाथ कॉलेज से सहायक प्रोफेसर डॉ. बिक्रम कुमार साव, पी.एन. दास कॉलेज से सहायक प्रोफेसर अजय चौधरी, कोलकाता चितरंजन कॉलेज से सहायक प्रोफेसर डॉ. अजीत कुमार दास, पंचकोट महाविद्यालय से सहायक प्रोफेसर डॉ. बिकास कुमार साव, ऋषि बंकिम चन्द्र इवनिंग कॉलेज से सहायक प्रोफेसर डॉ. कलावती कुमारी व अन्य उपस्थित थे। अतिथियों ने विद्यार्थियों को राष्ट्र सेवा और समाज के उत्थान के लिए समर्पित रहने का आह्वान किया।

## हावड़ा डिवीजन ने स्वच्छता और हरित वातावरण के लिए पौधारोपण किया शुरू

**हावड़ा, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा डिवीजन ने स्वच्छता अभियान के अंतर्गत बंडेल और रामपुरहाट में वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य रेलवे परिसरों में स्वच्छ और हरित वातावरण बनाने के मिशन को मजबूत करना है। इस कार्यक्रम में रेलवे अधिकारी, कर्मचारी और स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाकर वातावरण को हराभरा बनाने में योगदान दिया। इस वृक्षारोपण से न केवल स्टेशन के आसपास के दृश्य सौंदर्य में वृद्धि हुई, बल्कि यह वायु गुणवत्ता सुधारने और पारिस्थितिकी तंत्र के संतुलन को बनाए रखने में भी सहायक है।




हावड़ा डिवीजन की यह पहल स्वच्छता और पर्यावरणीय जिम्मेदारी को जोड़ने के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने वित्त वर्ष 2030 तक 1 लाख करोड़ का ग्रॉस लोन बुक हासिल करने का रोडमैप किया तैयार

**कोलकाता :** उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने वित्तीय वर्ष 2030 तक 1 लाख करोड़ रूपये का ग्रॉस लोन बुक (जीएलबी) हासिल करने के लिए अपनी रणनीतिक योजना तैयार की है। बैंक की यह योजना 2017 में स्मॉल फाइनेंस बैंक के रूप में परिचालन शुरू करने के बाद से हुई प्रगति पर आधारित है। बैंक का यह विकास लायबिलिटी फ्रेंचाइजी के निरंतर विस्तार, एसेट प्रोडक्ट सूट की पहुंच को गहरा करने और लागत-अनुकूल परिचालन के निर्माण पर केंद्रित है, जिससे उच्च और स्थायी लाभप्रदता मिल सके। बैंक की यात्रा पर टिप्पणी करते हुए, उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ, संजीव नौटियाल ने कहा, वित्तीय वर्ष 2030 तक 1 लाख करोड़ रूपये के ग्रॉस लोन बुक का हमारा रोडमैप स्मॉल फाइनेंस बैंक बनने के बाद से स्थापित नींव पर आधारित है। इस अवधि में, हमने वित्तीय वर्ष 2017 में अपने ग्रॉस लोन बुक को 7,560 करोड़ रुपये से बढ़ाकर वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में 33,287 करोड़ रूपये कर दिया है।

# बंगाल सड़क सुरक्षा में सुधार के साथ अब देश के शीर्ष 10 दुर्घटना-प्रवण राज्यों से बाहर




**कोलकाता, समाज्ञा :** सड़क दुर्घटनाओं की भयावहता को देखते हुए अक्सर यात्रियों और आम जनता में चिंता का माहौल बना रहता है। लेकिन अब बंगाल के लिए यह राहत की खबर है कि राज्य देश के शीर्ष 10 सबसे दुर्घटना-प्रवण राज्यों की सूची से बाहर हो गया है। वर्ष 2023 में राज्य में 13,795 सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 12,615 लोग घायल हुए और 5,664 घातक दुर्घटनाओं में 6,027 लोगों की मौत हुई। ये आंकड़े यह दर्शाते हैं कि बंगाल अब देश के शीर्ष 10 सबसे दुर्घटना-प्रवण राज्यों की सूची से बाहर हो गया है। यह जानकारी केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय की वार्षिक दुर्घटना रिपोर्ट 2023 में सामने आई। विशेषज्ञों के अनुसार, 2019 और 2020 के बीच देश और राज्य में दुर्घटनाओं में कमी का मुख्य कारण कोविड-19 और लॉकडाउन था। 2019 में बंगाल में 12,658 दुर्घटनाएं हुई थीं, जो 2020 में घटकर 10,863 हो गईं, लेकिन 2021 के बाद से संख्या फिर बढ़ने लगी।

2023 में 1,251 हिट-एंड-रन दुर्घटनाएं हुईं, जिसमें 762 लोगों की जान गई। 1,426 दुर्घटनाओं में सिर पर टक्कर मुख्य कारण रही। इसके अलावा, पार्क की गई गाड़ियों, पीछे से टकराने और साइड-इम्पैक्ट जैसी दुर्घटनाओं में कई जानें गईं। कुल 5,301 दुर्घटनाओं में कारण स्पष्ट नहीं हो सका, जिससे 2,438 लोगों की मौत हुई। भवानी भवन के एडीजी-स्तरीय अधिकारी ने बताया कि कोविड प्रतिबंध हटने और दोपहिया और निजी वाहनों में भारी वृद्धि के बावजूद दुर्घटनाओं की गंभीरता कम हुई है। उन्होंने कहा कि सेफ ड्राइव सेव लाइफ पहल और विभिन्न एजेंसियों की योजनाओं के कारण बंगाल अब शीर्ष 10 दुर्घटना-प्रवण राज्यों में नहीं है। पुलिस और परिवहन विशेषज्ञों ने स्पीडिंग रोकने के लिए सख्त नियम पालन और पैट्रोलिंग बढ़ाने पर जोर दिया। राज्य सरकार ने कोलकाता में स्पीड कैमरे लगाए और 2017 में गति सीमा और साइनिंग के लिए अंतर-विभागीय समिति का गठन किया।

सेवानिवृत्त एडीजी ने चेतावनी दी कि एक्सप्रेसवे और हाईवे उच्च गति और भारी ट्रैफिक के कारण जोखिम बढ़ाते हैं। तेज मोड़, ऊंचाई में बदलाव और बड़े ट्रकों की वजह से वाहन चालकों के लिए अन्य सड़क उपयोगकर्ताओं की चाल अनुमान लगाना कठिन होता है, इसलिए सुरक्षा उपाय और नियमों का पालन अत्यंत आवश्यक है।


गौरीबेड़िया सार्वजनिन दुर्गा उत्सव में इस वर्ष की थीम 'माटी ओ मानुस' पर आधारित ईंट खुदाई से बनी दुर्गा प्रतिमा, जिसे प्रसिद्ध कलाकार निखिल मिस्त्री ने रूपदान किया। फोटो : देबार्चन चटर्जी

## मोटरसाइकिल चोरी गिरोह का पर्दाफाश, 2 आरोपी गिरफ्तार

**हुगली :** श्रीरामपुर थाना पुलिस ने बाइक चोरी के मामले में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस गिरोह के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर पांच चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। डीसीपी श्रीरामपुर अर्णव विश्वास ने जानकारी दी कि बीते अप्रैल माह में थाना क्षेत्र में मोटरसाइकिल चोरी की शिकायत दर्ज हुई थी। लगातार जांच के बाद पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शेख हसन (42 वर्ष), निवासी मल्लिक काशिमहाट, चुंचुड़ा थाना क्षेत्र और समीर घोष उर्फ पिले, निवासी चुंचुड़ा थाना क्षेत्र के रूप में हुई है। पुलिस रिमांड के दौरान पूछताछ में दोनों ने चोरी की घटनाओं को कबूल किया और उनकी निशानदेही पर पांच मोटरसाइकिलें बरामद की गईं।

## राकेश सिंह की जमानत अर्जी खारिज, 18 सितंबर तक जेल हिरासत

**❑ भाजपा नेता ने एफआईआर रद्द करने की मांग पर हाई कोर्ट का किया रुख, आज सुनवाई की संभावना**



**कोलकाता, समाज्ञा :** कांग्रेस कार्यालय में तोड़फोड़ मामले में गिरफ्तार भाजपा नेता राकेश सिंह की जमानत याचिका सोमवार को अदालत ने खारिज कर दी। पुलिस हिरासत खत्म होने के बाद अब उन्हें जेल हिफाजत में भेजा गया है। सियालदह अदालत ने आदेश दिया है कि राकेश सिंह को फिलहाल 18 सितंबर तक जेल में रहना होगा। इस बीच, राकेश सिंह ने एफआईआर रद्द करने की गुहार लेकर कलकत्ता हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। इस पर, मंगलवार को सुनवाई होने की संभावना है। बता दें कि कुछ दिन पहले कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय में तोड़फोड़ हुई थी। आरोप है कि राकेश सिंह और उनके समर्थकों ने कार्यालय पर हमला किया। पुलिस ने उन्हें कोलकाता के टेंगरा इलाके से गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में अब तक राकेश के बेटे शिवम सिंह, विजय प्रसाद धानुक, संतोष कुमार राजभर और दिव्येंदु सामंत सहित कुल चार लोगों को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस का दावा है कि ये सभी लोग सीधे तौर पर तोड़फोड़ में शामिल थे।

## मध्यमग्राम में युवक का रक्तरंजित शव बरामद, पूर्व पुलिस कर्मी का बेटा समेत चार गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा**

उत्तर 24 परगना जिला अंतर्गत मध्यमग्राम नगरपालिका के वार्ड 7 में रविवार की रात शराब के नशे में हुए विवाद ने खूनी रूप ले लिया। सोमवार की सुबह एक युवक का रक्तरंजित शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान बुद्धदेव मंडल (24) के रूप में की गई है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, हुमाईपुर इलाके में पूर्व पुलिस कर्मी मतीयर रहमान रहते हैं। आरोप है कि उनके बेटे आजाद और उसके दोस्त रोज़ाना घर के भीतर शराब पार्टी करते थे, जिससे स्थानीय लोग परेशान रहते थे। रविवार की रात भी हमेशा की तरह शराब का दौर चला। इसी दौरान नशे में धुत दोस्तों के बीच झगड़ा शुरू हुआ और मारपीट के दौरान बुद्धदेव मंडल की मौत हो गई।



इस दिन, सुबह करीब 10 बजे कुछ युवकों ने मतीयर रहमान के घर के बगीचे में बुद्धदेव मंडल का रक्तरंजित शव देखा और तुरंत पुलिस को खबर दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घटना के बाद पुलिस ने मतीयर रहमान के बेटे आजाद, उसकी मां और दो अन्य दोस्तों को हिरासत में लिया है।

जांच की जा रही है कि हत्या महज शराब के नशे में हुए झगड़े का नतीजा है या इसके पीछे कोई और वजह छिपी है।

## न्यू बैरकपुर में पंचायत सदस्या पर गोलीबारी, मुख्य आरोपित गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिला अंतर्गत बैरकपुर के बाद रविवार की देर रात न्यू बैरकपुर में गोली चलने की घटना सामने आई। आरोप है कि एक पंचायत सदस्य को निशाना बनाकर गोली चलाई गई। हालांकि, गोली लक्ष्य पर नहीं लगने से वे बाल-बाल बच गईं। इस घटना के बाद इलाके में भारी तनाव फैल गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर मुख्य आरोपित प्रणब विश्वास को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार, न्यू बैरकपुर के दक्षिण तालबांधा इलाके में रविवार की रात एक काली मंदिर में चोरी की घटना हुई। स्थानीय लोगों ने आरोपित युवक राहुल मंडल को पकड़ लिया और इसकी सूचना पंचायत सदस्या को दी।

इसी बीच, राहुल ने भी अपने कुछ साथियों को मौके पर बुला लिया। दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस छिड़ने के दौरान अचानक आरोपित प्रणब विश्वास ने पंचायत सदस्या को निशाना बनाकर गोली चला दी। गनीमत रही कि गोली लक्ष्य पर नहीं लगी और पंचायत सदस्या की जान बच गई। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल बन गया। इसी अफरातफरी के बीच प्रणब फरार हो गया, लेकिन कुछ ही घंटों में न्यू बैरकपुर थाने की पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, प्रणब पहले भी गांजा तस्करी के मामले में दो साल जेल में रह चुका है और इसी साल मई महीने में रिहा हुआ था। अब सवाल उठ रहे हैं कि उसके पास अवैध हथियार कहां से आया। इसकी जांच जारी है।

## तेघरिया में सरकारी एसी बस में लगी आग



**कोलकाता, समाज्ञा :** सप्ताह के पहले व्यस्त दिन में तेघरिया के पास एक सरकारी एसी बस में अचानक आग लग गई। कुछ ही मिनटों में पूरी बस आग की लपटों में घिर गई। दमकल की एक गाड़ी मौके पर पहुंची और स्थिति पर काबू पाया गया। बताया जा रहा है कि सोमवार की दोपहर बस को गैराज से निकाला गया था। इसे वीआईपी रोड होते हुए एयरपोर्ट जाना था। लेकिन उसी समय एसी बस में अचानक आग लग गई। कुछ ही देर में आग की तीव्रता बढ़ गई। बस सड़क पर खड़ी-खड़ी जलने लगी। दमकल विभाग को सूचना दी गई। जल्द ही एक इंजन मौके पर पहुंचा और आग बुझाना शुरू कर दिया। चूंकि, बस अभी-अभी गैराज से निकली थी, इसलिए अंदर कोई यात्री नहीं था। ड्राइवर और कंडक्टर भी सुरक्षित हैं। हालांकि, आग कैसे लगी यह अभी स्पष्ट नहीं है। हालांकि, दमकल अधिकारियों ने कहा कि आग के कारण बस पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

## सन किंग लेकर आया नया लोगो और नई पहचान

**कोलकाता :** सन किंग, जो दुनिया का सबसे बड़ा ऑफ-ग्रिड सोलर ऊर्जा प्रदाता है, ने आज अपना नया लोगो और नई ब्रांड पहचान लॉन्च की। यह बदलाव कंपनी की लगातार बढ़ती प्रगति और भविष्य की सोच को दर्शाता है। नई पहचान यह दिखाती है कि सन किंग अपने ग्राहकों, व्यवसायों और समुदायों को सस्ती और भरोसेमंद ऊर्जा उपलब्ध कराने के लिए पहले से कहीं ज़्यादा मज़बूती से काम कर रहा है। सन किंग के सह-संस्थापक अनिश ठाक्कर ने कहा, हमारा नया लोगो हमारी सोच और हमारे ग्राहकों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दिखाता है - उनके घरों के लिए सस्ती सौर ऊर्जा देना, ऐसे उपकरण उपलब्ध कराना जो जीवन आसान बनाएं, और इतना पावर देना कि वे अपने व्यवसाय, स्कूल और समुदाय मज़बूती से चला सकें।

## पैसों के लिए शव नहीं रोके जा सकते, स्वास्थ्य विभाग ने निजी अस्पतालों को जारी किए सख्त निर्देश

**❑ मरीज की मौत के पांच घंटे के भीतर शव परिजनों को सौंपने का आदेश**

**कोलकाता, समाज्ञा**

मरीज की मौत के बाद अगर उसका पैसा बकाया भी हो, तो भी शव को रोका नहीं जा सकता है। राज्य स्वास्थ्य नियामक आयोग ने निजी अस्पतालों को सख्त निर्देश दिए हैं। सोमवार को इस संबंध में एक दिशानिर्देश जारी किया गया। इसमें कहा गया है कि निजी अस्प-ताल और नर्सिंग होम किसी भी तरह से मरीज के परिजनों का पैसा बकाया होने या किसी अन्य बहाने का इस्तेमाल करके शव को अपने पास नहीं रख पाएंगे। अगर मरीज के परिजनों का कोई पैसा बकाया है, तो इसकी सूचना आयोग को देनी होगी। मृतक के परिजनों से बकाया पैसा वसूलने की जिम्मेदारी आयोग खुद लेगा। लेकिन शव रखकर परिवार को परेशान नहीं किया जा सकता।

दिशानिर्देश में यह भी कहा गया है कि मरीज की मौत के पांच घंटे के भीतर शव परिजनों को सौंप दिया जाना चाहिए। अगर इसे इससे ज़्यादा समय तक रखा जाता है, तो उचित कारण दर्ज करना होगा। कभी-कभी, मृतक के परिजन किसी दूसरे राज्य या देश से बाहर होते हैं। ऐसे में वे शव को कुछ देर के लिए मुर्दाघर में रखने का अनुरोध करते हैं। केवल ऐसी स्थिति में ही शव को अस्पताल में पांच घंटे से ज़्यादा समय तक रखा जा सकता है। आयोग ने यह भी कहा कि यदि कोई निजी अस्पताल या नर्सिंग होम शव को किसी हालत में रखता है तो उसका लाइसेंस रद्द कर दिया जाएगा।

## 'आमदेर पाड़ा, आमादेर समाधान' कैंप में बुजुर्ग की मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना ज़िले के बागदा थाने के आशारू ग्राम पंचायत इलाके में सोमवार को 'आमदेर पाड़ा आमादेर समाधान' कैंप में अचानक एक बुजुर्ग की मौत होने के बाद अफरा-तफरी मच गई। मृतक का नाम हजरत अली मंडल (75) बताया जा रहा है, जो आशारू ग्राम पंचायत के आमडोबे गांव के निवासी थे।परिवार के सूत्रों के अनुसार, सोमवार की दोपहर वह आमडोब स्कूल में आयोजित कैंप में सरसों बीमा से जुड़ी जानकारी लेने पहुंचे थे। इसी दौरान अचानक वे बीमार होकर गिर पड़े। मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने एक ग्रामीण चिकित्सक को बुलाया, लेकिन तब तक चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिवार का आरोप है कि जब बुजुर्ग अस्वस्थ हुए तब मौके पर मौजूद आशा कार्यकर्ताओं ने कोई मदद नहीं की। स्कूल परिसर में न तो पंखे की व्यवस्था थी और न ही पीने के पानी की।

## शिखर चंद जैन को गद्य लेखन के लिए मिला गौरव श्री सम्मान



**कोलकाता, समाज्ञा :** साहित्य-संस्कृति संस्था रचनाकार ने अपने 5वें वार्षिक पुरस्कार समारोह में मोटिवेशनल लेखक और स्तंभकार शिखर चंद जैन को गद्य लेखन में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए गौरव श्री सम्मान से नवाजा। पुरस्कार समारोह में संस्था के अध्यक्ष सुरेश चौधरी ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। वहीं अखिल भारतीय तृणमूल महिला कांग्रेस की महासचिव प्रियदर्शिनी हाकिम ने स्मृति चिन्ह, मेडल और रजत मुद्रा देकर उन्हें सम्मानित किया। रचनाकार संस्था की स्थापना प्रसिद्ध चार्टर्ड अकाउंटेंट, दार्शनिक और कवि सुरेश चौधरी ने की थी। समय के साथ यह संस्था एक सांस्कृतिक आंदोलन का रूप ले चुकी है, जो भारत की सांस्कृतिक विरासत को नई ऊर्जा प्रदान करने का कार्य कर रही है। इस अवसर पर पश्चिम बंगाल सरकार के कृषि एवं संसदीय कार्य मंत्री सोवनदेब चट्टोपाध्याय और हुगली से सांसद रचना बनर्जी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों में प्रियदर्शिनी हाकिम, कोलकाता नगर निगम की पार्षद मनीषा बोस और विश्वंभर नेवर भी शामिल थे। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में शुक्तिका इंडिया फाउंडेशन के प्रबंध न्यासी आशीष चौधरी के नेतृत्व में सुनिश्चित हुई। विद्या भंडारी, रचनाकार की अध्यक्ष रचना सरन, आयोजन सचिव चंदा प्रहलादका और रचनाकार की पूरी टीम, जिन्होंने मिलकर सुरेश चौधरी के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाया।

## नौसाद सिद्दीकी ने तृणमूल विधायक सौकत मोल्ला पर किया मानहानि का मुकदमा



**कोलकाता, समाज्ञा :** इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) के विधायक नौसाद सिद्दीकी ने सोमवार को तृणमूल कांग्रेस के विधायक सौकत मोल्ला के खिलाफ मानहानि का मामला दायर किया है। मामला कोलकाता के बैंकशाल अदालत में दर्ज कराया है। आईएसएफ विधायक ने आरोप लगाया कि कैनिंग पूर्व से तृणमूल विधायक सौकत मोल्ला ने उन पर भाजपा से पैसे लेने और तृणमूल के खिलाफ काम करने का झूठा आरोप लगाया है। उन्होंने दावा किया कि मोल्ला ने उन्हें तृणमूल कांग्रेस में शामिल होने का प्रस्ताव दिया था और यहां तक कहा था कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की कैबिनेट में उन्हें मंत्री पद दिलाया जाएगा। मामला दर्ज कराने के बाद मीडिया से बात करते हुए सिद्दीकी ने कहा कि सौकत मोल्ला ने कहा कि मैंने भाजपा से 30 करोड़ रुपये लिए हैं। यह आरोप पूरी तरह झूठा है और मेरी छवि को नुकसान पहुंचाने की कोशिश है। मैं उनकी भाषा में जवाब नहीं दूंगा। मैंने कानूनी रास्ता चुना है। उन्हें अदालत में साबित करना होगा कि मैंने कब और कहां भाजपा से पैसे लिए। यहां तक कि यह भी बताना होगा कि लेन-देन 500 रुपये के नोट में हुआ था या किसी और तरीके से।

## तपस्या से हाथों की रेखा को बदला जा सकता है : मुनि जिनेश कुमार

**❑ मासखमण तप अभिनन्दन समारोह का आयोजन**

**कोलकाता, समाज्ञा :** आचार्य महाश्रमण के सुशिष्य मुनि जिनेश कुमार ठाणा- 3 के सान्निध्य में मीना सुराणा के मासखमण तप के अवसर पर मासखमण तप अभिनंदन समारोह का भव्य आयोजन जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा (कोलकाता-पूर्वांचल) ट्रस्ट द्वारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित रहे। धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनिश्री जिनेश कुमार ने कहा कि भगवान महावीर ने दान, शील, तप भावना को मुक्ति का द्वार बताया है। तप से आत्मा परिशुद्ध होती है। तप कर्म निर्जरा का अमोघ साधन है वह अध्यात्म का महान अनुष्ठान है। यह वह रसायन है जिसके द्वारा शरीर और मन का संतुलन बना रहता है। रसनेन्द्रिय के संयम से ऊर्जा का संचय होता है, विषय तृष्णा के कडे ताप शांत होते है। वृत्तिशोधन के साथ शरीर की अनेक बीमारियां से मुक्त होकर स्वस्थता व समाधि की अनुभूति करता है। तप के द्वारा हाथों की रेखा को बदला जा सकता है। तप अध्यात्म का उज्ज्वल पक्ष है, अमृत का प्याला है। तप से उपसर्ग, उपद्रव शांत होते हैं। तप से आत्मोन्नति होती है। तप इन्द्रिय विजय का सुगम पथ है। मुनि ने आगे कहा कि वृहत्तर कोलकत्ता में तप का अच्छा माहौल बना हुआ है। इस प्रवास में अब तक कुल 11 एवं लिलुआ से तीसरा मासखमण आया है। मीना देवी सुर-णा ने हिम्मत का परिचय दिया है। सभी तपस्वियों के प्रति मंगल कामना करते हैं। प्रवचन कार्यक्रम का शुभारंभ मुनि कुणाल कुमार के मंगलाचरण से हुआ। इस अवसर पर साध्वीप्रमुखा विश्रुत विभा के संदेश का बाचन परामर्शक सुशील हीरावत ने व तप अभिनंदन पत्र का वाचन उपाध्यक्ष नरेंद्र छाजेड़ ने किया। तेरापंथी सभा पूर्वांचल के अध्यक्ष संजय सिंघी ने कृतज्ञोस्मि यात्रा के बारे में बताते हुए तप अनुमोदना में विचार व्यक्त किये। लिलुआ सभा सदस्य द्वारा तप अनुमोदना गीत प्रस्तुत किया गया। नरेंद्र सुराणा व तपस्विनी के पारिवारिक बच्चों के अलावा कलकत्ता सभा के अध्यक्ष अजय भंसाली व प्रेक्षा फाउंडेशन की ईस्ट जोन कोर्डिनेटर मंजू सिपानी ने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन मुनि परमानंद ने किया। इस अवसर पर मासखमण तपस्विनी मीना सुराणा, 15 की तपस्या करने वाली सुमन लुणिया व अट्ठाई तप करने वाले राजेश दुगड़ को तपस्या के प्रत्याख्यान करवाए गए। सभा द्वारा तपस्वियों का सम्मान किया गया।



## बड़ाबाजार में असामाजिक तत्वों ने तोड़ी महात्मा गांधी की प्रतिमा, फैली अशांति

**कोलकाता, समाज्ञा :** बड़ाबाजार के पोस्ता थाना अंतर्गत वार्ड 22 में रविवार की रात असामाजिक तत्वों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया। यह घटना चंद्र ग्रहण की रात घटी, जब देश और दुनिया की निगाहें आकाश की ओर थीं। उसी समय नलिनी सेठ रोड स्थित गांधी प्रतिमा को तोड़े जाने से क्षेत्र के नागरिकों में भय और अशांति का माहौल व्याप्त हो गया। घटना के बाद बड़ाबाजार जिला कांग्रेस कमेटी ने कड़ा रोष जताया है। कमेटी ने कोलकाता पुलिस से मांग की है कि शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु जल्द से जल्द समाज विरोधी तत्वों को गिरफ्तार किया जाए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।




## घोलदिगभुई 1 नंबर प्राथमिक विद्यालय में जलजमाव से बेहाल विद्यार्थी और अभिभावक



**हुगली :** घोलदिगभुई 1 नंबर प्राथमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं को प्रतिदिन जान जोखिम में डालकर स्कूल पहुंचना पड़ रहा है। स्कूल परिसर और बाहर पिछले चार महीनों से घुटने भर गंदा और सड़ा हुआ पानी जमा है। बच्चों को जूते हाथ में लेकर उस पानी को पार करना पड़ता है। अभिभावक और स्थानीय लोग प्रशासन की चुप्पी पर कड़ा आक्रोश जता रहे हैं।

बरसात लगभग समाप्त होने को है, लेकिन अब तक जलनिकासी की कोई व्यवस्था नहीं की गई। नतीजतन छोटे-छोटे विद्यार्थियों को चर्म रोग, फंगल इंफेक्शन, बुखार और सर्दी-खांसी जैसी बीमारियों से जूझना पड़ रहा है। स्कूल की जर्जर इमारत में बारिश का पानी भी टपकता है और लंबे समय तक पानी भरे रहने के कारण सांप-बिच्छू और जहरीले कीड़े-मकोड़े का अड्डा बन गया है।

एक अभिभावक अपने पोते को गोद में लेकर स्कूल पहुंचे और व्यंग्य करते हुए कहा कि यह तो स्कूल नहीं, जैसे दिघा घूमाने ले आया हूं। मिड-डे मील की व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है, क्योंकि पानी प्रदूषित हो चुका है।

अभिभावक अमित पोरेल, राधानाथ बेड़ा, असित बेड़ा सहित कई ग्रामीणों ने तुरंत जलनिकासी की मांग की है। विद्यार्थियों में मेहजान परवीन, नाइमा खातून, आफ्ती सामंत, संजीब साना सहित कई बच्चों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्दी पानी नहीं निकाला गया तो वे इस स्कूल में नहीं आएंगे और किसी दूसरे स्कूल में दाखिला ले लेंगे।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि प्रशासन और पंचायत पूरी तरह मौन है। स्कूल और ग्रामीणों की यह मजबूरी देखकर ऐसा लगता है जैसे वे किसी समुद्र किनारे खड़े हों। अब सवाल यह उठ रहा है कि आखिर इतनी बड़ी समस्या का समाधान कौन करेगा और कब करेगा?

## राज्य में कितने सरकारी शिक्षक प्राइवेट ट्यूशन में शामिल?

### हाई कोर्ट ने जारी की समन सूची

**कोलकाता, समाज्ञा**

राज्य के सरकारी स्कूलों के शिक्षक निजी ट्यूशन नहीं कर पाएंगे, कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पहले यह आदेश जारी किया था। तब भी, कई शिक्षक कथित तौर पर उस आदेश का उल्लंघन कर निजी ट्यूशन कर रहे हैं।

इस बार, उच्च न्यायालय ने इस संबंध में सख्त कदम उठाया है। सरकारी स्कूलों के कितने शिक्षक निजी ट्यूशन में शामिल हैं? इस बार अदालत ने वह सूची तलब की है। इस संबंध में, कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सुजॉय पाल की खंडपीठ में एक मामला चल रहा है। अदालत ने वादी निजी ट्यूटर संघ को आरोपी शिक्षकों की सूची प्रस्तुत करने का आदेश दिया है। आदेश दिया गया है कि मामले में सूची मंगलवार को प्रस्तुत करनी होगी। वादी संगठन के वकील आशीष कुमार चौधरी ने कहा कि स्कूल शिक्षक होम ट्यूशन या ट्यूशन नहीं कर पाएंगे। इस संबंध में 2018 में प्रतिबंध जारी किया गया था। लेकिन आरोप है कि राज्य की ओर से प्रतिबंध कागजों पर ही रह गया है। स्कूल शिक्षकों का एक वर्ग अभी भी टोल खोलकर ट्यूशन पढ़ा रहा है। हाई कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई थी, जिसके खिलाफ अदालत ने ट्यूशन पढ़ाने वाले स्कूल शिक्षकों की सूची तलब की है।

## कल्याणी में छापेमारी के दौरान बीमार पड़े ईडी अधिकारी, अस्प-ताल में भर्ती

**कोलकाता, समाज्ञा**

सप्ताह के पहले दिन ही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को राज्यभर में एक्शन मोड में देखा गया। अवैध बालू तस्करी मामले में सोमवार की सुबह से विभिन्न जिलों में छापेमारी शुरू हुई। इसी कड़ी में, नदिया जिले के कल्याणी में एक माइनिंग कंपनी के अधिकारी धीमान चक्रवर्ती के घर पर छापा पड़ा। इसी दौरान, एक ईडी अधिकारी अचानक अस्वस्थ हो गए। सूत्रों के अनुसार, अधिकारी को तुरंत कल्याणी के जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल अस्प-ताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल, उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। अस्पताल के बाहर केंद्रीय सुरक्षा बलों के जवानों को भी तैनात किया गया है।

# सपा शासनकाल में हुई कई सरकारी भर्तियों को जांच के लिए सीबीआई को सौंपा : आदित्यनाथ

## आपदाग्रस्त उत्तराखंड, हिमाचल को पांच-पांच करोड़ रुपये की सहायता, राहत सामग्री से लदे ट्रक रवाना

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी (सपा) की पिछली सरकार के शासनकाल के दौरान हुई सरकारी भर्तियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि गड़बड़ियों की वजह से उनकी सरकार ने बहुत सारी भर्तियों की जांच केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दी थी। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा चयनित 1112 कनिष्ठ सहायक और 22 एक्सरे तकनीशियन को नियुक्ति पत्र वितरण के लिए आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राज्य की पूर्ववर्ती सपा सरकार पर भर्तियों में धांधली किये जाने का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री ने कहा, ''किस प्रकार की भर्तियां होती थीं। हमें बहुत सारी भर्तियों की जांच उस समय सीबीआई को देनी पड़ी थी।' उन्होंने स्वास्थ्य विभाग में वर्ष 2016 से एक व्यक्ति के नियुक्ति पत्र पर कई




जिलों में छह अलग-अलग लोगों द्वारा नौकरी किये जाने के एक प्रकरण का उल्लेख किया। मुख्यमंत्री ने कहा, 'आपने देखा होगा कि एक व्यक्ति आठ-आठ जगह पर नाम लिखाकर पैसा लेता जा रहा था। वो तो जब जांच में सामने आया तब पता लगा।' आदित्यनाथ ने किसी का नाम लिये बगैर कहा, 'ये कौन लोग हैं...ये वो ही लोग हैं जिनसे एक परिवार के लोग पैसा लेकर ये भर्ती करते थे और उत्तर प्रदेश की जनता को इस प्रकार से लूटते थे। वह भर्ती 2016 की है। अभी वह जांच चल रही है। वह जांच समय पर हो जाएगी तो ऐसे महाभारत के रिश्ते सामने आयेंगे। अब वे बाकी का जीवन जेल में ही बिताने पर मजबूर होंगे।' उन्होंने कहा, 'पहले त्योहारों से पहले दंगे शुरू हो जाते थे, लेकिन पिछले आठ सालों में हर ज़िला, समुदाय और व्यक्ति पूरे जोश और उत्साह के साथ त्योहारों में हिस्सा लेता है।' आदित्यनाथ ने कहा, 'जब व्यक्ति स्वयं स्वस्थ नहीं होगा, तो व्यवस्था कैसे स्वस्थ रहेगी? जब व्यवस्था ही अस्वस्थ हो जाएगी, तो उसके सभी स्तंभ ध्वस्त होते दिखाई देंगे। वर्ष 2017 से पहले ही इस व्यवस्था में घुन लग चुका था, जो इसे अंदर से खोखला कर रहा था।' मुख्यमंत्री ने नकारात्मकता फैलाने वालों पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों के पास काम नहीं है, उन्हें केवल अपने स्मार्टफोन के माध्यम से नकारात्मकता दिखाई देती है। वे अलग-अलग जगहों की तस्वीरें डालकर नकारात्मकता फैलाएंगे और सरकार, विभाग और आपकी छवि खराब करेंगे।

### जयपुर के दो स्कूलों को ईमेल के जरिए मिली बम की धमकी : राजस्थान पुलिस

**जयपुर:** जयपुर के दो निजी स्कूलों को सोमवार को बम से उड़ाने की धमकी ईमेल के जरिए मिली। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि इन स्कूलों की परिसरों की गहन तलाशी ली गई तो कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। पुलिस के अनुसार यहां मानसरोवर स्थित एक निजी स्कूल और शिवदासपुरा इलाके में एक अन्य निजी स्कूल को ईमेल कर धमकी दी गई थी कि उनके परिसर में विस्फोटक रखे गए हैं। पुलिस का कहना है कि सूचना मिलने पर बम निष्क्रिय दस्ते, श्वान दस्ते और उसकी टीम स्कूलों में पहुंचीं तथा तलाशी ली। एहतियात के तौर पर विद्यार्थियों और कर्मचारियों को बाहर निकाला गया। तलाशी में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला और धमकी झूठी निकली।

### कुंठित कांग्रेसियों के अनर्गल प्रलापों से परेशान है पूरा देश : केशव प्रसाद मौर्य

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि कुंठित कांग्रेसियों के अनर्गल प्रलापों से पूरा देश परेशान है। मौर्य ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से राहुल गांधी ख़ासे परेशान हैं। उन्होंने लिखा,और इन गांधी की हरकतों से अंदर से कांग्रेसी परेशान हैं । लंबे समय से सत्ता से बेदखल होने के कारण इन कुंठित कांग्रेसियों के अनर्गल प्रलापों से पूरा देश परेशान है।

### बिहार : नीतीश कुमार ने आंगनबाड़ी सेविकाओं-सहायिकाओं का मानदेय बढ़ाने की घोषणा की

**पटना:** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को राज्य में आंगनबाड़ी सेविकाओं और सहायिकाओं का मानदेय बढ़ाने की घोषणा की। कुमार ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि आंगनबाड़ी सेविकाओं का मानदेय 7,000 रुपये से बढ़ाकर 9,000 रुपये और आंगनबाड़ी सहायिकाओं का मानदेय 4,000 रुपये से बढ़ाकर 4,500 रुपये कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने इस संबंध में विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों और गर्भवती महिलाओं के पोषण एवं जीवन स्तर में सुधार लाने में आंगनबाड़ी सेविकाओं और सहायिकाओं की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि उनकी इसी महत्व-पूर्ण भूमिका को सम्मान देते हुए मानदेय में वृद्धि की गई है।

### पटना में फर्जी आईपीएस अधिकारी गिरफ्तार, ठगी के कई मामलों का खुलासा

**पटना:** बिहार की राजधानी पटना में फर्जी आईपीएस अधिकारी बनकर लोगों से ठगी करने के आरोपी युवक को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान फुलवारीशरीफ निवासी असलम अहमद के रूप में हुई है। पुलिस से जुड़े आधिकारिक सूत्र ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर रविवार को छापेमारी कर आरोपी को पकड़ा गया, जो पकड़े जाने के वक्त वर्दी में था। उन्होंने बताया कि आरोपी के पास से भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी का फर्जी पहचान पत्र, ईमेल आईडी के प्रिंटआउट, मोबाइल फोन और लैपटॉप बरामद किए गए हैं। जांच में यह भी सामने आया है कि वह सोशल मीडिया पर भी अपनी पहचान एक वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी के रूप में करता था और लोगों को भ्रमित कर उनसे पैसे ऐंठता था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपी ने कई लोगों से नौकरी दिलाने, स्थानांतरण कराने और मामलों में मदद करने के नाम पर ठगी की है। प्रारंभिक पूछताछ में उसने कुछ लोगों से लाखों रुपये वसूलने की बात स्वीकार की है।

## न्यूज अपडेट

### झारखंड: चंपई सोरेन ने 1980 में गुआ पुलिस गोलीबारी में मारे गए आदिवासियों को श्रद्धांजलि दी

**जमशेदपुर:** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक चंपई सोरेन ने सोमवार को कांग्रेस पर 'आदिवासी विरोधी रुख'' अपनाने का आरोप लगाया और आदिवासियों एवं मूलवासियों से एकजुट होकर राज्य में धर्मांतरण तथा तेजी से बदलती जनसांख्यिकी के खिलाफ एक विशाल जन आंदोलन शुरू करने की अपील की। पश्चिमी सिंहभूम जिले के गुआ में 1980 में झारखंड आंदोलन के दौरान 'जल, जंगल, जमीन' के लिए अपने प्राण देने वाले आदिवासियों को श्रद्धांजलि देते हुए सोरेन ने कहा कि अलग राज्य की मांग को लेकर आंदोलन के दौरान हुई घटना में पुलिस गोलीबारी में कई लोग मारे गए थे। सोरेन ने कहा, ''हर साल हम यहां अपने शहीदों को श्रद्धांजलि देने और उनके सपनों के राज्य के लिए संघर्ष जारी रखने की प्रेरणा लेने आते हैं।'



### आजमगढ़ में धर्मांतरण के लिए प्रेरित करने वाला वीडियो सामने आने पर आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**आजमगढ़ (उप्र) :** सोशल मीडिया पर धर्मांतरण के लिए प्रेरित करने वाले एक युवक का कथित वीडियो तेजी से प्रसारित होने के बाद आजमगढ़ जिले के कप्तानगंज थाने की पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एक पुलिस अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार वायरल वीडियो में आरोपी युवक सईद को मुस्लिम धर्म अपनाने की बात करते हुए अन्य धर्म, देवी-देवताओं और ब्राह्मण समाज पर अभद्र टिप्पणी करते सुना जा सकता है। मामला संज्ञान में आने के बाद पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) चिराग जैन ने कप्तानगंज के थाना प्रभारी को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि सईद कप्तानगंज थाना क्षेत्र के सीतापुर गांव का रहने वाला है तथा पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पीलीभीत में पति-पत्नी ने खाया जहरीला पदार्थ, पत्नी की मौत, पति अस्पताल में भर्ती

**पीलीभीत (उप्र):** पीलीभीत में न्यूरिया थाना क्षेत्र के ठाकुरद्वारा मोहल्ले में आपसी विवाद के चलते एक दंपति के कथित रूप से जहरीला पदार्थ खा लेने से पत्नी की मौत हो गयी जबकि पति अस्पताल में भर्ती है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार जिस महिला की जान चली गयी उसकी पहचान 27 वर्षीय सीतू के रूप में हुई है जबकि जबकि उसका 36 वर्षीय पति राजू का अस्पताल में इलाज चल रहा है। थाना प्रभारी गायत्री का कहना है कि प्राथमिक जांच में पुलिस को मामला घरेलू विवाद का लग रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गायत्री के मुताबिक राजू का उपचार चल रहा है और उसकी हालत अब भी गंभीर है। पुलिस सीतू के शव को पोस्टमार्टम के लिए ले गयी है। पुलिस ने परिजनों के हवाले से बताया कि रविवार देर रात को आपस में झगड़ा होने के बाद दोनों ने जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजन उन्हें जिला अस्पताल ले गए, जहां से उन्हें गंभीर हालत के चलते नगर के एक निजी चिकित्सालय में रेफर किया गया। वहां उपचार के दौरान सीतू की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार सीतू गर्भवती थी। इस दंपति पहले से पांच साल की बेटी और दो साल का बेटा है। राजू ने कुछ समय पहले संजना नामक एक महिला से दूसरी शादी कर ली थी। इसी कारण से राजू और सीतू के बीच अक्सर विवाद होता था। रविवार को भी दोनों में कहासुनी हुई थी।

### हरियाणा में भारी बारिश के कारण मकान गिरने की घटनाओं में 12 लोगों की मौत : मुख्यमंत्री

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को कहा कि भारी बारिश के कारण राज्य के विभिन्न हिस्सों में मकान ढह जाने की घटनाओं में 12 लोगों की मौत हो गई। सैनी ने कहा कि शोक संतप्त परिवारों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए कुल 48 लाख रुपये की अनुग्रह राशि जारी की गई है, जिसमें मृतक के परिजनों को चार-चार लाख रुपये दिए जाएंगे। उन्होंने यहां संवाददाताओं को राज्य में बाढ़/जलभराव से प्रभावित क्षेत्रों में राहत उपायों की जानकारी देते हुए बताया कि भारी बारिश के कारण मकान ढहने की घटनाओं में 12 लोगों की मौत हो गई है। ये घटनाएं फतेहाबाद, भिवानी और कुरुक्षेत्र जिलों में हुईं। भिवानी के कलिंगा गांव में पिछले सप्ताह भारी बारिश के कारण किराए के मकान की छत ढहने से तीन लड़कियों की मौत हो गई तथा उनके माता-पिता और एक नाबालिग भाई घायल हो गए।

## राजस्थान में भारी बारिश जारी



### भरतपुर में मकान ढहने से भाई-बहन की मौत

**जयपुर:** राजस्थान के कई इलाकों में मूसलधार बारिश का दौर जारी है। नदी-नाले उफान पर हैं और कई जगह निचले इलाकों में जलभराव हो गया है। भरतपुर में एक मकान ढहने से दो लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि भरतपुर के डीग इलाके में रविवार देर रात गांव डुबोकर में एक दोमंजिला मकान भरभराकर गिर गया और हादसे में एक भाई-बहन की मौत हो गई, जबकि एक महिला सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि उदयपुर में झाड़ोल के पास भूस्खलन के कारण सोमवार सुबह सड़क पर बड़े-बड़े पत्थर आ गिरे जिससे उदयपुर-झाड़ोल राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात अवरुद्ध हो गया और वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। इसके अलावा जिले के सायरा इलाके में एक बुजुर्ग व्यक्ति छोटी नदी पर बनी पुलिया पार करते समय बह गया। सवाई माधोपुर के चौथ का बरवाड़ा इलाके में सोमवार तड़के सरकारी स्कूल की इमारत का कुछ हिस्सा ढह गया। हालांकि, उस समय स्कूल में छात्र मौजूद नहीं थे, इसलिए कोई हताहत नहीं हुआ।

### पटना जिला के बिहटा में अवैध बालू खनन मामले में छह लोग गिरफ्तार, हथियार एवं कारतूस जब्त

**पटना:** पटना जिला के बिहटा में अवैध बालू खनन के मामले में सोमवार को छह लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोग अनीश कुमार गिरोह के सदस्य थे और सोन नदी के किनारे अमनाबाद में अवैध बालू खनन और जबरन वसूली में शामिल थे। पटना के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) कार्तिकेय के. शर्मा ने बताया कि उनके पास से एक .315 बोर की अर्द्ध-स्वचालित राइफल, एक देसी पिस्तौल और 49 कारतूस जब्त किए गए हैं। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पटना सिटी के पुलिस अधीक्षक (एसपी) (पश्चिम) भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम ने अमनाबाद इलाके में छापेमारी की।

### आरएसएस महासचिव दत्तात्रेय होसबाले को एम्स-जोधपुर में भर्ती कराया गया



**जोधपुर/नयी दिल्ली:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के महासचिव दत्तात्रेय होसबाले को सोमवार को उच्च रक्तचाप के कारण अचानक बीमार पड़ने के बाद एम्स-जोधपुर में भर्ती कराया गया। अस्पताल के चिकित्सकों ने यह जानकारी दी। चिकित्सकों की एक टीम आरएसएस के सरकार्यवाह होसबाले का इलाज कर रही है। एम्स जोधपुर के चिकित्सक के अनुसार, उनकी हालत बेहतर है और उन्हें निगरानी में रखा गया है। चिकित्सक ने कहा, दोपहर में होसबाले की तबीयत अचानक बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें तुरंत एम्स लाया गया, जहां उनका रक्तचाप उच्च होने का पता चला। आरएसएस के राष्ट्रीय प्रचार एवं मीडिया विभाग के प्रमुख सुनील आंबेकर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया कि होसबाले अब ठीक हैं और पूरी तरह से स्वस्थ हैं। उन्होंने कहा, थोड़ी बेचैनी महसूस होने के बाद एहतियात के तौर पर आज दोपहर में वह जोधपुर के एक अस्प-ताल गए थे। चिकित्सकों ने उन्हें पूरी तरह से स्वस्थ बताया है। होसबाले हाल ही में आरएसएस की तीन दिवसीय वार्षिक समन्वय बैठक में भाग लेने के लिए जोधपुर आए थे।

### दिवाली-छठ पर बिहार के लिए चलेंगी 12000 से अधिक विशेष ट्रेनें: सम्राट चौधरी

**पटना:** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को कहा कि केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने दिवाली और छठ पर्व के अवसर पर बिहार के लिए 12000 से अधिक विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। उपमुख्यमंत्री ने 'एक्स' लिखा कि इस वर्ष विशेष ट्रेन की कुल संख्या 12739 होगी, जबकि 2024 में यह संख्या 7500 से अधिक थी।

### झारखंड: नेता प्रतिपक्ष ने बोकारो डीएमएफटी में घोटाले का आरोप लगाया, सीबीआई जांच की मांग

**रांची:** झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को आरोप लगाया कि बोकारो जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) में 'धन का गबन' हुआ है और उन्होंने अनियमितताओं की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच करवाने की मांग की। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राज्य इकाई के प्रमुख ने आरोप लगाया कि बोकारो जिले में डीएमएफटी के फंड के तहत विभिन्न उद्देश्यों के लिए वस्तुओं और उपकरणों की खरीद बाजार मूल्य से कई गुना अधिक दरों पर की गई। मरांडी ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया, 'बोकारो में 2024-25 और 2025-26 के दौरान डीएमएफटी फंड से 631 करोड़ रुपये निकाले गए। वस्तुओं और उपकरणों की आपूर्ति के लिए विभिन्न एजेंसियों को बाजार मूल्य से कई गुना अधिक भुगतान किया गया।' उन्होंने दावा किया कि बोकारो में डीएमएफटी फंड से 46 पंचायत भवनों के लिए 3.66 करोड़ रुपये में जेनरेटर सेट खरीदे गए, जिनमें से प्रत्येक की कीमत 7.97 लाख रुपये थी।



## व्रत - त्यौहार

10.09.2025 : संकष्टी गणेश चतुर्थी व्रत

14.09.2025 : महालक्ष्मी व्रत

15.09.2025 : जीउतिया व्रत पारण

## कब है जितिया व्रत? जानें तिथि, शुभ मुहूर्त, पूजा विधि और कथा

हिंदू धर्म में संतान की सुरक्षा, अच्छे स्वास्थ्य और सुखमय जीवन के लिए माताएं जीवित्पुत्रिका व्रत रखती है। इसे जितिया व्रत भी कहा जाता है। यह व्रत आश्विन मास की अष्टमी तिथि को रखा जाता है। इस दिन माताओं द्वारा अपने बच्चों की लंबी आयु, अच्छे स्वास्थ्य और सुखमय जीवन की कामना के लिए उपवास रखा जाता है। इसे कठिनतम व्रतों में से एक माना जाता है। दरअसल, यह व्रत तीन दिनों तक चलता है और इसमें नहाय-खाय से लेकर निर्जल उपवास और पारण तक की परंपरा निभाई जाती है।

### व्रत का समय और शुभ मुहूर्त

यह पर्व पूर्वी भारत के कई राज्यों जैसे बिहार, झारखंड और पूर्वी उत्तर प्रदेश में बड़े उत्साह से मनाया जाता है। वर्ष 2025 में इसका आरंभ 13 सितंबर को नहाय-खाय के साथ होगा। इसके बाद 14 सितंबर को महिलाएं पूरे विधि-विधान से जीवित्पुत्रिका व्रत रखेंगी और अगले दिन यानी 15 सितंबर को व्रत का पारण कर व्रत संपन्न किया जाएगा।

### व्रत की पौराणिक कथा

धार्मिक ग्रंथों के अनुसार माना जाता है कि इस व्रत की शुरुआत कलियुग में हुई थी। कथा के अनुसार जीमूतवाहन नामक एक राजा ने एक स्त्री के पुत्र को बचाने के लिए स्वयं को गरुड़ देव के भोजन के रूप में प्रस्तुत कर दिया। उनकी यह निःस्वार्थ भावना देखकर गरुड़ प्रसन्न हो गए और उन्हें वैकुंठ जाने का आशीर्वाद दिया। साथ ही उन्होंने अन्य बच्चों को भी पुनर्जीवित कर दिया। तभी से यह परंपरा प्रारंभ हुई कि माताएं अपने बच्चों की सुरक्षा और दीर्घायु के लिए जीमूतवाहन देवता की आराधना करते हुए यह उपवास रखती हैं।

### जीवित्पुत्रिका व्रत की पूजा विधि

- इस व्रत से एक दिन पहले नहाय-खाय की परंपरा निभाई जाती है। इस दिन महिलाएं सात्विक भोजन बनाकर पितरों और पक्षियों को अर्पित करती हैं।
- व्रत के दिन सूर्योदय से पहले स्नान करके महिलाएं निर्जल उपवास का संकल्प लेती हैं।
- पूजा के लिए घर के स्वच्छ स्थान पर गोबर और मिट्टी से लिपाई कर एक छोटा तालाब बनाया जाता है। उसमें कुशा से भगवान जीमूतवाहन की प्रतिमा स्थापित की जाती है।
- इसके साथ ही चील और सियारिन की प्रतिमाएं भी बनाई जाती हैं और उनकी पूजा की जाती है।
- व्रत कथा का श्रवण या पाठ करने के बाद अगले दिन पारण कर व्रत पूरा किया जाता है।
- इस समय भगवान जीमूतवाहन से संतान की लंबी उम्र और कल्याण की कामना की



## घर के मुख्य दरवाजे पर क्यों अंकित होता है शुभ-लाभ

27 अगस्त से गणेशोत्सव का पर्व शुरू हो चुका है और अब 10 दिनों तक घरों, मंदिरों और पूजा पंडालों में भगवान गणेश की विशेष रूप से पूजा-आराधना की जाएगी। अनंत चतुर्दशी तिथि पर भगवान गणपति का विसर्जन कर उनको विदाई दी जाएगी। हिंदू धर्म में भगवान गणेश को प्रथम पूज्य देवता माना जाता है और किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सबसे पहले भगवान गणेश जी की पूजा और आवाहन किया जाता है। भगवान गणेश को सुख-समृद्धि, बुद्धि और सफलता देने वाले और जीवन से बाधाओं को दूर करने वाला देवता माना जाता है। भगवान गणेश स्वयं रिद्धि-सिद्धि के दाता और शुभ-लाभ के प्रदाता हैं। आपने अक्सर घरों के बाहर मुख्य द्वार पर स्वास्तिक के साथ शुभ-लाभ लिखा होता है। आइए जानते हैं शुभ-लाभ का भगवान गणेश से क्या संबंध होता है।

### शुभ और लाभ भगवान गणेश के पुत्र

शास्त्रों के अनुसार भगवान भोलेनाथ के पुत्र गणेशजी का विवाह प्रजापति विश्वकर्मा की पुत्री ऋद्धि और सिद्धि नामक दो विदुषी कन्याओं से हुआ था। सिद्धि से 'क्षेम'(शुभ) और ऋद्धि से 'लाभ' नाम के दो पुत्र हुए। गणेश पुराण के अनुसार शुभ और लाभ को केशं और लाभ नामों से भी जाना जाता है वहीं रिद्धि शब्द का भावार्थ है 'बुद्धि' जिसे हिंदी में शुभ कहते हैं। सिद्धी शब्द का मतलब होता है 'आध्यात्मिक शक्ति' की पूर्णता यानी 'लाभ'।

ज्योतिष की दृष्टि में भी चौघड़िया या मुहूर्त देखते समय उसमें अमृत के अलावा लाभ और शुभ को ही महत्वपूर्ण माना जाता है। गणेश पुराण में कहा गया है कि स्वास्तिक गणेशजी का ही स्वरूप है, इसलिए सभी शुभ,मांगलिक और कल्याणकारी कार्यों में इसकी स्थापना अनिवार्य है।इसमें सारे विघ्नों को हरने और अंमगल दूर करने की शक्ति निहित है।

घर के मुख्य दरवाजे पर 'स्वास्तिक' मुख्य द्वार के ऊपर मध्य में और शुभ और लाभ बाईं और दाईं तरफ लिखते हैं। स्वास्तिक की दोनों अलग-अलग रेखाएं गणपति जी की पत्नी रिद्धि-सिद्धि को दर्शाती हैं।

घर के बाहर शुभ-लाभ लिखने का मतलब यही है कि घर में सुख और समृद्धि सदैव बनी रहे। लाभ लिखने का भाव यह है कि भगवान से लोग प्रार्थना करते हैं कि उनके घर की आय और धन हमेशा बढ़ता रहे, लाभ प्राप्त होता रहे।

### वास्तु दोष होता है दूर

स्वास्तिक के दाएं-बाएं शुभ-लाभ लिखने से वहां के वास्तु दोष दूर होते हैं। यदि आपके घर में या व्यवसायिक स्थल पर किसी प्रकार का कोई वास्तुदोष है तो यहां की नकारात्मक ऊर्जा को समाप्त करने के लिए पूर्व,उत्तर-पूर्व या उत्तर दिशा में शुभ-लाभ सहित स्वास्तिक का चिन्ह बनाना चाहिए।

## इन चार जगहों पर भूलकर भी नहीं करना चाहिए तर्पण और पिंडदान

भाद्रपद की पूर्णिमा से आश्विन मास की अमावस्या तक श्राद्ध पक्ष चलता है जिसे पितृपक्ष भी कहते हैं। यदि आप इस दौरान अपने पितरों का श्राद्ध, तर्पण या पिंडदान करने जा रहे हैं तो यह भी जान लें कि शास्त्रों के अनुसार किस स्थान पर श्राद्ध कर्म नहीं करना चाहिए और किस जगह पर श्राद्ध करना शुभ माना जाता है। जानते हैं विस्तार से....



### वर्जित है इन 4 जगहों पर श्राद्ध कर्म करना

**देव स्थान:** किसी मंदिर के भीतर या परिसर में या किसी भी अन्य देवस्थान श्राद्ध कर्म नहीं करना चाहिए क्योंकि यह देवभूमि होती है। पंडित या विद्वान की सलाह पर ही स्थान का चयन करें।

**अपवित्र भूमि:** किसी भी प्रकार से अपवित्र हो रही भूमि पर भी श्राद्ध नहीं करते हैं। कांटेदार भूमि या बंजर भूमि पर भी श्राद्ध नहीं करना चाहिए। जहां लोग खुले में मल-मूत्र त्यागने जाते हैं वहां भी श्राद्ध नहीं करना चाहिए भले ही उस भूमि को शुद्ध कर लिया गया हो।

**दूसरों की भूमि :** किसी दूसरे की व्यक्तिगत भूमि पर भी श्राद्ध नहीं करना चहिए। यदि दूसरे के घर या भूमि पर श्राद्ध करना पड़े तो किराया या दक्षिणा भूस्वामी को दे देना चाहिए।

**शमशान :** किसी ऐसे शमशान में श्राद्ध नहीं कर सकते हैं जिसे तीर्थ नहीं माना जाता। देश में कुछ ऐसे श्मशान हैं जिन्हें तीर्थ माना जाता है। जैसे उज्जैन का चक्रतीर्थ शमशान घाट को तीर्थ का दर्जा प्राप्त है। हालांकि ऐसी जगहों पर श्राद्ध करना मजबूरी हो तो ही करें। वैसे तीर्थ शमशान में श्राद्ध करने के पहले किसी विद्वान से सलाह जरूर लें।

### इन 8 में से किसी एक जगह पर कर सकते हैं श्राद्ध

**नदी तट :** किसी भी पवित्र नदी या नदी के नदी संगम तट पर उचित समय में विधि-विधान से श्राद्ध किया जा सकता है।

**तीर्थ क्षेत्र :** शास्त्रों में उल्लेखित किसी तीर्थ क्षेत्र में भी श्राद्ध किया जा सकता है। देशभर में गया, नासिक और उज्जैन सहित 64 से ज्यादा श्राद्ध तर्पण के स्थान हैं।

**समुद्र :** समुद्र के तट पर भी श्राद्ध किया जा सकता है। हालांकि इसके लिए समुद्री तट के किसी पवित्र स्थान का चयन करने ही श्राद्ध कर्म करें।

**घर :** श्राद्ध कर्म आप अपने घर पर ही करें तो ज्यादा उचित होगा। यदि पितरों की मुक्ति के लिए विशेष श्राद्ध कर्म करना हो तो ही नदी के तट या गया जैसे स्थानों का चयन करें।

**बरगद :** पवित्र वट वृक्ष अर्थात बरगद के पेड़ के नीचे भी श्राद्ध कर्म किया जा सकता है, बशर्ते की वहां कोई देव स्थान न हो।

**गोशाला :** जहां बैल नहीं बांधे जाते हों ऐसी गौशाला में भी उचित स्थान को गोबर से लीपकर शुद्ध करके श्राद्ध किया जा सकता है।

**पर्वत :** किसी पवित्र पर्वत शिखर पर देव स्थान को छोड़कर भी श्राद्ध किया जा सकता है।

**जंगल :** किसी भी छोटे या बड़े वनों में उचित स्थान देखकर उसे स्वच्छ करके विधिपूर्वक श्राद्ध किया जा सकता है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### मुंबई से आ रहा एयर इंडिया का विमान दिल्ली हवाई अड्डे पर दूसरे प्रयास में उतरा

**नयी दिल्ली :** मुंबई से आ रही एयर इंडिया की एक उड़ान सोमवार शाम को दिल्ली हवाई अड्डे पर नहीं उतर पायी। हालांकि दूसरे प्रयास में यह सुरक्षित रूप से उतर गयी। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों में से एक ने बताया कि एयर इंडिया की उड़ान संख्या एआई-2910 वाला विमान पहले प्रयास में इसलिए नहीं उतर पाया क्योंकि जब यह उतरने जा रहा था तो उसी दौरान यह तकनीकी या ऑपरेशनल मानकों के अनुसार नियंत्रित स्थिति में नहीं था। विमान में सवार एक यात्री ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''विमान उतरने ही वाला था, लेकिन इसने फिर से उड़ान भर ली और हवा में वापस जाने लगा। पायलट ने घोषणा की कि विमान के उतरने संबंधी कुछ जरूरी मानक पूरे नहीं हो पाए, इसलिए विमान को 'गो-अराउंड' करना पड़ रहा है।'' 'गो-अराउंड' के बाद विमान सुरक्षित रूप से दिल्ली में पुनः उतरा।

### इंदौर में आवारा कुत्ते ने बेघर मजदूर को काटा, रेबीज से तीन महीने बाद मौत

**इंदौर (मप्र) :** इंदौर में आवारा कुत्ते ने 42 वर्षीय एक बेघर मजदूर को काट लिया था जिसके तीन महीने बाद रेबीज से इस व्यक्ति की मौत हो गई। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि गोविंद पेवाल (42) को जूनी इंदौर क्षेत्र में आवारा कुत्ते ने तीन महीने पहले होंठ पर बुरी तरह काटा था और हालत बिगड़ने पर उसे पांच सितंबर को शासकीय महाराजा यशवंतराव चिकित्सालय (एमवायएच) में भर्ती कराया गया था। अधिकारी ने बताया कि मरीज को भोजन निगलने में परेशानी हो रही थी और वह हवा तथा पानी से डर रहा था। उन्होंने बताया कि चिकित्सकों की तमाम कोशिशों के बावजूद पेवाल की जान नहीं बचायी जा सकी और उसने रविवार को एमवायएच में दम तोड़ दिया। रेबीज से पेवाल की मौत के बाद शहर में आवारा कुत्तों के टीकाकरण को लेकर प्रशासन के दावों पर सवाल उठ रहे हैं।

### मध्यप्रदेश के धार में एक कारखाने में गैस रिसाव से तीन मज़दूरों की मौत: मजिस्ट्रियल जाँच के आदेश

**धार :** मध्यप्रदेश में धार ज़िले के पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र में एक कारखाने में एक दिन पहले हुए गैस रिसाव की सोमवार को मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए गए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह रिसाव रविवार रात लगभग साढ़े आठ बजे बगदून थाना क्षेत्र स्थित 'श्री सागर लुब्रिकेंट ऑयल कारखाने' में हुआ, जहां रसायन टैंक की सफाई करते समय जहरीली गैस के चलते सुशील (30), दीपक (35) और जगदीश (32) की मौत हो गई। जिलाधिकारी प्रियांक मिश्रा ने संवाददाताओं को बताया कि उप-विभागीय दंडाधिकारी राहुल गुप्ता इस घटना की जांच करेंगे। मिश्रा ने कहा, ''ज़िला प्रशासन ने इस मामले को गंभीरता से लिया है। अगर कोई खामी पायी जाती है, तो आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।''

### प्रति व्यक्ति आय के मामले में तेलंगाना ने कर्नाटक, हरियाणा को पीछे छोड़ा: उपमुख्यमंत्री

**हैदराबाद :** तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क ने सोमवार को कहा कि राज्य की प्रति व्यक्ति आय 3.87 लाख रुपये है। उन्होंने कहा कि तेलंगाना प्रति व्यक्ति आय के लिहाज से कर्नाटक और हरियाणा को पीछे छोड़कर शीर्ष राज्य बन गया है। राज्य स्तरीय बैंकरों की बैठक को संबोधित करते हुए विक्रमार्क ने कहा कि तेलंगाना के बैंकों ने पहली तिमाही में प्राथमिकता क्षेत्र ऋण खंड में अच्छा प्रदर्शन किया और वार्षिक ऋण योजना (एसीपी) लक्ष्यों का 33.64 प्रतिशत हासिल किया है। उन्होंने कहा, ''तेलंगाना अब 3.87 लाख रुपये प्रति व्यक्ति आय के साथ देश में शीर्ष पर है। राज्य हरियाणा और कर्नाटक से आगे है। कृषि क्षेत्र की मजबूती को औद्योगिक और सेवा क्षेत्र के विस्तार के साथ जोड़कर, तेलंगाना ने खुद को भारत की सबसे गतिशील अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में स्थापित किया है।''

# स्वदेशी मेला आयोजित करें राजग के सांसद, भारत के उत्थान के लिए आत्मनिर्भरता जरूरी: प्रधानमंत्री मोदी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सांसदों से भारत में निर्मित उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए 'स्वदेशी मेला' आयोजित करने का आग्रह किया और कहा कि आत्मनिर्भरता ही भारत के उत्थान का मार्ग है। सूत्रों ने बताया कि उपराष्ट्रपति चुनाव से एक दिन पहले सांसदों को संबोधित करते हुए मोदी ने भारत में निर्मित उत्पादों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया और लोगों को जीएसटी दरों में कटौती के व्यापक प्रभाव के बारे में बताने का आग्रह किया। सूत्रों ने बताया कि इसके अलावा उन्होंने सांसदों से खासकर त्योहारी सीजन में अपने-



अपने निर्वाचन क्षेत्रों में लोगों एवं व्यापारियों के साथ बैठकें करने का आग्रह किया। केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने बाद में कहा कि मोदी ने किसी देश का जिक्र नहीं किया, बल्कि आत्मनिर्भरता की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा, ''प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत एक मजबूत राष्ट्र के रूप में उभर रहा है, ऐसे में कुछ चुनौतियां भी आएंगी और विकसित राष्ट्र बनने की राह पर आगे बढ़ने के लिए उसे 'आत्मनिर्भर' होने की जरूरत है।'' भारत पर 50 प्रतिशत का शुल्क लगाने के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फैसले के बाद अमेरिका के साथ संबंधों में आई तल्खी के बीच, मोदी ने ''स्वदेशी'' का नारा बुलंद किया है, हालांकि वे लंबे समय से इस पर जोर देते रहे हैं। रीजीजू ने कहा कि उन्होंने सांसदों से अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में भारत में निर्मित उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए मेले आयोजित करने और इसमें नेतृत्वकारी भूमिका निभाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि लोगों को भारत में निर्मित उत्पादों पर उतना ही गर्व होना चाहिए, जितना वे कभी जापानी वस्तुओं पर महसूस करते थे। मोदी ने सांसदों से कहा कि वे जिस कार्यक्रम में शामिल हों, स्वदेशी उसका हिस्सा होना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार द्वारा माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में कटौती से एक लहर पैदा हुई है और सांसद जनता के साथ बैठकें करके इस संदेश को उन तक पहुंचाएं। सूत्रों ने बताया कि मोदी ने सांसदों को सलाह दी कि वे मंगलवार को होने वाले उपराष्ट्रपति चुनाव में सही तरीके से मतदान करें, ताकि कोई भी वोट बर्बाद न हो।

### जमीन के बदले नौकरी 'घोटाला' मामले में लालू ने अदालत से प्राथमिकी रद्द करने का अनुरोध किया

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने सोमवार को दिल्ली उच्च न्यायालय में कथित जमीन के बदले नौकरी घोटाले में सीबीआई की प्राथमिकी रद्द करने का अनुरोध किया और दलील दी कि यह बिना किसी आवश्यक मंज़ूरी के दर्ज की गई थी। यादव के वकील ने न्यायमूर्ति रविंदर डुडेजा के समक्ष दलील दी कि सीबीआई जांच 'अवैध' थी। वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने तर्क दिया, ''सीबीआई ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत अनिवार्य मंज़ूरी के बिना प्राथमिकी दर्ज की। इससे पूरी जांच अवैध हो जाती है। मंज़ूरी के अभाव में जांच शुरू ही नहीं हो सकती थी। पूरी कार्यवाही ही गलत है।'' सिब्बल ने कहा कि मंज़ूरी इसलिए ज़रूरी थी, क्योंकि यादव उस समय रेल मंत्री के रूप में आधिकारिक कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे थे।

## धोखाधड़ी मामले में रियल एस्टेट कारोबारी की 100 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को कहा कि धोखाधड़ी के एक मामले में धन शोधन निरोधक कानून के तहत उत्तर प्रदेश के एक रियल एस्टेट कारोबारी और उसकी कंपनी की 100 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति कुर्क की गई है। बयान में कहा गया है कि ये संपत्तियां 'अरण्य परियोजना' से संबंधित हैं, जिसका विकास अनिल मिठास की उन्नति फॉर्च्यून होल्डिंग्स लिमिटेड (यूएफएचएल) द्वारा किया जा रहा है। गाजियाबाद स्थित रियल एस्टेट कारोबारी मिठास को संघीय जांच एजेंसी ने अप्रैल में गिरफ्तार किया था और वह फिलहाल न्यायिक हिरासत में है। ईडी ने मई में गाजियाबाद स्थित विशेष धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) अदालत में उसके खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया था। ईडी ने एक बयान में कहा कि जांच में पाया गया कि 2011 से 2019 के दौरान इक्विटी निवेश, वरीयता शेयर, डिबेंचर/बॉन्ड समेत अन्य माध्यम से मिठास ने लगभग 126.30 करोड़ रुपये की हेराफेरी की। यह धन यूएफएचएल के कई बैंक खातों में घर खरीदारों/निवेशकों से एकत्र किया गया था। एजेंसी ने कहा, यूएफएचएल के धन के गबन या हेराफेरी से परियोजनाएं पूरी नहीं हो सकीं।

## पंजाब बाढ़: फसल नुकसान के लिए प्रति एकड़ 20,000 रुपये का मुआवजा

**चंडीगढ़ :** पंजाब मंत्रिमंडल ने सोमवार को राज्य में बाढ़ से फसल को हुए नुकसान के लिए 20,000 रुपये प्रति एकड़ का मुआवजा देने का फैसला किया। मंत्रिमंडल ने 'जिसदा खेत, उसकी रेत' नामक एक योजना को भी मंजूरी दी, जिसके तहत किसानों को बाढ़ के बाद अपने खेतों में जमा रेत निकालने और बेचने की अनुमति होगी। मुख्यमंत्री भगवंत मान की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में ये निर्णय लिए गए। मुख्यमंत्री ने मोहाली के एक अस्पताल से मंत्रिमंडल बैठक की अध्यक्षता की। वहां उन्हें थकावट और नब्ज धीमी चलने की शिकायत के बाद भर्ती कराया गया था। बैठक के बाद एक वीडियो संदेश में, मान ने कहा, ''हम किसानों को अपने खेतों से रेत निकालने की अनुमति दे रहे हैं। अगर आप रेत बेचना चाहते हैं या अपने लिए इस्तेमाल करना चाहते हैं, तो आप ऐसा कर सकते हैं।'' बाढ़ प्रभावित इलाकों में किसानों ने अपने खेतों में बाढ़ के पानी के साथ आई रेत के जमा होने पर चिंता व्यक्त की थी। मान ने कहा कि जहां तक बाढ़ से फसल को हुए नुकसान का सवाल है, राज्य सरकार प्रभावित किसानों को 20,000 रुपये प्रति एकड़ का मुआवजा देगी। उन्होंने दावा किया, ''अब तक यह देश में किसी भी राज्य द्वारा दिया जाने वाला अधिकतम मुआवजा है।'' मुख्यमंत्री ने कहा, ''मुआवजे के चेक आपको (किसानों को) सौंप दिए जाएंगे।''

## जम्मू-कश्मीर : आम आदमी पार्टी के विधायक मेहराज मलिक को हिरासत में लिया गया

**जम्मू :** आम आदमी पार्टी (आप) की जम्मू-कश्मीर इकाई के प्रमुख एवं विधायक मेहराज मलिक को सोमवार को डोडा जिले में सार्वजनिक व्यवस्था में खलल डालने के आरोप में कठोर जन सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) के तहत हिरासत में ले लिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, यह पहली बार है जब किसी मौजूदा विधायक को पीएसए के तहत हिरासत में लिया गया है। पीएसए एक प्रशासनिक कानून है जो कुछ मामलों में बिना किसी आरोप या मुकदमे के दो साल तक हिरासत में रखने की अनुमति देता है। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि मलिक जन सुरक्षा के लिए कोई खतरा नहीं



हैं और उन पर यह कानून लागू करना गलत है। अधिकारियों ने बताया कि इससे पहले दिन में 37 वर्षीय आप विधायक को डाक बंगले पर पुलिस ने हिरासत में ले लिया था, जब वह अपने क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा करने की योजना बना रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस द्वारा मलिक के खिलाफ एक मामला दर्ज किए जाने के बाद डोडा के उपायुक्त हरविंदर सिंह के आदेश पर उन्हें बाद में पीएसए के तहत भद्रवाह जिला जेल में स्थानांतरित कर दिया गया। मलिक के खिलाफ यह कार्रवाई ऐसे समय में हुई है जब सरकारी कर्मचारियों ने बड़े पैमाने पर उनके खिलाफ प्रदर्शन किया।

## असम से 18 बांग्लादेशी घुसपैठियों को वापस भेजा गया : मुख्यमंत्री शर्मा

**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने सोमवार को कहा कि 18 बांग्लादेशी घुसपैठियों को वापस भेज दिया गया है। शर्मा ने कहा कि इस बात का ध्यान रखा जा रहा है कि अवैध प्रवासी राज्य में वापस न लौटें और इसके लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''मैंने अपनी पिछली पोस्ट पर इन प्रतिक्रियाओं को लेकर की गयी टिप्पणियों के बारे में पढ़ा है, जिनमें लोगों ने कई सुझाव दिए हैं। आप निश्चिंत रहें, हम सभी प्रोटोकॉल का पालन कर रहे हैं, ताकि ये घुसपैठिए दोबारा असम में न आ सकें।'' उन्होंने कहा, ''उनमें से 18 लोगों को कल रात वापस भेज दिया गया।'' हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि घुसपैठियों को किस जिले से वापस भेजा गया था। मुख्यमंत्री शर्मा अक्सर अवैध बांग्लादेशियों को वापस भेजे जाने की जानकारी सोशल मीडिया पर नियमित रूप से साझा करते रहे हैं। उन्होंने तीन सितंबर को एक पोस्ट में बताया था कि 13 घुसपैठियों को वापस भेज दिया गया है।

## ऑपरेशन राहत: बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत और पुनर्वास प्रयासों में जुटी सेना



**चंडीगढ़ :** भारतीय सेना की पश्चिमी कमान 'ऑपरेशन राहत' के तहत पंजाब, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में व्यापक मानवीय सहायता एवं आपदा राहत (एचएडीआर) मिशन चला रही है। एक बयान में यह जानकारी दी गई है। इन राज्यों में प्रकृति के प्रकोप की वजह से कई लोगों की मौत हुई है और भारी तबाही मची है। पिछले 15 दिन के दौरान 17 इंजीनियर कार्यबलों समेत सेना की 59 टुकड़ियों को तैनात करके 82 एचएडीआर मिशन चलाए गए हैं, जिसके परिणामस्वरूप 6,000 से अधिक लोगों को बचाया गया है। इन टुकड़ियों में अर्धसैनिक बलों के लगभग 300 जवान शामिल हैं।

## मध्यप्रदेश के बुरहानपुर में गणेश विसर्जन के दौरान दो समुदायों के बीच पथराव, तीन घायल

**बुरहानपुर (मप्र) :** मध्यप्रदेश के बुरहानपुर में रविवार रात गणेश विसर्जन के दौरान दो समुदायों के बीच विवाद के बाद पथराव हो गया, जिसमें तीन लोग घायल हो गए। एक पुलिस अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना रविवार रात को बुरहानपुर के लालबाग थानाक्षेत्र के बिरोदा गांव में हुई, जिसके बाद वहां भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। अधिकारी ने बताया कि स्थिति अब सामान्य है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक बागरी ने बताया,'' स्थिति नियंत्रण में है और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं। किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए गांव में भारी पुलिस



बल तैनात किया है।'' उन्होंने बताया कि फिलहाल पुलिस ने दोनों पक्षों के कुल सात लोगों को गिरफ्तार किया है और हालात पर नजर बनाए हुए है। पुलिस के एक अन्य अधिकारी ने बताया कि गणेश विसर्जन के दौरान हनुमान चालीसा पाठ करते समय विवाद हो गया और फिर पथराव से माहौल तनावपूर्ण हो गया। उन्होंने कहा कि पथराव के चलते एक पक्ष के तीन लोग घायल हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## जम्मू में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पाकिस्तानी घुसपैठिया गिरफ्तार

**जम्मू :** जम्मू के आर एस पुरा सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) पर एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को गिरफ्तार किया गया और इस घटना को लेकर पड़ोसी देश के समक्ष विरोध दर्ज कराया जा रहा है। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह घटना ओक्ट्राई चौकी पर हुई। बीएसएफ ने यहां जारी एक बयान में कहा कि घुसपैठिए को रविवार रात नौ बजकर 10 मिनट पर सीमा पार करते और आक्रामक तरीके से सुचेतगढ़ तहसील में सीमा पर बाड़ के पास आते देखा गया। उसकी पहचान पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की भलवाल तहसील के 27-चक गांव के निवासी सिराज खान के रूप में



की गयी है। इसमें कहा गया है कि सतर्क जवानों ने घुसपैठिए को चेतावनी दी लेकिन उसने इसे अनसुना कर दिया। खतरे को भांपते हुए सैनिकों ने उस पर गोलियां चलायी और बाद में उसे हिरासत में ले लिया।

## 'द टेलीग्राफ' के संपादक संकर्षण ठाकुर का गुरुग्राम के अस्पताल में निधन

**नयी दिल्ली :** वरिष्ठ पत्रकार और अंग्रेजी समाचार पत्र 'द टेलीग्राफ' के संपादक संकर्षण ठाकुर का लंबी बीमारी के बाद सोमवार को गुरुग्राम के एक अस्पताल में निधन हो गया। वह 63 वर्ष के थे। उनके परिवार में पत्नी सोना, बेटी जहान और बेटा आयुष्मान हैं। ठाकुर ने 1984 में 'संडे' पत्रिका से अपना पत्रकारिता करियर शुरू किया था। उन्होंने कई मीडिया संस्थानों में काम किया, जिनमें 'द इंडियन एक्सप्रेस', 'तहलका' और 'द टेलीग्राफ' शामिल हैं। शब्दों का चयन ठाकुर के विश्लेषणों एवं 'ग्राउंड रिपोर्ट' को और भी धारदार बना देता था। उन्हें अपनी तीक्ष्ण राजनीतिक टिप्पणियों और संवेदनापूर्ण लेखनी के लिए



जाना जाता है। ठाकुर देश की राजनीति, खासकर बिहार, के एक गहन इतिहासकार थे। उनका गृह राज्य न केवल उनकी पत्रकारिता का केंद्र था, बल्कि इसने एक लेखक के रूप में भी उन्हें स्थापित किया। ठाकुर ने राज्य के प्रमुख राजनीतिक हस्तियों की बहुचर्चित और सर्वाधिक बिकने वाली जीवनी लिखी हैं।

## मुंबई हवाई अड्डे पर 14 करोड़ रुपये मूल्य का गांजा जब्त, दो यात्री गिरफ्तार

**मुंबई :** सीमा शुल्क विभाग ने मुंबई हवाई अड्डे पर पिछले दो दिनों में 13.83 किलोग्राम गांजा जब्त किया है। बाजार में इसकी कीमत लगभग 13.83 करोड़ रुपये आंकी गई है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी के अनुसार, विभिन्न मामलों में प्रतिबंधित सामान की जब्ती के संबंध में दो यात्रियों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि यात्रियों ने ट्रॉली बैग के अंदर बड़ी चतुराई से यह मादक पदार्थ छिपाया हुआ था। अधिकारी ने बताया कि पहले मामले में एक यात्री के सामान से 2.002 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया, जिसकी बाजार में कीमत लगभग 2.002 करोड़ रुपये आंकी गई है। यह यात्री रविवार को बैंकॉक से मुंबई स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पहुंचा था।



## दिल्ली में 'कलश' चोरी मामले में तीन लोग गिरफ्तार

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी में लालकिले के पास जैन धार्मिक कार्यक्रम से सोने के कई 'कलश' चोरी के मामले में मुख्य आरोपी समेत तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है और उनके पास से डेढ़ करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के चोरी के सामान बरामद किये गए हैं। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। लालकिले के निकट 15 अगस्त पार्क में लगाए गए जैन पर्व पंडाल में तीन सितंबर को यह घटना हुई थी। यह घटना जैन समाज के दसलक्षण महापर्व (28 अगस्त से नौ सितंबर) के दौरान हुई। पुलिस के अनुसार, उत्तर प्रदेश के हापुड़ का रहने वाले भूषण वर्मा (50) नाम के आरोपी ने मंच से पूजा में इस्तेमाल होने वाली सोने की तीन वस्तुएं एक बड़ी झारी



(कलश), एक जग और एक बरियाल (कंटेनर) चुरा लिया था। उसके पास से लगभग 725 ग्राम वजन का एक कलश बरामद कर लिया गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि चोरी की गई वस्तुओं का एक बड़ा हिस्सा उसके सहयोगियों ने पिघला दिया। पुलिस उपायुक्त (अपराध शाखा) पंकज कुमार सिंह ने बताया, ''वर्मा को अपराध शाखा ने त्वरित खुफिया सूचना के आधार पर चलाए गए अभियान के बाद रविवार और सोमवार की दरमियानी रात को हापुड़ से गिरफ्तार किया। उसके सहयोगी गौरव कुमार वर्मा और अंकित पाटिल (दोनों गाजियाबाद के हापुड़ निवासी) को भी चोरी का सोना प्राप्त करने और उसे पिघलाने में उनकी भूमिका के लिए गिरफ्तार किया गया।'' पुलिस ने बताया कि सोने की झारी, लगभग 100 ग्राम पिघला हुआ सोना, 10,400 रुपये नकद और चोरी की वस्तुओं को पिघलाने में इस्तेमाल किए गए उपकरण जब्त किए गए हैं। उसने बताया कि बरामद सामान का अनुमानित मूल्य लगभग 1 करोड़ रुपये है, हालांकि पिघलाए हुए सामान सहित चोरी की गई वस्तुओं का कुल मूल्य 1.5 करोड़ रुपये से अधिक माना जा रहा है।

## हिमाचल प्रदेश बना पूरी तरह साक्षर राज्य, साक्षरता दर 99.3 प्रतिशत पर पहुंची: मुख्यमंत्री

**शिमला :** मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सोमवार को हिमाचल प्रदेश को पूरी तरह से साक्षर राज्य घोषित करते हुए कहा कि राज्य ने 99.3 प्रतिशत साक्षरता दर हासिल कर ली है, जो राष्ट्रीय दर यानी 95 प्रतिशत से अधिक है। अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर शिमला में आयोजित उल्लास मेला 2025 के दौरान यह घोषणा करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य छात्र-शिक्षक अनुपात के मामले में भी देश में प्रथम स्थान पर है। उन्होंने एक बयान में कहा, लगभग सात प्रतिशत की न्यूनतम साक्षरता दर वाले राज्य से पूर्ण साक्षर राज्य बनने तक की यात्रा चुनौतियों से भरी रही है, फिर भी राज्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से लगातार आगे बढ़ा है।

# चोकसी की कोठरी में न तो भीड़भाड़ होगी और न ही एकांतता

### गृह मंत्रालय ने बेल्जियम को दिया आश्वासन

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बेल्जियम के अधिकारियों से कहा है कि अगर भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी को वहां से प्रत्यर्पित किया जाता है, तो उसे मुंबई की आर्थर रोड जेल की बैरक संख्या 12 में रखा जाएगा और उसकी कोठरी में न तो भीड़भाड़ होगी और न ही एकांतता। मंत्रालय ने कहा कि उसकी कोठरी में कम से कम एक और आर्थिक अपराधी को रखा जा सकता है। मंत्रालय ने चार सितंबर को जारी एक विज्ञप्ति के माध्यम से बेल्जियम के अधिकारियों को सूचित किया कि जेल के बैरक संख्या 12 में प्रत्येक कैदी के लिए रहने का स्थान सजा के दौरान यातना की रोकथाम से संबंधित यूरोप की एक समिति की आवश्यकता के अनुरूप है। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के प्रत्यर्पण अनुरोध पर अप्रैल में बेल्जियम में चोकसी को गिरफ्तार किया गया था। वह पंजाब नेशनल बैंक से 13,000 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी मामले में वांछित है। चोकसी (66) धोखाधड़ी करके एंटीगुआ और बारबुडा भाग गया था और घोटाले का खुलासा होने महीनों पहले उसने वहां की नागरिकता ले ली थी। बेल्जियम के अधिकारियों को भेजा गया गृह मंत्रालय का पत्र महाराष्ट्र जेल विभाग से प्राप्त विवरण पर आधारित है, जिसमें चोकसी के प्रत्यर्पण की स्थिति में उसे रखने की व्यवस्था के बारे में बताया गया है। इसका उद्देश्य बेल्जियम के अधिकारियों को यह विश्वास दिलाना है कि जेल की व्यवस्था यूरोपीय मानकों के अनुरूप है। मंत्रालय ने यह जानकरी बेल्जियम के एंटवर्प शहर के अधिकारियों को भेज दी है, जहां जल्द ही अदालत में उसके प्रत्यर्पण की याचिका पर सुनवाई शुरू होने की संभावना है। विदेश से किसी के प्रत्यर्पण का अनुरोध करते समय इस तरह के आश्वासन दिया जाना आम बात हैं।

### पूर्व उपराष्ट्रपति धनखड़ ने दिल्ली में अपने लिए 'उपयुक्त' सरकारी बंगला मांगा

**नयी दिल्ली :** पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने पद से इस्तीफा देने के करीब डेढ़ महीने बाद अपने अधिकार के अनुसार सरकार से एक बंगला आवंटित किए जाने की मांग की है। सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया किं पूर्व उपराष्ट्रपति ने आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय को पत्र लिखकर उन्हें 'उपयुक्त' सरकारी आवास उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है। पूर्व उपराष्ट्रपति पिछले सप्ताह वीपी एन्क्लेव से दक्षिण दिल्ली के छतरपुर इलाके में स्थित एक निजी फार्महाउस में स्थानांतरित हुए थे। यह फार्महाउस इंडियन नेशनल लोकदल (आईएनएलडी) नेता अभय चौटाला का है। सूत्रों के अनुसार, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने अभी तक पूर्व उपराष्ट्रपति को कोई बंगला आवंटित नहीं किया है।

## थलसेना के विशेष बल, नौसेना के मरीन कमांडो ने सिक्किम में बेहद ऊंचाई पर किया अभ्यास

**कोलकाता :** भारतीय थलसेना की पैरा स्पेशल फोर्स और नौसेना के मरीन कमांडो मार्कोस ने सिक्किम में 17,000 फुट की ऊंचाई पर सर्द वातावरण में एक सप्ताह तक संयुक्त स्कूबा और लड़ाकू गोताखोरी अभ्यास किया। एक रक्षा अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के अभ्यास से सेनाओं के बीच तालमेल में वृद्धि होती है, विशेष युद्ध कौशल में निखार आता है तथा यह सुनिश्चित होता है कि भारत की सेनाएं हिमालय से लेकर समुद्र तक विविध भूभागों में मिशन के लिए तैयार रहें। अधिकारी ने कहा कि बेहद ऊंचाई वाले क्षेत्र में प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों ने 'ओपन सर्किट एयर डाइविंग', 'क्लोज सर्किट प्योर ऑक्सीजन डाइविंग', सर्द पानी की स्थिति में 17 मीटर



की गहराई तक गोता लगाया तथा 'कॉम्बैट नाइट डाइविंग' की। उन्होंने कहा, ''बेहद ऊंचाई वाले वातावरण ने असाधारण चुनौतियां पैदा कीं, अभियानगत तैयारियों को मजबूत किया और लड़ाकू गोताखोरी क्षमता की सीमाओं का विस्तार किया।''

# महिला एशिया कप में भारत ने सिंगापुर को 12-0 से हराया

**हांगझोउ (चीन):** नवनीत कौर और मुमताज खान की हैट्रिक की बदौलत भारतीय महिला हॉकी टीम ने सोमवार को एशिया कप के पूल बी मैच में सिंगापुर को 12-0 से रौंदा। नवनीत (14वां , 18वां , 28वां मिनट) और मुमताज खान (दूसरा, 32वां और 38वां मिनट) के अलावा, नेहा (11वां मिनट, 38वां मिनट) ने दो जबकि लालरेम्सियामी (13वां मिनट), शर्मिला देवी (45वां मिनट) और रुतुजा पिसल (52वां मिनट) ने भी भारत के लिए गोल दागे। विश्व रैंकिंग में 10वें स्थान पर काबिज भारत ने अपने पहले मैच में थाईलैंड को 11-0 से हराया था, जबकि गत चैंपियन जापान के साथ 2-2 से ड्रॉ खेला था। भारत अपना अगला मैच सुपर चार चरण में पूल ए में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम से खेलेगा। विश्व रैंकिंग में 34वें स्थान पर काबिज सिंगापुर के खिलाफ भारतीय टीम ने



दो मिनट के अंदर ही गोल कर शानदार शुरुआत की। मुमताज के सर्कल के कोने से लगाये जोरदार रिवर्स शॉट का सिंगापुर की रक्षापंक्ति के पास कोई जवाब नहीं था। भारतीय खिलाड़ियों ने मैच पर अपना दबदबा कम नहीं होने दिया और आठवें मिनट में टीम ने पहला पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन यह प्रयास जाया हो गया। टीम ने 11वें से 14 वें मिनट के अंदर तीन गोल कर पहले क्वार्टर में ही सिंगापुर को बैकफुट पर धकेल दिया। इसकी शुरुआत नेहा ने रिबाउंड पर गोल कर की। मैच के 13वें मिनट में ला-लरेम्सियामी के गोल से टीम की बढ़त 3-0 हो गयी। नवनीत ने इसके एक मिनट के बाद पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर स्कोर 4-0 कर दिया। सिंगापुर ने दूसरे क्वार्टर में भारतीय टीम को कुछ समय तक रोके रखा लेकिन नवनीत ने एक और दमदार प्रयास करके 20वें मिनट में स्कोर 5-0 कर दिया। भारत ने लगातार पेनल्टी कॉर्नर हासिल कर दबाव बनाए रखा और उनमें से तीसरे पेनल्टी कॉर्नर पर नवनीत ने गोलकीपर को चकमा देकर अपनी हैट्रिक पूरी की। उदिता ने इसके तुरंत बाद एक और पेनल्टी कॉर्नर पर शानदार गोल किया जिससे मध्यांतर तक भारत को 7-0 की शानदार बढ़त मिल गई। ला-लरेम्सियामी ने 32वें मिनट में मुमताज को एक शानदार पास दिया, जिससे स्कोर 8-0 हो गया। भारत को लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले और 38वें मिनट में नेहा ने एक बार फिर गेंद को गोल में डालकर स्कोर 9-0 कर दिया। इसके बाद मुमताज ने मैच में हैट्रिक लगाने वाली दूसरी भारतीय खिलाड़ी बनी। इस क्वार्टर के अंत में भारत को मैच का 12वां पेनल्टी कॉर्नर मिला।

## अल्काराज़ बने अमेरिकी ओपन चैंपियन, नंबर एक रैंकिंग भी हासिल की

**न्यूयॉर्क:** कार्लोस अल्काराज ने यानिक सिनर पर अपना दबदबा बरकरार रखते हुए चार सेट तक चले मुकाबले में जीत दर्ज करके अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष एकल का खिताब जीता और विश्व में नंबर एक रैंकिंग भी हासिल की। इन दोनों खिलाड़ियों के बीच अमेरिकी ओपन का फाइनल फ्रेंच ओपन में चैंपियनशिप का फ़ैसला करने वाले उनके मुक़ाबले जितना लंबा, रोमांचक और नाटकीय नहीं था जहां अल्काराज़ चैंपियन बने थे। यह विंबलडन के फाइनल जितना सार्थक और कथानक आधारित भी नहीं था जहां सिनर ने फ्रेंच ओपन की हार का बदला चुकता किया था। फिर भी रविवार को दूसरे नंबर के खिलाड़ी अल्काराज़ की नंबर एक सिनर पर 6-2, 3-6, 6-1, 6-4 से जीत वाकई अहम रही। अल्काराज़ ने गत चैंपियन पर अपनी श्रेष्ठता फिर से स्थापित की, एटीपी रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया और टेनिस प्रशंसकों को उनके अगले मुकाबले का बेसब्री से इंतज़ार करने पर मजबूर कर दिया। यह दोनों



खिलाड़ी टेनिस के इतिहास में एक ही सत्र में लगातार तीन ग्रैंड स्लैम फाइनल में एक दूसरे का सामना करने वाले पहले दो पुरुष खिलाड़ी हैं। पुरस्कार समारोह के दौरान अल्काराज़ ने मज़ाक में कहा, ''मैं आपको अपने परिवार से ज़्यादा देख रहा हूं। कोर्ट साझा करना, लॉकर रूम साझा करना, सब कुछ बहुत अच्छा लगता है।' उनकी इस बात पर सिनर भी मुस्कुरा उठे। अल्काराज़ ने कहा, 'विंबलडन की हार के बाद ही मैंने अपनी तैयारी शुरू कर दी थी। मैंने उस मैच को देखा और अपने कोच के साथ मिलकर अपनी गलतियों पर काम किया। मुझे खुशी है कि मैं यहां ट्रॉफी जीतने में सफल रहा।'

## विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में रिकॉर्ड 35 भारतीय पदार्पण करेंगे

**नयी दिल्ली:** भारत के रिकॉर्ड 35 एथलीट 27 सितंबर से पांच अक्टूबर तक यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में होने वाली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पदार्पण करेंगे। पदार्पण करने वाले एथलीट में महेंद्र गुर्जर भी शामिल हैं जिन्होंने इस साल स्विट्जरलैंड में नोटविल ग्रां प्री में पुरुष एफ42 भाला फेंक स्पर्धा में 61.17 मीटर के प्रयास के साथ विश्व रिकॉर्ड बनाया था। अभी पटियाला में ट्रेनिंग कर रहे गुर्जर विश्व चैंपियनशिप में पहली बार शिरकत करते हुए अपनी छाप छोड़ने के लिए उत्सुक हैं। गुर्जर ने विज्ञप्ति में कहा, ''यह चैंपियनशिप सिर्फ पदकों के बारे में नहीं है - यह दुनिया को भारतीय पैरा खिलाड़ियों के जज्बे और क्षमता से रूबरू कराने के बारे में है। मुझे उम्मीद है कि हमारा प्रदर्शन और अधिक युवाओं, विशेषकर लड़कियों को अपने खेल के सपनों को साकार करने के लिए प्रोत्साहित करेगा।' पहली बार भाग लेने वालों में अतुल कौशिक (चक्का फेंक एफ57), प्रवीण (चक्का फेंक एफ46), हैनी (चक्का फेंक एफ37), मित पटेल (लंबी कूद टी44), मंजीत (भाला फेंक एफ13), विशु (लंबी कूद टी12), पुष्पेंद्र सिंह (भाला फेंक एफ44), अजय सिंह (लंबी कूद टी47), शुभम जुयाल (गोला फेंक एफ57), बीरभद्र सिंह (चक्का फेंक एफ57), दयावंती (महिला 400 मीटर टी20), अमीषा रावत (महिला गोला फेंक एफ46), आनंदी कुलंथायसामी (क्लब थ्रो एफ32) और सुचित्रा परिदा (महिला भाला फेंक एफ56) शामिल हैं।

## राइफल और पिस्टल मिश्रित टीम विश्व कप आज से, भारत की 24 सदस्यीय टीम लेगी हिस्सा

**निंगबो (चीन):** भारत के मिश्रित टीम राइफल और पिस्टल निशानेबाज मंगलवार से यहां शुरू हो रहे आईएसएसएफ विश्व कप में भाग लेंगे। राइफल और पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धायें निंगबो ओलंपिक खेल केंद्र पर होंगी। भारत ने 24 सदस्यीय टीम भेजी है जिसमें राष्ट्रीय रैंकिंग में चौथे से छठे स्थान के निशानेबाज भाग लेंगे। पूर्व जूनियर विश्व चैम्पियन और ओलंपियन रमिता जिंदल जूनियर विश्व चैम्पियनशिप पदक विजेता उमामहेश मेदिनेनी के साथ खेलेंगी जबकि पूर्व नंबर एक दिव्यांश सिंह पंवार एयर राइफल मिश्रित टीम वर्ग में मेघना एम सज्जनार के साथ उतरेंगे। अर्जुन बबूता और आर्य बोस ने म्युनिख विश्व कप में इस वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था। एयर पिस्टल मिश्रित टीम में ओलंपियन रिदम सांगवान और निशांत रावत उतरेंगे जबकि अमित शर्मा इसमें सुरभि राव के साथ चुनौती पेश करेंगे। सुरूचि सिंह और सौरभ चौधरी की भारतीय जोड़ी ने इस साल लीमा में इस वर्ग में स्वर्ण और ब्यूनस आयर्स विश्व कप में कांस्य पदक जीता था। भारतीय राइफल जोड़ियों का सामना दुनिया के नंबर एक और दो बार ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता शेंग लिहाओ और 16 वर्ष की पेंग शिन्लू से होगा जिन्होंने हाल ही में एशियाई चैम्पियनशिप में व्यक्तिगत और मिश्रित टीम वर्ग में रजत पदक जीता है।

## नीतीश ने भारतीय पुरुष हॉकी टीम के प्रत्येक खिलाड़ी को 10 लाख रुपये का पुरस्कार देने की घोषणा की

**पटना:** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एशिया कप 2025 जीतने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम के प्रत्येक सदस्य को 10 लाख रुपये का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की। भारत ने रविवार को राजगीर में पुरुष हॉकी एशिया कप के फाइनल में दक्षिण कोरिया को 4-1 से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। मुख्यमंत्री ने एक्स पर लिखा कि राज-गीर स्थित खेल परिसर में पहली बार आयोजित एशिया कप 2025 में भारतीय हॉकी टीम ने शानदार जीत दर्ज की। इस जीत से पूरा देश गौरवान्वित है। मुख्यमंत्री ने लिखा ,''एशिया कप 2025 की विजेता भारतीय टीम के प्रत्येक खिलाड़ी को 10 लाख रुपये और प्रत्येक सहयोगी स्टाफ सदस्य को 5 लाख रुपये का मानदेय दिया जाएगा।' भारतीय टीम इससे पहले 2017 में ढाका में, 2007 चेन्नई में और 2003 में कुआलालंपुर में आयोजित एशिया कप पुरुष हॉकी प्रतियोगिता में जीत दर्ज कर चुकी है। इस जीत के साथ ही भारत ने अगले साल 14 से 30 अगस्त तक बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले एफआईएच विश्व कप के लिये भी क्वालीफाई कर लिया है।

# आज एशिया कप का आगाज

## खिताब का प्रबल दावेदार भारत

**दुबई :** सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय टीम मंगलवार से शुरू हो रहे एशिया कप टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में खिताब की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। पाकिस्तान और श्रीलंका जैसी पारंपरिक प्रतिद्वंद्वी टीमों की मौजूदगी के बावजूद संतुलित भारतीय दल के सामने कोई बड़ी चुनौती दिखाई नहीं देती। टूर्नामेंट का आगाज़ अबू धाबी में अफगानिस्तान और हांगकांग के मुकाबले से होगा, लेकिन सबकी निगाहें बुधवार को दुबई पर टिकी होंगी जब सितारों से सजी भारतीय टीम अपने पहले मैच में संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ मैदान में उतरेगी। भारत का एशिया कप में रिकॉर्ड शानदार रहा है। टीम सात बार वनडे और एक बार टी-20




प्रारूप में खिताब जीत चुकी है। इस बार शक्ति संतुलन भी उसके पक्ष में नजर आ रहा है। चयनकर्ताओं और कोचिंग स्टाफ ने भी 17 के बजाय 15 सदस्यीय टीम पर भरोसा जताया है, जिसमें श्रेयस अय्यर और यशस्वी जायसवाल जैसे खिलाड़ी जगह नहीं बना पाए। भारत के लिए यह टूर्नामेंट केवल खिताब जीतने भर का नहीं है, बल्कि साढ़े चार महीने बाद होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए सही संयोजन तैयार करने का अवसर भी है। सूर्यकुमार की कप्तानी में टीम का जीत प्रतिशत 80 रहा है। अब उनके साथ शुभमन गिल उपकप्तान की भूमिका निभाएंगे। पाकिस्तान और श्रीलंका दोनों ही टीमों में बदलाव का दौर चल रहा है।

# मोहम्मद सिराज आईसीसी के महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए नामित हुए

**दुबई:** भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को सोमवार को इंग्लैंड दौरे के पांचवें और अंतिम टेस्ट में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए आईसीसी के अगस्त महीने के 'सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी' पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया। सिराज के साथ न्यूजीलैंड के मैट हेनरी और वेस्टइंडीज के जेडन सील्स भी इस सूची में शामिल है। सिराज ने इंग्लैंड में पांच मैचों की श्रृंखला के सभी मैचों को खेला और 23 विकेट चटकाये। जून के अंत में शुरू यह श्रृंखला अगस्त की शुरुआत में खत्म हुई। सिराज ने पांचों टेस्ट में 185.3 ओवर डाले और अपनी रफ्तार कम किए बिना युवा और कम अनुभव वाले भारतीय टीम को 2-2 से ड्रॉ करने में मदद की। आईसीसी ने



अपनी वेबसाइट पर कहा, ''मोहम्मद सिराज ने अगस्त में सिर्फ एक मैच खेला, लेकिन उस मैच में उनकी शानदार गेंदबाजी उन्हें नामांकन दिलाने के लिए काफी थी। इंग्लैंड के खिलाफ 'द ओवल' में एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी श्रृंखला के अंतिम टेस्ट में इस भारतीय तेज गेंदबाज ने 21.11 की औसत से नौ विकेट लेकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई।' उन्होंने कहा, ''जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में सिराज ने बहुत दृढ़ संकल्प के साथ आक्रमण का नेतृत्व किया। श्रृंखला के शुरुआती चार मैच खेलने के बावजूद उन्होंने दो पारियों में 46 से अधिक ओवर डाले।' आईसीसी ने कहा, ''उन्होंने पहली पारी में चार विकेट लिए और उसके बाद दूसरी पारी में शानदार पांच विकेट लिए। दूसरी पारी में उनके निर्णायक स्पैल ने भारत को जीत दिलाई, जिससे श्रृंखला 2-2 की बराबरी पर समाप्त हुआ। इस शानदार प्रयास के लिए सिराज को इस मैच का 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया।'



# जीएसटी दरों में कटौती का पूरा लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचना चाहिए: पीयूष गोयल

**नयी दिल्ली:** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को उद्योग जगत से जीएसटी दरों में कटौती का पूरा लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि ऐसा करने से घरेलू उत्पादों की मांग बढ़ेगी और अर्थव्यवस्था की नींव मजबूत होगी। गोयल ने कहा, ''माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में कटौती और सरलीकरण से घरेलू मांग बढ़ेगी, छोटे और बड़े उद्यमों को ज्यादा अवसर मिलेंगे, रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे, आय बढ़ेगी, जिससे खर्च बढ़ेगा।' उन्होंने आगे कहा कि इससे देश को आगे ले जाने के लिए वृद्धि का एक अच्छा चक्र बनेगा। वाणिज्य और उद्योग मंत्री ने यहां ईईपीसी इंडिया के एक




विज्ञान भवन में ईईपीसी इंडिया के प्लेटिनम जुबली समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के साथ केंद्रीय मंत्री पियूष गोयल।

कार्यक्रम में कहा कि दुनिया की कोई भी ताकत भारत को एक वैश्विक महाशक्ति के रूप में उभरने से नहीं रोक पाएगी। उन्होंने समतामूलक आर्थिक लाभ के महत्व पर जोर दिया और कहा कि जीएसटी की दरों में कटौती का पूरा लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब भारत एक संयुक्त परिवार की तरह काम करेगा और सभी क्षेत्रों में एक-दूसरे का समर्थन करेगा, तो स्वाभाविक रूप से समावेशी विकास होगा। गोयल ने भरोसा जताया कि देश टिकाऊ और समावेशी विकास के लिए दुनिया भर में आदर्श बन सकता है। उन्होंने कहा कि जीएसटी दरों में कटौती और सरलीकरण के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घरेलू मांग को बढ़ावा दिया है। गोयल ने कहा कि जब आर्थिक प्रणाली के मजबूत आधार पर बुनियादी ढांचे का खर्च बढ़ेगा और उपभोक्ता मांग में तेजी आएगी, तो दुनिया की कोई भी ताकत भारत को विश्व शक्ति बनने से नहीं रोक सकती।

## जीएसटी में व्यापक सुधार प्रगतिशील कदम, छोटे विक्रेताओं के लिए पासा पलटने वाला : अमेजन

**नयी दिल्ली:** ऑनलाइन खरीद-बिक्री की सुविधा देने वाली प्रमुख कंपनी अमेजन इंडिया ने जीएसटी में व्यापक सुधारों के तहत स्वीकृत दो-स्तरीय कर ढांचे की सराहना की है। उसने इसे 'बेहद प्रगतिशील सुधार' बताते हुए छोटे विक्रेताओं के लिए 'पासा पलटने वाला' कदम बताया है। साथ ही, कंपनी ने उम्मीद जतायी है कि इसका ग्राहकों और विक्रेता परिवेश पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। जीएसटी परिषद ने माल एवं सेवा कर के चार स्लैब की जगह दो स्लैब करने का फैसला किया है। अब कर की दरें पांच और 18 प्रतिशत होंगी जबकि विलासिता एवं सिगरेट जैसी अहितकर वस्तुओं पर 40 प्रतिशत की विशेष दर लागू होगी। सिगरेट, तंबाकू और अन्य संबंधित वस्तुओं को छोड़कर नई कर दरें 22 सितंबर से प्रभावी हो जाएंगी। अमेजन इंडिया के उपाध्यक्ष (श्रेणी) सौरभ श्रीवास्तव ने कहा कि नई जीएसटी व्यवस्था मझोले और छोटे शहरों के विक्रेताओं के लिए डिजिटल कारोबार को पूरी तरह से लोकतांत्रिक बनाती है। उन्होंने पीटीआई-भाषा को बताया, 'सरकार ने जो किया है वह एक बेहद प्रगतिशील सुधार है। इसका ग्राहकों, विक्रेता परिवेश और समग्र



अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। दरों में कमी के कारण, विक्रेता और ब्रांड बेहतर सौदे पेश कर सकते हैं।' श्रीवास्तव ने कहा कि अमेजन इंडिया ने संशोधित जीएसटी दरों को शामिल करने के लिए अपने आंतरिक प्रणाली में बदलाव करना शुरू कर दिया है। अमेजन के प्रमुख वार्षिक सेल 23 सितंबर से शुरू होने वाले 'ग्रेट इंडियन फेस्टिवल' को देखते हुए, श्रीवास्तव ने कहा कि जीएसटी में बदलाव के साथ, ग्राहक एक लाख से ज्यादा उत्पादों पर साल की सबसे कम कीमतों की उम्मीद कर सकते हैं। अमेजन इंडिया ने मांग में अनुमानित वृद्धि को पूरा करने के लिए अकेले इस वर्ष 2,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है।

# भारत की बेरोजगारी दर जी20 देशों में सबसे कम: मांडविया

**नयी दिल्ली:** केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने सोमवार को कहा कि विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के अनुसार भारत की बेरोजगारी दर दो प्रतिशत है, जो जी20 देशों में सबसे कम है। मंत्री ने कहा कि भारत की तेज आर्थिक वृद्धि के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार सृजन हुआ है और प्रधानमंत्री विकासशील भारत रोजगार योजना (पीएम- वीबीआरवाई) सहित कई योजनाओं ने इसमें योगदान दिया है। वह मंत्रालय और डिजिटल मंच 'मेंटर टुगेदर' तथा ऑनलाइन साइट 'क्विकर' के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर के मौके पर एक सभा को



संबोधित कर रहे थे। इस एमओयू का मकसद राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल पर रोजगार के अवसरों के साथ ही युवाओं की रोजगार क्षमता बढ़ाना है।

## मजबूत वैश्विक रुख के साथ शेयर बाजार में तेजी: सेंसेक्स, निफ्टी लाभ में

**मुंबइ:** वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख के बीच स्थानीय शेयर बाजार सोमवार को बढ़त में रहे। बीएसई सेंसेक्स 76 अंक के लाभ में रहा जबकि एनएसई निफ्टी में 32 अंक की तेजी आई। इस महीने अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर में कटौती की उम्मीद से वैश्विक बाजारों में तेजी आई, जिसका घरेलू बाजार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा। कारोबार के आखिरी घंटे में निवेशकों की मुनाफावसूली के बावजूद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 76.54 अंक यानी 0.09 प्रतिशत की बढ़त के साथ 80,787.30 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स बढ़त के साथ खुला और बाद में वाहन, पेट्रोलियम और निजी बैंक शेयरों में तेजी के साथ 460.62 अंक यानी 0.57 प्रतिशत चढ़कर 81,171.38 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। हालांकि, आईटी और दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों



(एफएमसीजी) के शेयरों में बिकवाली ने अंत में बढ़त को सीमित कर दिया। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 32.15 अंक यानी 0.13 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 24,773.15 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा मोटर्स में सबसे ज्यादा 3.97 प्रतिशत की तेजी रही जबकि महिंद्रा एंड महिंद्रा 3.96 प्रतिशत की बढ़त में रहा। इसके अलावा मारुति, अदाणी पोर्ट्स, बजाज फाइनेंस और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर भी लाभ में रहे।

## नागर विमानन मंत्री ने एयरलाइंस प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक की

**नयी दिल्ली:** नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने सोमवार को एयरलाइंस उद्योग के प्रतिनिधियों के साथ मासिक समीक्षा बैठक की जिसमें सुरक्षा, विमानों के बेड़े के प्रदर्शन और यात्री सुविधा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में नागर विमानन मंत्रालय और डीजीसीए के अधिकारी भी शामिल हुए। नायडू ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि इन नियमित समीक्षाओं को परिचालन संबंधी मामलों में निगरानी और समन्वय मजबूत करने के लिए संस्थागत रूप दिया गया है। उन्होंने कहा, ''हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि एयरलाइंस सुरक्षा प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन करें। इसके साथ ही हम बेहतर समन्वय की दिशा में भी काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मंत्रालय और डीजीसीए के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ हुई बैठक में सुरक्षा, बेड़े के प्रदर्शन और यात्री सुविधा से जुड़े विषयों पर व्यापक चर्चा की गई।

### अमेजन फैशन ने त्योहारी सीजन के लिए पेश किए टॉप ट्रेंड्स

**कोलकाता, समाज्ञा :** अमेजन फैशन ने ग्राहकों के लिए प्रीमियम और स्मार्ट फैशन विकल्पों की नई रेंज पेश की है। क्रॉसबॉडी बैग्स, स्टेटमेंट ज्वेलरी, लग्जरी घड़ियां और टेक-स्मार्ट लगेज इस सीजन के प्रमुख आकर्षण बन रहे हैं। कंपनी का कहना है कि भारतीय ग्राहक अब ऐसे चुनाव कर रहे हैं जो न सिर्फ स्टाइलिश हैं बल्कि रोजमर्रा की जरूरतों के अनुकूल भी हैं। अमेजन फैशन और ब्यूटी के निदेशक सिद्धार्थ भगत ने बताया कि स्व-ारोवस्की, गेस, न्यू बैलेंस और कैरेटलेन जैसे ब्रांड्स इस ट्रेंड का नेतृत्व कर रहे हैं। साथ ही, स्टाइल स्नैप और वियर इट विद जैसे डिजिटल टूल्स ग्राहकों को पर्सनलाइज्ड रिकमेंडेशन दे रहे हैं। कंपनी का दावा है कि ग्राहक ग्लोबल और घरेलू ब्रांड्स का क्यूरेटेड कलेक्शन तेज और भरोसेमंद डिलीवरी, आसान रिटर्न और अमेजन पे से बचत के साथ घर बैठे पा सकते हैं। प्राइम मेंबर्स को फ्री और तेज डिलीवरी की सुविधा भी मिलेगी।

## न्यूज अपडेट

### सोना रिकॉर्ड स्तर से फिसला, 200 रुपये टूटा, चांदी भी कमजोर

**नयी दिल्ली:** स्टॉकिस्ट की ताजा बिकवाली के कारण सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमतें अपने रिकॉर्ड स्तर से नीचे आ गईं और 200 रुपये की गिरावट के साथ 1,07,670 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गईं। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत भी 200 रुपये टूटकर 1,06,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई। शनिवार को, राष्ट्रीय राजधानी में 99.9 प्रतिशत और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 900-900 रुपये बढ़कर क्रमशः 1,07,870 रुपये प्रति 10 ग्राम और 1,07,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया था।

### ऑडी इंडिया ने जीएसटी का लाभ ग्राहकों को देने के लिए कीमतों में 7.8 लाख रुपये तक कटौती की

**नयी दिल्ली:** जर्मनी की लग्जरी कार विनिर्माता ऑडी ने सोमवार को भारत में अपने विभिन्न मॉडलों की कीमतों में 2.6 लाख रुपये से लेकर 7.8 लाख रुपये तक कटौती की घोषणा की। कंपनी ने एक बयान में कहा कि 'जीएसटी 2.0' लागू होने के बाद उसने अपने सभी मॉडलों की कीमतों में संशोधन किया है। इसके तहत ग्राहकों को मॉडल के आधार पर 2.6 लाख रुपये से लेकर 7.8 लाख रुपये तक का लाभ मिलेगा। नई कीमतों के तहत कंपनी की शुरुआती एसयूवी क्यू3 की कीमत 43.07 लाख रुपये से शुरू होगी, जो पहले 46.14 लाख रुपये थी। इसी तरह शीर्ष एसयूवी क्यू8 की शुरुआती कीमत 1.18 करोड़ रुपये से घटकर 1.1 करोड़ रुपये हो जाएगी।

### किआ, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर, टीवीएस ने कीमतों में कटौती की घोषणा की

**नयी दिल्ली:** वाहन विनिर्माता किआ इंडिया ने जीएसटी दरों में की गई कटौती का लाभ ग्राहकों को देने के इरादे से अपने वाहनों की कीमतों में 48.50 हजार से लेकर 4.48 लाख रुपये से अधिक की कटौती करने की सोमवार को घोषणा की। कंपनी ने एक बयान में कहा कि वह माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में की कटौती का पूरा लाभ ग्राहकों को देने जा रही है। संशोधित कीमतें 22 सितंबर से लागू हो जाएंगी। किआ इंडिया ने कहा कि उसने कैरेंस मॉडल की कीमत में 48,513 रुपये की कटौती की है जबकि कार्निवाल मॉडल की कीमत में 4,48,542 रुपये की कटौती की गई है। इसके साथ वाहन कंपनी जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर ने भी अपने वाहनों की कीमतों में 54,000 रुपये से लेकर 3.04 लाख रुपये तक की कटौती करने की घोषणा की। कंपनी ने नई कीमतें सात सितंबर से ही प्रभावी कर दी हैं। इस बीच, दोपहिया वाहन क्षेत्र की टीवीएस मोटर कंपनी ने भी अपने सभी पेट्रोल वाहनों पर जीएसटी दरों में कटौती का पूरा लाभ 22 सितंबर से ग्राहकों तक पहुंचाने की घोषणा की। हालांकि, कंपनी ने अलग-अलग मॉडल की कीमतों में की जाने वाली कटौती का ब्योरा साझा नहीं किया।

### भारत, यूरोपीय संघ के बीच एफटीए पर वार्ता का 13वां दौर शुरू

**नयी दिल्ली:** भारत और यूरोपीय संघ ने प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर सोमवार को अगले दौर की वार्ता शुरू की। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। एफटीए के इस साल के अंत तक पूरा करने की समयसीमा को देखते हुए 13वें दौर की वार्ता काफी अहम मानी जा रही है। बातचीत का 12वां दौर ब्रसेल्स में हुआ था। अधिकारी ने कहा कि इस दौर की वार्ता पूरी होने के बाद यूरोपीय संघ के व्यापार आयुक्त मैरोस सेफ्कोविच 12 सितंबर को भारत आएंगे और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ बातचीत में प्रगति की समीक्षा करेंगे। भारत और 27 देशों के समूह यूरोपीय संघ ने जून, 2022 में व्यापक एफटीए, निवेश संरक्षण समझौते और भौगोलिक संकेतक (जीआई) पर बातचीत आठ साल के अंतराल के बाद दोबारा शुरू की थी।

वर्ष 10, पूर्णांक 3352 अंक 162, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in